# भाग -1

# सामान्य जानकारी (General Awareness)

## 1. प्राचीन इतिहास (Ancient History)

### 1. पाषाण काल (Stone Age)

**1. पुरापाषाण काल (Palaeolithic Period) का विस्तार 2 मिलियन वर्ष पूर्व से लेकर 12000 वर्ष पूर्व तक है। समय की इस लंबी अवधि को आरंभिक, मध्य और उत्तर पुरापाषाण काल मे विभाजित किया गया है। समय की यह लंबी अवधि, मानव इतिहास का प्रतिशत भाग कवर (Cover) करती है।**

(a) 89 (b) 99
(c) 79 (d) 59

**SSC GD 27/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** पुरापाषाण काल (Palaeolithic Period) का विस्तार 2 मिलियन वर्ष पूर्व से लेकर 12000 वर्ष पूर्व तक है। समय की इस लंबी अवधि को आरंभिक, मध्य और उत्तर पुरापाषाण काल मे विभाजित किया गया है। समय की यह लंबी अवधि, मानव इतिहास का 99 प्रतिशत भाग कवर (Cover) करती है।

**2. निम्नलिखित में से कौन-सा एक नवपाषाण सांस्कृतिक स्थल नहीं है ?**

(a) कुन्तासी (b) बुर्जहोम
(c) कोल्दिहवा (d) मेहरगढ़

**SSC GD 13/02/2019 (Shift-II)**

**Ans (a) :** कुन्तासी एक नवपाषाणिक सांस्कृतिक स्थल नहीं है जबकि अन्य सभी स्थल नवपाषाणिक सांस्कृतिक स्थल है। कुंतासी गुजरात राज्य के मोरबी जिले में स्थित है जो लगभग 2 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है यहाँ से चित्रित मृदभांड की प्राप्ति हुई है।

**3. जमीन में खोदा गया गड्डा, जिसमें सीढ़ियों की ओर जाने वाली सीढ़ियाँ ______ पुरातात्विक स्थल पर पाई गई?**

(a) उत्नूर (b) बुर्जहोम
(c) हल्लूर (d) पैयमपल्ली

**SSC GD 03/12/2021 Shift-II**

**Ans. (b) :** भारत के उत्तरी क्षेत्र में नवपाषाणकालीन संस्कृति का उल्लेख मुख्य रूप से कश्मीर क्षेत्र के अंतर्गत आता है जिसमें बुर्जहोम एवं गुफकराल का विशेष महत्व है। बुर्जहोम की खोज 1935 ई. में डी. टेरा एवं पीटरसन द्वारा की गयी थी। बुर्जहोम से गड्ढ़े वाले घरों के अवशेष प्राप्त हुए जिसमें सीढ़ियों के भी साक्ष्य है। यहाँ से शवाधान के साक्ष्यों में मनुष्य के साथ कुत्ते को दफनाए जाने के साक्ष्य भी प्राप्त हुए है।

**4. प्रागैतिहासिक काल के पहले युग को क्या कहा जाता है ?**

(a) नवपाषाण युग (b) धातु युग
(c) ताम्र पाषाण युग (d) पुरापाषाण काल

**SSC GD 01/03/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** पुरापाषाण काल प्रागैतिहासिक युग का वह समय है जब मानव ने पत्थर के औजार बनाना सबसे पहले आरम्भ किया। यह काल आधुनिक काल से 25-20 लाख साल पूर्व से लेकर 12000 साल पूर्व तक माना जाता है। इस दौरान मानव इतिहास का 99% विकास हुआ। इस काल के बाद मध्य पाषाण युग का प्रारम्भ हुआ जब मानव ने खेती करना शुरू किया था। भारत में पुरापाषाण काल के अवशेष आंध्र प्रदेश के कुरनूल, मध्य प्रदेश के भीमबेटका और छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के सिंघनपुर में मिलते है। इस काल को जलवायु परिवर्तन तथा उस समय के पत्थर के हथियारों और औजारों के प्रकारों के आधार पर निम्न तीन भागों में विभाजित किया गया है।

1. निम्न पुरापाषाण काल
2. मध्य पुरापाषाण काल
3. उच्च पुरापाषण काल

### 2. सिन्धु घाटी सभ्यता (Indus Valley Civilization)

**5. प्राचीन हड़प्पा शहर किस नदी के वर्तमान में सूखे मार्ग के तट पर बसाया गया था?**

(a) कोसी (b) यमुना
(c) रावी (d) गंडक

**SSC GD 22/02/2024 (SHIFT-I)**

**Ans. (c) :** प्राचीन हडप्पा शहर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मोंटगोमरी जिले में रावी नदी के बायें तट पर स्थित है। इस सभ्यता को सिंधु घाटी सभ्यता भी कहा जाता है। हडप्पा सभ्यता की खोज 1921 ई. में दयाराम साहनी ने की थी।

**6. _______ शहर कच्छ के रण में खादिर बेत ( जिसे बेट भी कहा जाता है ) पर स्थित था, जहां ताजा पानी और उपजाऊ मिट्टी थी।**

(a) हड़प्पा (b) लोथल
(c) मोहनजोदड़ो (d) धोलावीरा

**SSC GD 22/02/2024 (SHIFT-III)**

**Ans. (d) :** धौलावीरा शहर कच्छ के रण में खादिर बेत (जिसे बेट भी कहा जाता है) पर स्थित था, जहाँ ताजा पानी और उपजाऊ मिट्टी थी। इसकी खोज 1990-91 में आर.एस.विष्ट ने की थी। यह भारत में सिंधु घाटी सभ्यता का पहला स्थल है जिसे युनेस्को ने 2021 ने विश्व विरासत स्थल की सूची में शामिल किया।

7. **भारतीय उपमहाद्वीप में ज्ञात, लेखन की सबसे प्रारंभिक शैली का क्या नाम है ?**
(a) ब्राह्मी लिपि (b) संस्कृत लिपि
(c) पाली लिपि (d) सिंधु लिपि
**SSC GD 20/02/2024 (SHIFT-I)**

**Ans. (d) :** भारतीय उपमहाद्वीप में ज्ञात, लेखन की सबसे प्रारंभिक शैली का नाम सिंधु लिपि है। सिन्धु घाटी की सभ्यता से संबंधित छोटे-छोटे संकेतों के समूह को सिंधु लिपि कहते हैं। इसे सिंधु-सरस्वती लिपि और हड़प्पा लिपि भी कहते हैं।

8. **निम्नलिखित में से किस हड़प्पाकालीन नगर के भाग को नगर दुर्ग/गढ़ी के नाम से जाना जाता था ?**
(a) उत्तर (b) पूर्व
(c) पश्चिम (d) दक्षिण
**SSC GD 27/01/2023 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** हड़प्पा नगरों के पूर्वी भाग को निचला नगर कहा जाता है। यह आवासीय क्षेत्र था जहाँ आम लोग रहते थे। सड़कें और गालियां समकोण पर एक-दूसरे को जोड़ती थी। सड़कों के किनारे ढ़की हुई नालियां होती थी। सड़कें और गलियों के दोनों ओर घर बनाए गए थे।

9. **निम्नलिखित में से हड़प्पा सभ्यता की कौन सी धातु वर्तमान राजस्थान और ओमान से प्राप्त हुई है ?**
(a) चाँदी (b) तांबा
(c) सोना (d) टिन
**SSC GD 30/01/2023 (Shift-II)**
**SSC GD 24/02/2024 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** हड़प्पावासी शिल्प-उत्पादन हेतु माल प्राप्त करने के लिए कई तरीके अपनाते थे। हड़प्पावासी नागेश्वर और बालाकोट से शंख, अफगानिस्तान के शोर्तुघई से लाजवर्द मणि, भड़ौच से कार्नीलियन, राजस्थान के खेतड़ी अंचल से ताँबा तथा दक्षिण भारत से सोना प्राप्त करते थे। अतः वर्तमान राजस्थान और ओमान से प्राप्त होने वाली धातु तांबा थी।

10. **निम्नलिखित में से कौन 1861 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के महानिदेशक बने और उन्हें प्रायः 'भारतीय पुरातत्व के जनक' के रूप में जाना जाता है?**
(a) अलेक्ज़ैंडर कनिंघम (b) डोमिनिक एस्किथ
(c) जेम्स प्रिंसेप (d) एओ ह्यूम
**SSC GD 10/12/2021 Shift-III**

**Ans. (a) :** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) सांस्कृतिक मंत्रालय के तहत देश की सांस्कृतिक विरासत के पुरातात्विक अनुसंधान और संरक्षण के लिये प्रमुख संगठन है। इसके कार्यों में पुरातात्विक अवशेषों का सर्वेक्षण, पुरातात्विक स्थलों की खोज एवम् उत्खनन, संरक्षित स्मारकों का संरक्षण और रखरखाव करना आदि शामिल है। इसकी स्थापना वर्ष 1861 में ASI के पहले महानिदेशक ''अलेक्जेंडर कनिंघम'' ने की थी। अलेक्जेंडर कनिंघम को ''भारतीय पुरातत्व के जनक'' के रूप में भी जाना जाता है।

11. **हड़प्पा लिपि के दस बड़े आकार के चिह्नों वाला एक शिलालेख निम्न में से किस स्थान पर पाया गया था?**
(a) बनवाली (b) कालीबंगा
(c) धोलावीरा (d) कोट दीजी
**SSC GD 18/11/2021 Shift-III**

**Ans. (c) :** धौलावीरा गुजरात राज्य के कच्छ जिले में स्थित हड़प्पा सभ्यता का एक पुरातात्विक स्थल है जो ईसा पूर्व तीसरी से दूसरी सहस्त्राब्दी तक का है। इसकी खोज वर्ष 1968 में जगपति - जोशी द्वारा की गई थी। धौलावीरा से ही सैंधव लिपि के 10 बड़े अक्षरों वाला शिलालेख प्राप्त हुआ है। इस लेख के वर्ण किसी भी हड़प्पाई नगर से अब तक प्राप्त लिखावट के सबसे बड़े नमूने है। यह लिखावट एक मीटर की लकड़ी पर खुदाई करके उसमें सफेद चूना भरकर तैयार की गई थी। जिसमें अक्षरों का आकार 37 सेमी × 27 सेमी है। यह भारत में स्थित सिन्धु सभ्यता का दूसरा सबसे बड़ा नगर है। वर्ष 2021 में यूनेस्को ने धौलावीरा को भारत के 40 वें विश्व धरोहर स्थल के रूप में घोषित किया था।

12. **सिंधु घाटी सभ्यता के निम्नलिखित में से किस स्थल पर 'महास्नानागार' की खोज की गई थी?**
(a) बनवाली (b) मोहनजोदड़ो
(c) लोथल (d) कालीबंगा
**SSC GD 13/12/2021 Shift-II**

**Ans. (b) :** सिंधु घाटी सभ्यता के मोहनजोदड़ो नामक स्थल जिसे 'मृतकों का टीला' भी कहा जाता है, पाकिस्तान के सिंध प्रांत के लरकाना जिले में सिंधु नदी के दायें किनारे पर स्थित है। यहाँ से प्राप्त विशाल स्नानागार' जो उत्तर से दक्षिण 11.89 मी. लम्बा, 7.01 मी. चौड़ा तथा 2.44 मी. गहरा है। इस विशाल स्नानागार का उपयोग सार्वजनिक रूप से 'धार्मिक अनुष्ठान' के लिये किया जाता था।

13. **मोहनजोदड़ों में मिले 'महास्नानागार' को ——— की परत चढ़ाकर जलरोधी बनाया गया था।**
(a) बिटुमेन (b) अस्फाल्ट
(c) प्राकृतिक चारकोल (d) मधुमोम
**SSC GD 02/12/2021 Shift-II**

**Ans. (c) :** मोहनजोदड़ों वर्तमान पाकिस्तान के सिन्ध प्रान्त में आता है। मोहनजोदड़ों से प्राप्त स्थापत्य कला का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण दुर्ग में अवस्थित वृहद स्नानागार है। उत्तर से दक्षिण की ओर इसकी लम्बाई 39 फीट (11.55 मीटर) तथा पूर्व से पश्चिम की ओर इसकी चौडाई 23 फीट (7 मीटर) है। इसकी गहराई 8 फीट (2.43 मीटर) है। नीचे तक पहुँचने के लिए इसमें पकी हुई पतली ईंटो से निर्मित सीढ़ियाँ बनाई गई हैं। इसमें जल भरने तथा निकालने के लिए नालियों की व्यवस्था थी। इसको प्राकृतिक चारकोल की परत चढ़ाकर जलरोधी बनाया गया था।

14. **निम्नलिखित में से किस स्थान पर हड़प्पा संस्कृति की अग्नि वेदियाँ पाई गई थीं ?**
(a) पदरी (b) लोथल
(c) भगतराव (d) मांडा
**SSC GD 14/12/2021 Shift-II**

**Ans. (b) :** हड़प्पा कालीन स्थल लोथल, कालीबंगा एवं बनवाली से अग्निवेदिकाएँ प्राप्त हुई है। इन अग्नि वेदिकाओं का प्रयोग सम्भवतः यज्ञ - वेदिकाओं के रूप में होता होगा। लोथल गुजरात के अहमदाबाद जिले में भोगवा नदी के तट पर स्थित है। यहाँ से गोदीवाड़ा के साक्ष्य मिले है। लोथल को 'लघु हड़प्पा' या 'लघु मोहनजोदड़ो' भी कहा जाता है। लोथल की खोज एस.आर.राव द्वारा 1954 ई. में की गयी थी।

**15. हड़प्पाकालीन स्थल रंगपुर भारत के किस वर्तमान राज्य में स्थित है?**

(a) राजस्थान (b) गुजरात
(c) हिमाचल प्रदेश (d) हरियाणा

**SSC GD 10/12/2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** रंगपुर, गुजरात के काठियावाड़ प्रायद्वीप में भादर नदी के समीप स्थित है। इस स्थल की खुदाई वर्ष 1953-54 में ए. रंगनाथ राव द्वारा की गई थी। यहाँ पर पूर्व हड़प्पा कालीन संस्कृति के अवशेष मिले है। रंगपुर से मिले कच्ची ईटों के दुर्ग, नालियाँ, मृदभाण्ड, बांट, पत्थर के फलक आदि महत्त्वपूर्ण है। यहाँ धान की भूसी के ढेर मिले है।

**16. सिंधु घाटी सभ्यता के घरों में कमरे आम तौर पर एक_____के आप-पास बने होते थे।**

(a) कुएँ (b) अंगीठी
(c) आंगन (d) पानी की टंकी

**SSC GD 08/12/2021 Shift-II**

**Ans. (c)** सिंधु घाटी सभ्यता को हड़प्पा सभ्यता के नाम से भी जाना जाता है, क्योकि इसके प्रथम अवशेष हड़प्पा नामक स्थल से प्राप्त हुये थे तथा इसके आरम्भिक स्थलों में से अधिकांश सिंधु नदी के किनारे अवस्थित थे। यह भारतीय उपमहाद्वीप में 'प्रथम नगरीय क्रान्ति की अवस्था' को दर्शाती है। सिन्धु घाटी सभ्यता के घर आमतौर पर एक या दो मंजिले होते थे। घर के आंगन के चारों ओर कमरे बनाये जाते थे। अधिकांश घरों में एक अलग स्नानघर होता था, और कुछ घरों में कुए भी होते थे।

**17. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा, सिंधु घाटी सभ्यता का नगरपत्तन ( बंदरगाह शहर ) नहीं था ?**

(a) बालाकोट (b) राखीगढ़ी
(c) लोथल (d) खिरसारा

**SSC GD 06/12/2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** सिंधु घाटी सभ्यता के प्रमुख बंदरगाह – लोथल, रंगपुर, सुरकोटदा, बालाकोट तथा खिरसारा। लोथल एक प्रमुख बंदरगाह था जो पश्चिमी एशिया से व्यापार का प्रमुख स्थल था।

**18. लोथल स्थल पर हड़प्पा सभ्यता के अवशेषों की खोज निम्न में से किसने की थी?**

(a) डी.आर. साहनी (b) आर.एस. बिष्ट
(c) एस.आर. राव (d) आर.डी.बनर्जी

**SSC GD 03/12/2021 Shift-I**

**Ans. (c) :** लोथल, हड़प्पा कालीन सभ्यता का एक प्रमुख बन्दरगाह शहर था जिसकी खोज वर्ष 1953-54 में एस. आर. राव ने की थी। यह नगर गुजरात के खम्भात की खाड़ी के निकट भोगवा नदी के किनारे पर स्थित है तथा यहाँ से मानव निर्मित बंदरगाह, गोदीवाड़ा, चावल की भूसी, अग्नि वेदिकाएं आदि की प्राप्ति हुई है। इसे 'लघु हड़प्पा' की संज्ञा भी प्रदान की गई है।

**19. धौलावीरा और लोथल की प्राचीन हड़प्पा बस्तियाँ वर्तमान भारतीय राज्य ______ में स्थित है।**

(a) गुजरात (b) राजस्थान
(c) मध्य प्रदेश (d) हरियाणा

**SSC GD 22/02/2019 (Shift-I)**
**SSC GD 03/12/2021 Shift-I**

**Ans. (a) :** धौलावीरा गुजरात के कच्छ के रण में स्थित है जिसकी खोज वर्ष 1985 में आर. एस. विष्ट ने की जबकि लोथल जो एक बंदरगाह स्थल था गुजरात मे खम्भात की खाड़ी के निकट भोगावो नदी के किनारे स्थित है तथा इसकी खोज रंगनाथ राव ने वर्ष 1953 में की थी। ध्यातव्य है कि यह दोनों प्राचीन हड़प्पाकालीन बस्तियाँ हैं जिसका कालानुक्रम लगभग 2500 ई. पू के आस-पास माना जाता है।

**20. हड़प्पा सभ्यता के अन्य शहरों के विपरीत, धोलावीरा शहर को ——— भागों में विभाजित किया गया था, प्रत्येक भाग विशाल पत्थर की दीवारों से घिरा हुआ था।**

(a) पाँच (b) दो
(c) तीन (d) चार

**SSC GD 01/12/2021 Shift-III**

**Ans. (c) :** धौलावीरा कच्छ के रण, गुजरात में स्थित हड़प्पा कालीन पुरातत्विक स्थल है। इसकी खोज वर्ष 1968 में पुरातत्व विद जगपति जोशी द्वारा किया गया था। धौलावीरा शहर हड़प्पा सभ्यता के अन्य शहरों के विपरीत एक मात्र ऐसा स्थल था जहाँ शहर को तीन भागों दुर्गभाग, मध्यम नगर तथा निचले भाग में विभाजित किया गया था तथा प्रत्येक भाग विशाल पत्थर की दीवारों से घिरा था। हाल ही में यूनेस्को ने गुजरात के धौलावीरा शहर को भारत के 40 वें विश्व धरोहर स्थल के रूप में घोषित किया है। यह प्रतिष्ठित सूची में शामिल होने वाली भारत में सिन्धु घाटी सभ्यता की पहली साइट है।

**21. हड़प्पा स्थलों पर निम्नलिखित में से मिलीं वस्तुओं को, इंजीनियर आज के पाकिस्तान के पंजाब में पहली रेलवे लाइनों का निर्माण करने के लिए ले गए थे?**

(a) ईटें (b) दरवाज़े
(c) कांसे के धरण (d) लोहे की पटरियाँ

**SSC GD 01/12/2021 Shift-I**

**Ans. (a) :** हड़प्पा स्थल से प्राप्त ईटों का इस्तेमाल पाकिस्तान के इंजीनियरों द्वारा पाकिस्तान के पंजाब में पहली रेलवे लाइनों का निर्माण करने के लिए ले गए थे।

**22. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर हड़प्पा सभ्यता का शहर नहीं था?**

(a) लोथल (b) धौलावीरा (c) मेहरगढ़ (d) सोतकाकोह

**SSC GD 13/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** सिन्धु घाटी सभ्यता के अवशेषों की खोज सर्वप्रथम 1921 ई. दयाराम साहनी द्वारा में हड़प्पा में की गई। हड़प्पा वर्तमान में रावी नदी के बाये तट पर पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त के मोंटगोमरी जिले में स्थित है। इसके प्रमुख स्थान मोहनजोदड़ों, लोथल, चन्हूदड़ों कालीबंगन, राखीगढ़ी, बनावली आदि। जबकि मेहरगढ़ हड़प्पा सभ्यता से सम्बन्धित नहीं है।

**23. सिंधु घाटी सभ्यता की 'डांसिंग गर्ल' की मूर्ति ——— में ढाली गई थी।**

(a) पीतल (b) कांस्य
(c) तांबा (d) लोहा

**SSC GD 19/02/2019 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** सिंधु घाटी सभ्यता के स्थल मोहनजोदड़ों से नर्तकी की एक कांस्य मूर्ति मिली है ऐसा माना जाता है कि यह 2500 ई.पू. के आस-पास बनायी गयी होगी।

**24. सिंधु घाटी चार बड़ी प्राचीन शहरी सभ्यताओं का गृह थी। निम्नलिखित में से कौन सा उनमें से एक नहीं है?**

(a) दक्षिण एशिया (b) रूस
(c) मेसोपोटामिया (d) मिस्र

**SSC GD 02/03/2019 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** सिंधु घाटी सभ्यता विश्व की प्राचीन नदी घाटी सभ्यताओं में से एक है, जो मुख्य रूप से दक्षिणी एशिया के उत्तरी पश्चिमी क्षेत्रों में विस्तृत है। सिंधु घाटी मिस्र, मेसोपोटामिया, भारत और चीन की चार प्राचीन शहरी सभ्यताओं का घर थी। 1921 ई. में दयाराम साहनी ने हड़प्पा का उत्खनन कराया।

**25. सिन्धु घाटी सभ्यता के दो प्राचीन नगर हड़प्पा और ——— खुदाई करने पर सामने आए।**

(a) हस्तिनापुर (b) सूरत
(c) मोहन-जोदड़ो (d) वाराणसी

**SSC GD 11/03/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** 1920 में भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा किये गए सिंधु घाटी के उत्खनन से प्राप्त अवशेषों में हड़प्पा तथा मोहन जोदड़ों जैसे दो प्राचीन नगरों की खोज हुई।

1. **हड़प्पा-** 1921 ई. में दयाराम साहनी के नेतृत्व में हड़प्पा नगर की खोज की। महत्वपूर्ण खोज- मनुष्य के शरीर की बलुआ पत्थर की बनी मूतियाँ, अन्नागार, बैलगाड़ी।
2. **मोहनजोदड़ो**-इसकी खोज 1922 ई. में राखालदास बनर्जी ने किया था। यह सिंध प्रान्त (पाकिस्तान में) के लरकाना जिले में सिंधु नदी तट पर स्थित है। महत्वपूर्ण खोज-विशाल स्नानागर, अन्नागार, कांस्य की नर्तकी की मूर्ति, पशुपति महादेव की मुहर।

## 3. वैदिक सभ्यता/महाजनपद
## (Vedic Civilization /Mahajanapad)

**26. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राचीन ग्रंथ, जिसका श्रेय ऋषि व्यास को जाता है, प्राचीन भारत का एक प्रमुख महाकाव्य है और इसमें 18 पदों (पुस्तकों) में 100,000 छंद हैं?**

(a) ऋग्वेद (b) रामायण
(c) अर्थशास्त्र (d) महाभारत

**SSC GD 29/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** महाभारत लौकिक संस्कृत साहित्य की ऐतिहासित रचना है जिसके रचयिता महर्षि वेद व्यास हैं इसमें 18 पर्व और 100,000 छंद है। महाभारत को 'जयसंहिता' नाम से भी जाना जात है। श्रीमदभगवद्गीता महाभारत के भीष्म पर्व का अंश है।

**27. निम्नलिखित में से किसने वज्जि पर प्रस्तावित हमले के बारे में सलाह लेने के लिए बुद्ध से मुलाकात की?**

(a) राधागुप्त (b) वस्सकार
(c) अशोक (d) यश

**SSC GD 12/01/2023 (Shift-II)**
**SSC GD 07/02/2023 (Shift-IV)**
**SSC GD 23/02/2024 (SHIFT-I)**

**Ans. (b) :** वस्सकार ने वाज्जि पर प्रस्तावित हमले के बारे में सलाह लेने के लिए बुद्ध से मुलाकात की थी।

**28. निम्नलिखित में से कौन सा वेद सबसे पुराना है?**

(a) अथर्व (b) साम
(c) ऋग (d) यजुर

**SSC GD 25/01/2023 (Shift-II)**
**SSC GD 17/01/2023 (Shift-III)**
**SSC GD 23/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** वेदों कि संख्या चार है जो क्रमशः ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद है। इनमें से ऋग्वेद सबसे प्राचीन है तथा इसकी रचना लगभग 3500 वर्ष पूर्व हुई थी। इसमें 1028 सूक्त है और यह 10 मण्डलों में विभक्त है। ऋग्वेद शब्द का शाब्दिक अर्थ है स्तुति ज्ञान। इसमें 10580 श्लोक है।

**29. निम्नलिखित में से कौन वज्जि महाजनपद की राजधानी थी?**

(a) गया (b) वैशाली
(c) पाटलिपुत्र (d) अंग

**SSC GD 27/01/2023 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** वज्जी महाजनपद वर्तमान बिहार में स्थित है। यह एक गणतांत्रिक महाजनपद था। इसका प्रशासन/शासन गण या संघों (सभाओं) द्वारा चलाया जाता था। वज्जी में रहने वाले कुलों में लिच्छवी, वेदेहन, ज्ञात्रिक और वज्जी थे। वज्जी महाजनपद की राजधानी वैशाली, विदेह या मिथिला थी। यह क्षेत्र बिहार के वर्तमान में मुजफ्फरपुर एवं दरभंगा के आस पास में पड़ता है।

**30. ________ वेद, चारों वेदों में सबसे छोटा है, यह हिन्दू परंपरा में एक दिव्य स्थिति रखता है और धुनों और मंत्रों का संग्रह है।**

(a) ऋग (b) साम
(c) अथर्व (d) यजुर

**SSC GD 24/01/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (b) :** वेदों में सामवेद का स्थान तृतीय क्रम पर आता है। यह सबसे छोटा वेद है। यह हिंदू परंपरा में एक दिव्य स्थान रखता है तथा इसमें धुनों और मंत्रों का संग्रह है। 'साम' का अर्थ है 'गान'। सामवेद में यज्ञ, अनुष्ठान और हवन में गाए जाने वाले मंत्र हैं। सामवेद कि तीन शाखाए हैं - कौथुमीय, जैमिनीय तथा राणायनीय।

**31. निम्नलिखित में से किस नदी का नाम ऋग्वेद में केवल एक बार आया है?**

(a) गंगा (b) सिंधु
(c) झेलम (d) सरस्वती

**SSC GD 31/01/2023 (Shift-III)**

**Ans.(a):** ऋग्वेद, वेदों में सबसे प्राचीन वेद है। इसमें 1028 वैदिक सुक्त तथा 10580 ऋचा है। ऋग्वेद के नदिस्तुति सूक्त में एक श्लोक में 10 नदियों गंगा, यमुना, सरस्वती, शुतुद्री, परुष्णी, अस्किनी, मरुद्वधा, वितस्ता, अर्जीकी, सुषोमा का उल्लेख है। ऋग्वेद में यमुना का उल्लेख तीन बार और गंगा का उल्लेख एक बार हुआ है।

**32. प्राचीन भारत में लोग इस बात पर विश्वास करते थे कि वह ब्राह्मणों के सहयोग से ................ अनुष्ठान किया जाता है, तो बलिदानी व्यक्ति का अगले जन्म में एक क्षत्रिय के रूप में पुनर्जन्म होता है, चाहे वह जन्म से क्षत्रिय न हो।**

(a) हिरण्य-गर्भ (b) समवज-तन
(c) मेधाजनन (d) उपनयन

**SSC GD 22/11/2021 Shift-III**

**Ans. (a) :** प्राचीन भारत के लोग इस बात पर विश्वास करते थे कि वह ब्राह्मणों के सहयोग से हिरण्य-गर्भ अनुष्ठान करते है, तो बलिदानी व्यक्ति का अगले जन्म में एक क्षत्रिय के रूप में पुनर्जन्म होता है, चाहे जन्म से वह क्षत्रिय ना हो। आठवीं शताब्दी के मध्य में राष्ट्रकूट प्रमुख दंतिदुर्ग ने अपने चालुक्य अधिपति को पराजित कर हिरण्य -गर्भ अनुष्ठान किया था।

**33. निम्नलिखित में से कौन सा, 16 महाजनपदों में से एक नहीं था ?**

(a) कुरु (b) कामरूप
(c) कोशन (d) अंग

**SSC GD 14/12/2021 Shift-III**

**Ans. (b) :** महाजनपद काल के दौरान 16 महाजनपदों में से 8 आधुनिक उत्तर प्रदेश में मौजूद थे।
वह थे–
1. मल्ल (देवरिया, बस्ती, गोरखपुर और सिद्धार्थनगर के जिले) राजधानी कुशीनगर और पावा थी।
2. काशी (वाराणसी जिले) राजधानी वाराणसी थी।
3. कोशला (फैजाबाद, गोंडा, बहराइच के जिले) राजधानी उत्तर कोसल/दक्षिण कोसल/अयोध्या थी
4. वत्स (इलाहाबाद और मिर्जापुर के जिले) राजधानी कौशाम्बी थी
5. चेदि (बुंदेलखंड क्षेत्र) राजधानी शक्तिमती थी
6. पांचाल (रुहेलखंड, पश्चिमी यूपी) राजधानी अहिछत्र और कांपिल्य थी।
7. शूरसेन (ब्रजमंडल) राजधानी मथुरा थी
8. कुरू-मेरठ, दक्षिण-पूर्वी हरियाणा, राजधानी-इंद्रप्रस्थ थी।

**34. वेद ऋषि कपिल का संबंध भारतीय दर्शन के _____ संप्रदाय से था।**

(a) न्याय (b) वैशेषिक
(c) सांख्य (d) मीमांसा

**SSC GD 09/12/2021 Shift-II**

**Ans. (c) :** भारत में पहली शताब्दी से पूर्व 6 आस्तिक एवं 3 नास्तिक दार्शनिक मतों का प्रतिपादन हो चुका था। आस्तिक मत को षड्दर्शन सिद्धांत कहते है जिसमें सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांशा और वेदांत शामिल है।
सांख्य दर्शन के प्रवर्तक कपिल मुनि थे। इस दर्शन को भारत का प्राचीनतम दर्शन माना जाता है। इस दर्शन में प्रकृति को प्रथम तत्व माना गया है।

| दर्शन | - | प्रवर्तक |
|---|---|---|
| योग | - | महर्षि पतंजलि |
| न्याय | - | महर्षि गौतम |
| वैशेषिक | - | महर्षि कणाद |
| मीमांसा | - | आचार्य जैमिनी |
| वेदांत | - | महर्षि बादरायण |

**35. वैदिक कालीन 'चतुराश्रम' व्यवस्था के अनुसार, पारिवारिक अवधि के लिए निम्न में से किस पद का प्रावधान किया गया है?**

(a) संन्यास (b) ब्रह्मचर्य
(c) वानप्रस्थ (d) गृहस्थ

**SSC GD 29/11/2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** मनुस्मृति के अनुसार मानव जीवन को चार आश्रमों में बाँटा गया है। ये चार आश्रम है - ब्रह्मचर्य आश्रम, गृहस्थ आश्रम, वानप्रस्थ आश्रम एवं संन्यास आश्रम ।
गृहस्थ आश्रम - इस समय मनुष्य को अपने सामाजिक और पारिवारिक जीवन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। यह चरण 25 वर्ष से शुरू होता है और 50 वर्ष तक रहता है। गृहस्थ व्यक्ति के जीवन का एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव है, जहाँ मनुष्य को अपने पारिवारिक और सामाजिक कर्त्तव्यों दोनों को सन्तुलित करना होता है।

**36. ऋग्वेद, कितनी पुस्तकों ( मंडलों ) में विभाजित है?**

(a) 5 (b) 10
(c) 16 (d) 13

**SSC GD 22/02/2019 (Shift-II)**
**SSC GD 13/12/2021 Shift-III**

**Ans. (b) :** ऋग्वेद - यह प्राचीनतम वैदिक ग्रंथ है, इसकी रचना सप्त सैंधव प्रदेश में हुई थी। इसमें 10 मण्डल (पुस्तकों), 1028 सूक्त और लगभग 10,580 मंत्र है। 10 वें मण्डल में पुरुषसूक्त का उल्लेख है, जिसमें चार वर्णों (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र) का उल्लेख है।

**37. निम्नलिखित मे से कौन सा उपवेद ऋग्वेद से संबंधित है?**

(a) शिल्पवेद (b) गंधर्ववेद
(c) आयुर्वेद (d) धनुर्वेद

**SSC GD 07/12/2021 Shift-III**

**Ans. (c) :** उपवेद वेदों से सम्बन्धित माने जाते हैं ये चार हैं।– आयुर्वेद, गन्धर्व वेद, धनुर्वेद और शिल्पवेद। आयुर्वेद ऋग्वेद का उपवेद है इसमें चिकित्सा सम्बन्धी ज्ञान का वर्णन है। गंधर्ववेद सामवेद का उपवेद है यह संगीतकला से सम्बन्धित है। धनुर्वेद यजुर्वेद का उपवेद है यह युद्धकला से संबंधित है। शिल्पवेद अथर्ववेद का उपवेद है इससे शिल्पकला सम्बन्धी कला का ज्ञान होता है।

**38. वैदिक काल के महत्वपूर्ण देवताओं के सही समूह का चयन करें।**

(a) अग्नि, इंद्र, सोम (b) शेषनाग, चंद्र, यम
(c) ब्रह्मा, प्रजापति, गरुड़ (d) वरुण, विष्णु, शिव

**SSC GD 14/02/2019 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** भारतीय ग्रंथ वेदों में वर्णित देवताओं को वैदिक देवता कहते हैं। जिन देवताओं का मुख्य रूप से वेदों में वर्णन हुआ है वे हैं- अग्नि, इंद्र, सोम, पृथ्वी आदि।

**39. भारतीय दर्शन की छह विचारधाराओं में से निम्नलिखित में से कौन सा एक है?**

(a) ताओ धर्म (b) सुखवाद
(c) वेदान्त (d) मूर्तिपूजा

**SSC GD 07/03/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** भारतीय दर्शन सामान्यतया आस्तिक और नास्तिक वर्गों में विभाजित है। आस्तिक दर्शन मूलतः छः है- न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग, मीमांसा और वेदान्त। वेदान्त का शाब्दिक अर्थ होता है 'वेदों का अन्तिम भाग'। आरम्भ में उपनिषदों के लिए 'वेदान्त' शब्द का प्रयोग हुआ। उपनिषद् वैदिक साहित्य का अन्तिम भाग है इसलिए इसको 'वेदान्त' कहते है।

## 4. मगध का उत्कर्ष (Emergence of Magadh)

**40. राजगृह कई वर्षों तक मगध की राजधानी रहा। बाद में राजधानी को ________ में स्थानांतरित कर दिया गया।**

(a) उज्जैन (b) पाटलिपुत्र
(c) काँचीपुरम (d) तक्षशिला

**SSC GD 06/02/2023 (Shift-I)**
**SSC GD 16/01/2023 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** राजगृह कई वर्षों तक मगध की राजधानी रहा। बाद में राजधानी पाटलिपुत्र में स्थानांतरित कर दिया गया। उदयिन ने 5वीं शताब्दी में पाटलिपुत्र शहर की स्थापना की। पाटलिपुत्र को वर्तमान में पटना के नाम से जाना जाता है जो बिहार की राजधानी है।

**41. प्राचीन काल में ______ नदी के दक्षिण के क्षेत्र को मगध के नाम से जाना जाता था।**

(a) यमुना (b) नर्मदा
(c) गंगा (d) ताप्ती

**SSC GD 25/01/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** प्राचीन काल में गंगा नदी के दक्षिण के क्षेत्र को मगध के नाम से जाना जाता था। साधारण शब्दों में गंगा के दक्षिण में गंगा तथा इसकी सहायक नदी सोन के आस-पास का क्षेत्र प्राचीन काल में मगध (वर्तमान बिहार) नाम से जाना जाता था। इसके शासक बहुत शक्तिशाली थे तथा उन्होंने एक विशाल राज्य स्थापित किया।

**42. हर्यक वंश के उस शासक का नाम बताइए जो अजातशत्रु का पुत्र था और जिसने पाटलिपुत्र नगर की नींव रखी।**

(a) महानंदिन (b) प्रद्योत
(c) उदायिन (d) नंदीवर्धन

**SSC GD 03/03/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** मगध उत्तर भारत का सर्वाधिक शक्तिशाली महाजनपद था जिसकी प्राचीन राजधानी राजगृह या गिरिव्रज थी। 544 ई. से 412 ई.पू. के मध्य मगध साम्राज्य पर हर्यक वंश ने शासन किया। इस वंश का संस्थापक बिम्बिसार था। बिम्बिसार के पुत्र अजातशत्रु ने उसकी हत्या कर दी एवं 493 ई.पू. में मगध की सत्ता संभाली। 32 वर्ष तक शासन के पश्चात अजातशत्रु के पुत्र उदायिन ने उसकी हत्या कर दी एवं 461 ई.पू. में शासन की बागडोर अपने हाथों में ले ली। उदायिन ने गंगा तथा सोन नदियों के संगम तट पर अपने राज्य की राजधानी पाटलिपुत्र की स्थापना की। इसने जैन धर्म को संरक्षण प्रदान किया। हर्यंक वंश का अंतिम शासक उदायिन का पुत्र नागदशक था।

## 5. जैन एवं बौद्ध धर्म/भागवत एवं शैव धर्म (Jainism/Buddhism/ Bhagvatism/Shaivism)

**43. वर्धमान महावीर जैन धर्म के अंतिम और _______ तीर्थंकर थे।**

(a) 21 वें (b) 22 वें
(c) 23 वें (d) 24 वें

**SSC GD 28/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (d) :** वर्धमान महावीर जैन धर्म के अंतिम और 24वें तीर्थंकर थे। भगवान महावीर का जन्म 540 ईसा पूर्व में वज्जि साम्राज्य में कुंडग्राम के राजा सिद्धार्थ और लिच्छवी राजकुमारी त्रिशला के यहाँ हुआ था। भगवान महावीर इच्छवाकु वंश से सम्बन्धित थे।

**44. गौतम बुद्ध ने बोध के लिए अपना रास्ता खोजने का फैसला किया, और बिहार के बोधगया में ______ के पेड़ के नीचे कई दिनों तक ध्यान किया।**

(a) पीपल (b) साल
(c) टीका (d) नीम

**SSC GD 28/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** गौतम बुद्ध ने बोध के लिए अपना रास्ता खोजने का फैसला किया और बिहार के बोध गया में पीपल के पेड़ के नीचे कई दिनों तक ध्यान किया। गौतम बुद्ध ने बिहार के बोधगया में एक पीपल के पेड के नीचे बोधि (ज्ञानोदय) प्राप्त किया था। बुद्ध ने अपना पहला उपदेश उत्तर प्रदेश में वाराणसी के पास सारनाथ में दिया था। इस घटना को 'धर्म चक्र प्रवर्तन' के रूप में जाना जाता है।

**45. ________ कि उम्र में महावीर ने आत्मज्ञान की तलाश में घर छोड़ दिया और जंगल में रहने चले गये।**

(a) 32 (b) 30
(c) 28 (d) 29

**SSC GD 23/01/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (b) :** भगवान महावीर ने 30 वर्ष की आयु में घर छोड़ दिया और ज्ञान की तलाश में एक जंगल में रहने चले गए।

महावीर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे। वे 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ के अध्यात्मिक उत्तराधिकारी थे। 30 वर्ष की आयु में इन्होंने अपना घर त्याग दिया और एक तपस्वी बन गए। उन्होंने 12 वर्षों तक तपस्या की और 42 वर्ष की आयु में कैवल्य (अर्थात् दुख और सुख पर विजय प्राप्त की) नामक सर्वोच्च आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त किया।

**46. महावीर जयंती ............. के महीने में मनाई जाती है।**

(a) अगस्त-सितम्बर (b) मई-जून
(c) मार्च-अप्रैल (d) नवम्बर-दिसम्बर

**SSC GD 13/02/2023 (Shift-I)**
**SSC GD 28/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** महावीर स्वामी जैन धर्म के 24वें व अंतिम तीर्थंकर थे जिन्होंने अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य के आधार पर पंचशील सिद्धांत प्रस्तुत किया। इनके जन्म को महावीर जयन्ती के रूप में चैत्रमास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि (मार्च-अप्रैल) को मनाया जाता है।

47. **बुद्ध शाक्य गण नामक एक छोटे गण से संबंधित थे, और एक _____ थे।**

(a) ब्रह्म (b) वैश्य
(c) क्षत्रिय (d) शूद्र

**SSC GD 02/02/2023 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** गौतम बुद्ध का जन्म भारत नेपाल सीमा के पास स्थित लुंबिनी (कपिलवस्तु) में हुआ था। ये क्षत्रिय परिवार के शाक्य गण से संबंधित थे। इनका बचपन का नाम सिद्धार्थ था। 29 वर्ष की आयु में, इन्होंने घर का त्याग कर दिया था।

48. **महामस्तकाभिषेक एक जैन त्यौहार है जो, प्रत्येक ______ वर्षों में एक बार मनाया जाता है।**

(a) 6 (b) 8
(c) 12 (d) 10

**SSC GD 07/02/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** महामस्तकाभिषेक एक जैन त्योहार है जो प्रत्येक 12 वर्षों में एक बार मनाया जाता है। सबसे प्रचलित महामस्तकाभिषेक गोमतेश्वर बाहुबली का होता है। जो दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य के श्रवणबेलगोला शहर में आयोजित किया जाता है। यहाँ पर भगवान बाहुबली की 18 मीटर ऊँची एकाश्म मूर्ति स्थापित है।

49. **जैन धर्म के नियमों का पालन करना निम्नलिखित में से किसके लिए अधिक कठिन था?**

(a) कारीगरों (b) व्यापारियों
(c) किसानों (d) महाजनों

**SSC GD 09/02/2023 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** जैन धर्म के नियमों का पालन करना किसानों के लिए अधिक कठिन था, क्योंकि किसानों को अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए कीड़ों को मारना पड़ता था। जैन धर्म एक प्राचीन धर्म है, जो सभी जीवित प्राणियों को अनुशासित, अहिंसा के माध्यम से मुक्ति मार्ग एवं आध्यात्मिक शुद्धता और आत्मज्ञान का मार्ग सिखाता है।

50. **श्वैन त्सांग (Xuan Zang) के अनुसार, नालंदा बौद्ध मठ के ______ नए प्रवेशकों से कठिन प्रश्न पूछते हैं, जिनका उत्तर देना बहुत कठिन होता है।**

(a) द्वारपाल (b) सबसे पुराने भिक्षु
(c) मठ के प्रमुख (d) सबसे छोटे भिक्षु

**SSC GD 10/01/2023 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** प्राचीन समय में नालंदा विश्वविद्यालय में छात्रों का प्रवेश बड़ा कठिन था। प्रवेश परीक्षा विद्वानों द्वारा उन छात्रों से ली जाती थी जो प्रवेश प्राप्त करना चाहते थे। ह्वेन त्सांग के अनुसार, नालंदा बौद्धमठ के द्वारपाल नए प्रवेशकों से कठिन प्रश्न पूछते थे। जिनका उत्तर देना बहुत कठिन होता था।

51. **_____ ज्ञातृक (या झात्रिक) {Jantrika (or Jhatrika} क्षत्रिय वंश के प्रमुख के पुत्र थे।**

(a) गौतम बुद्ध (b) ऋषभनाथ
(c) पार्श्वनाथ (d) वर्धमान महावीर

**SSC GD 16/12/2021 Shift-II**

**Ans. (d) :** वर्धमान महावीर जैन धर्म के 24वें तथा अंतिम तीर्थंकर थे। महावीर का जन्म 540 ई.पू. में वैशाली के कुण्डग्राम में हुआ था। इनके पिता का नाम सिद्धार्थ था, जो कि वज्जि महाजनपद के अंतर्गत आने वाले ज्ञातृक गण (Jnatrika) के मुखिया थे। उनकी माता का नाम त्रिशला, जो कि वैशाली के लिच्छवि नरेश चेटक की बहन थी।

52. **पांचवीं से चौथी शताब्दी ईसा पूर्व के आसपास बुद्ध के उपदेशों का संकलन निम्नलिखित में से कौन-सा था?**

(a) तत्त्वार्थ (b) त्रिपिटक
(c) अवेस्ता (d) अष्टांग हृदयम्

**SSC GD 09/12/2021 Shift-III**

**Ans. (b)** बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध थे इन्हे एशिया का ज्योति पुंज (Light of Asia) कहा जाता है। पाँचवी से चौथी शताब्दी ईसा पूर्व के आसपास बुद्ध के उपदेशों का संकलन त्रिपिटक (विनयपिटक, सुत्तपिटक, अभिधम्म पिटक) में किया गया था। बौद्ध धर्म के बारे में हमे वृहद ज्ञान त्रिपिटक से ही प्राप्त होता है। इसकी भाषा पाली है। बुद्ध ने अपने उपदेश जनसाधारण की भाषा पाली में दिए।

53. **अपने महापरिनिर्वाण से पहले बुद्ध ने अंतिम उपदेश कहाँ दिया था?**

(a) वैशाली (b) लुंबिनी
(c) कुशीनगर (d) सारनाथ

**SSC GD 03/12/2021 Shift-III**

**Ans. (a) :** महापरिनिर्वाण से पहले बुद्ध ने अन्तिम उपदेश वैशाली में दिया था। उन्होंने अपना अन्तिम उपदेश उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में दिया था। कुशीनगर में रामाभार स्तूप का निर्माण बुद्ध की राख के एक हिस्से के साथ किया गया था; जहाँ उनका दाह संस्कार हुआ था।

54. **जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर, वर्धमान महावीर का जन्म छठी शताब्दी ईसा पूर्व में कहाँ हुआ था ?**

(a) बिहार (b) आंध्र प्रदेश
(c) महाराष्ट्र (d) तमिलनाडु

**SSC GD 01/12/2021 Shift-III**

**Ans. (a) :** महावीर स्वामी जैन धर्म के 24वें एवं अंतिम तीर्थंकर थे। महावीर का जन्म 599 ई. पू. में कुण्डग्राम (वैशाली), बिहार में हुआ था। इनके पिता सिद्धार्थ इक्ष्वाकु वंश के क्षत्रिय राजा थे। महावीर स्वामी के बचपन का नाम वर्धमान था। 12 वर्षों की कठिन तपस्या के बाद महावीर को जृम्भिक के समीप ऋजुपालिका नदी के तट पर साल वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था। 72 वर्ष की आयु में महावीर की मृत्यु (निर्वाण) 527 ईसा पूर्व. में बिहार राज्य के पावापुरी में हो गई।

55. **एलिफेंटा गुफाओं में_______ संप्रदाय से जुड़े शैल चित्रों ( रॉक आर्ट ) का संग्रह है।**

(a) विष्णु (b) बुद्ध
(c) शिव (d) तीर्थंकर महावीर

**SSC GD 01/12/2021 Shift-I**

**Ans. (c) :** एलिफेंटा की गुफाएँ एलिफेंटा द्वीप या घारापुरी पर स्थित मूर्तियों की गुफाओं का एक नेटवर्क है, जो भारत के महाराष्ट्र राज्य में मुम्बई शहर के पूर्व स्थित है। एलिफेंटा गुफाओं में शिव सम्प्रदाय से जुड़े शैल चित्रों (रॉक आर्ट) का संग्रह है।

56. **भगवान महावीर की शिक्षाओं के संकलन को क्या कहा जाता है?**

(a) श्रुति सूत्र (b) पिबी सूत्र
(c) अगम सूत्र (d) अवेस्ता सूत्र

**SSC GD 02/03/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** महावीर या वर्द्धमान महावीर जैन धर्म के प्रवर्तक तथा 24वें तीर्थंकर थे। इनका जन्म वैशाली गणतंत्र के कुण्डग्राम में ज्ञातृक कुल के क्षत्रिय राजा सिद्धार्थ और रानी त्रिशला के घर हुआ था। जैन-साहित्य का प्राचीनतम भाग 'अगम सूत्र' नाम से जाना जाता है जिसमें महावीर स्वामी के उपदेशों, शिक्षा तथा जैन संस्कृति से संबंध रखने वाली अनेक कथा कहानियों का संकलन तथा जीवन उपयोगी सूत्र है।

**57. ______ को 'लाईट ऑफ एशिया (एशिया की ज्योति)' के रूप में भी जाना जाता है।**

(a) रूमी (b) बुद्ध

(c) गांधी (d) स्वामी विवेकानंद

**SSC GD 11/02/2019 (Shift-I)**
**SSC GD 28/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** भगवान गौतम बुद्ध को उनके सद्विचारों के कारण 'लाइट ऑफ एशिया' के रूप में भी जाना जाता है। इनका जन्म 563 ईसा पूर्व लुम्बिनी नामक स्थान पर (नेपाल में) हुआ था। बैशाख पूर्णिमा के दिन उनको बोध गया (बिहार) में बोधि (पीपल) वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। तब वे बुद्ध कहलाये। सारनाथ में भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था। जिसे बौद्ध ग्रन्थों में धर्मचर्कप्रवर्तन कहा गया है।

**58. जातक कथाएँ निम्नलिखित में से किस संप्रदाय से संबंधित हैं ?**

(a) लिंगायत (b) शैव धर्म

(c) जैन धर्म (d) बौद्ध धर्म

**SSC GD 14/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जातक कथाएँ बौद्ध धर्म से संबंधित हैं। इन जातक कथाओं में भगवान बुद्ध के पूर्व जन्मों की कथाएँ हैं, जो संभवतः स्वयं गौतम बुद्ध द्वारा कही गयी है।

**59. नालंदा किस धर्म का प्राचीन शिक्षण संस्थान था ?**

(a) ईसाई (b) जैन

(c) बौद्ध (d) इस्लाम

**SSC GD 19/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** नालंदा बौद्ध धर्म का प्राचीन शिक्षण संस्थान था। यहाँ बौद्ध धर्म की महायान भाषा की शिक्षा दी जाती थी। यहाँ अनेक देशों के छात्र पढ़ने आते थे। इस विश्वविद्यालय की स्थापना का श्रेय गुप्त शासक कुमारगुप्त प्रथम को प्राप्त है। यहाँ के प्रसिद्ध आचार्य शीलभद्र, धर्मपाल, चन्द्रपाल, गुणमति एवं स्थिरमति थे। ह्वेनसांग एवं इत्सिंग ने भी इसकी चर्चा की है।

**60. प्राचीन काल में, बौद्ध काल के दौरान, कपिलवस्तु के शासक कौन थे?**

(a) शाक्य (b) लिच्छवि

(c) मौर्य (d) गुप्त

**SSC GD 01/03/2019 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** बौद्ध काल के दौरान कपिलवस्तु शाक्य गण की राजधानी थी। यहाँ पर शाक्यों का शासन था। लिच्छवि वैशाली के शासक थे। मौर्यों की राजधानी पाटलिपुत्र तथा आरंभिक गुप्त राजवंश का शासन प्रयाग, साकेत तथा मगध में फैला था।

**61. 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व में लिखा गया 'पाली कैनन', किस धर्म का मूलग्रन्थ है?**

(a) ताओ धर्म (b) पारसी धर्म

(c) जैन धर्म (d) बौद्ध धर्म

**SSC GD 02/03/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व में लिखा गया पाली कैनन बौद्ध धर्म का मूल ग्रंथ है। इसको त्रिपिटक के रूप में भी जाना जाता है। यह बौद्ध शास्त्रों का मानक संग्रह है। इसे पाली-प्राकृत भाषा में लिखा गया है।

# 6. मौर्य/मौर्योत्तर साम्राज्य Mauryan/ Post Mauryan Empire)

**62. अशोक के अधिकांश शिलालेख_____भाषा में थे और__________ लिपि में लिखे गए थे।**

(a) संस्कृत, खरोष्ठी (b) प्राकृत, ब्राह्मी

(c) पाली, खरोष्ठी (d) संस्कृत, ब्राह्मी

**SSC GD 05/03/2024 (Shift-III)**
**SSC GD 27/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** अशोक के अधिकांश शिलालेख प्राकृत भाषा में थे और ब्राह्मी लिपि में लिखे गए थे। धम्म की नीति का प्रचार करने के लिए अशोक ने शिलालेखों का माध्यम अपनाया।

**63. मौर्यों के पतन से लेकर गुप्तों के उत्थान ( दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व से तीसरी शताब्दी ईस्वी ) तक की अवधि को भारतीय इतिहास में _________ के रूप में जाना जाता है।**

(a) उत्तर-मौर्य काल (b) पूर्व ब्रिटिश काल

(c) पूर्व-मौर्य काल (d) औद्योगीकरण

**SSC GD 05/03/2024 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** मौर्यों के पतन से लेकर गुप्तों के उत्थान (दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व से तीसरी शताब्दी ईस्वी) तक की अवधि को भारतीय इतिहास में उत्तर-मौर्य काल के रूप में जाना जाता है। मौर्य साम्राज्य के विघटन के परिणाम स्वरूप कई क्षेत्रीय राज्यों का उदय हुआ और उसी समय मध्य एशिया और पश्चिमी चीन के लोगों के विभिन्न समूहों ने भारत पर आक्रमण किया जो मौर्योत्तर काल का हिस्सा है।

**64. निम्नलिखित में से कौन-सा मौर्य्र शासक चंद्रगुप्त मौर्य का पोता (Grandson) था?**

(a) बृहद्रथ (b) अशोक

(c) पुष्यमित्र शुंग (d) बिंदुसार

**SSC GD 01/03/2024 (SHIFT-I)**

**Ans. (b) :** मौर्य वंश के संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य का पोता (grandson) अशोक था। अशोक, बिन्दुसार का उत्तराधिकारी था जो बिन्दुसार की मृत्यु के पश्चात 273 ई. पू. में मौर्य वंश का शासक बना था। मौर्य वंश के तीन महत्वपूर्ण शासक हुए– चन्द्रगुप्त (322 ई. पू. से 298 ई.), बिन्दुसार 298 ई. पू. - 273 ई. पू. तक और बिन्दुसार का पुत्र अशोक (273-232 ई.पू.)।

**65. भारत में मौर्य साम्राज की स्थापना 322 ईसा पूर्व में हुई थी और इसकी राजधानी पाटलिपुत्र थी जिसे अब ________ के नाम से जाना जाता है।**

(a) दिल्ली (b) पटियाला

(c) पणजी (d) पटना

**SSC GD 28/02/2024 (SHIFT-III)**

**Ans. (d) :** भारत में मौर्य साम्राज्य की स्थापना 322 ईसा पूर्व में हुई थी और इसकी राजधानी पाटलिपुत्र थी जिसे अब पटना के नाम से जाना जाता है, यह एक विशाल और खूबसूरत नगर है, जो एक विशाल प्राचीर से घिरा है जिसमें 570 बुर्ज और 64 द्वार है। यह चारों तरफ से उद्यानों और चिड़ियों के लिए बने बसेरों से घिरा है।

**66. भारत में शुंग वंश के संस्थापक कौन थे?**

(a) देवभूति (b) पुष्यमित्र
(c) वसुमित्र (d) र

**SSC GD 24/02/2024 (SHIFT-II)**

**Ans. (b) :** पुष्यमित्र शुंग ने 185 ई. पू. में मौर्य शासक बृहद्रथ की हत्या करके शुंग वंश' की स्थापना की। पुष्पमित्र मौर्य वंश के अंतिम शासक बृहद्रथ का सेना पति था। वाणभट्ट ने हर्ष चरित में पुष्पमित्र को 'अनार्य' कहां है। पुष्पमित्र कट्टर ब्राह्मणवादी था। धनदेव के अयोध्या अभिलेख के अनुसार, पुष्पमित्र ने दो अश्वमेध यज्ञों का अनुष्ठान किया। पंतजलि पुष्यमित्र शुंग के राजपुरोहित थे।

**67. मौर्य साम्राज्य का संस्थापक कौन था ?**

(a) अशोक (b) चन्द्रगुप्त मोर्य
(c) बिंदुसार (d) महापद्म नन्द

**SSC GD 05/03/2024 (SHIFT-II)**
**SSC GD 22/02/2024 (SHIFT-II)**

**Ans. (b) :** मौर्य वंश की स्थापना चंद्रगुप्त मौर्य ने की थी। इसने नंद वंश की बढ़ती कमजोरी और अलोकप्रियता का लाभ उठाया और चाणक्य की सहायता से नंदवंश को पराजित कर मौर्य वंश की स्थापना की थी। मौर्य साम्राज्य को चार प्रांतों में विभाजित किया गया था और इसकी राजधानी पाटलिपुत्र थी। अशोक के शासन काल के दौरान कलिंग नामक पाँचवाँ प्रांत शामिल किया गया।

**68. निम्नलिखित में से कौन-सा मौर्यकालीन शिलालेख वर्तमान भारत में स्थित नहीं है?**

(a) कंधार (b) कलसी
(c) गिरनार (d) मस्की

**SSC GD 20/02/2024 (SHIFT-IV)**

**Ans. (a) :** कंधार शिलालेख वर्तमान में अफगानिस्तान के काबुल संग्रहालय में स्थित है। कंधार द्विभाषी शिलालेख ग्रीक और अरामेइक में एक प्रसिद्ध द्विभाषी शिलालेख है। यह भारतीय मौर्य शासक अशोक द्वारा लगभग 260 ई.पू. में उत्कीर्ण करवाया गया था।

**69. सम्राट अशोक ______ का पुत्र था।**

(a) बिम्बिसार (b) बिन्दुसार
(c) चन्द्रगुप्त मौर्य (d) अजातशत्रु

**SSC GD 16/01/2023 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** चक्रवर्ती सम्राट अशोक बिन्दुसार तथा रानी धर्मा का पुत्र था। लंका की प्ररम्परा में बिन्दुसार की 16 पटरानियों और 101 पुत्रों का उल्लेख है। पुत्रों में केवल तीन के नामोल्लेख है- सुसीम जो सबसे बड़ा था, अशोक और तिस्य।

**70. निम्नलिखित में से किस मौर्य शासन के शासन काल में कलिंग युद्ध हुआ ?**

(a) बिन्दुसार (b) अशोक
(c) चन्द्रगुप्त (d) दशरथ

**SSC GD 10/01/2023 (Shift-I)**
**SSC GD 02/02/2023 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** अशोक अपने राज्याभिषेक के आठवें वर्ष (261) कलिंग के साथ भीषण युद्ध किया। इसकी जानकारी अशोक के 13वें वृहद शिलालेख से मिलती है। इस युद्ध में एक लाख लोग मारे गए। यह अशोक का अंतिम युद्ध था। इसके बाद अशोक ने बौद्ध धर्म अपना लिया।

**71. निम्नलिखित में से किस मौर्य राजा ने धम्म की अवधारणा को लोकप्रिय बनाया था?**

(a) अशोक (b) बिंदुसार
(c) चंद्रगुप्त (d) दशरथ

**SSC GD 09/02/2023 (Shift-II)**
**SSC GD 01/02/2023 (Shift-IV)**
**SSC GD 23/02/2024 (Shift-III)**
**SSC GD 24/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** मौर्य सम्राट अशोक ने धम्म की अवधारणा को लोकप्रिय बनाया था। अशोक के धम्म से तात्पर्य नैतिक संहिता से है। अशोक ने बौद्ध धर्म को अपनाने के बाद अनेक अभिलेखों का निर्माण करवाया।

**72. मौर्य शासक, अशोक की मृत्यु कब हुई थी?**

(a) 258 BC (b) 249 BC
(c) 254 BC (d) 232 BC

**SSC GD 30/01/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** बिन्दुसार की मृत्यु के उपरान्त अशोक मौर्य साम्राज्य का शासक बना। वह 273 ई.पू. से 232 ई.पू. तक शासक रहा। उसकी मृत्यु 232 ई.पू. (BC) से हुई। अशोक ने अपने राज्याभिषेक के 8वें वर्ष (261 ई.पू.) में कलिंग पर आक्रमण कर अपना अधिपत्य स्थापित किया।

**73. निम्नलिखित में से किस राजवंश ने मौर्योत्तर काल में रेशम मार्ग को नियंत्रित किया था?**

(a) शुंग (b) सातवाहन
(c) चेर (d) कुषाण

**SSC GD 25/01/2023 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** कुषाणों ने पार्थियन शासन का अंत कर स्वयं की सत्ता स्थापित की। उन्हें यूची या तोचेरियन (तोखारी) भी कहा जाता है। उनका मूल निवास स्थान चीन की सीमा पर स्थित तुर्किस्तान था। कुषाण वंश का वास्तविक संस्थापक विम कडफिसस को माना जाता है। कनिष्क कषाण वंश का महानतम शासक थे। कुषाणों ने चीन से ईरान तथा पश्चिम एशिया तक जाने वाले रेशम मार्ग पर नियंत्रण कर रखा था। रेशम मार्ग आय का बड़ा स्रोत था।

**74. मेगस्थनीज़ के अनुसार पाटलिपुत्र में कुल कितने द्वार थे?**

(a) 64 (b) 125
(c) 261 (d) 366

**SSC GD 24/10/2023 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** मेगस्थनीज़ के अनुसार पाटलिपुत्र (आधुनिक पटना) एक विशाल और खूबसूरत नगर था। यह एक विशाल प्राचीर से घिरा था जिसमें 570 बुर्ज और 64 द्वार थे। दो और तीन मंजिल वाले घर लकड़ी और कच्ची ईटों से बने थे।

**75. निम्नलिखित में से शुंग वंश की स्थापना किसने किया था?**

(a) पुष्यमित्र (b) अगणिमित्रा
(c) वसुमित्र (d) देवभूति

**SSC GD 17/01/2023 (Shift-II)**
**SSC GD 11/01/2023 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** मौर्य वंश के अंतिम शासक बृहद्रथ की हत्या करके पुष्यमिल ने 185 ईसा पूर्व में मगध पर शुंग वंश की नींव डाली थी। पुष्यमित्र शुंग बृहद्रथ का सेना पति था। पुष्यमित्र शुंग ने अपनी राजधानी विदिशा में स्थापित की थी। पुष्यमित्र शुंग ने दो बार अश्वमेघ यज्ञ किया तथा भरहुत स्तूप का निर्माण करवाया था।

**76. निम्नलिखित में से किस राजा के शासनकाल में सांची का महान स्तूप बनाया गया था?**

(a) अशोक (b) बिंदुसार
(c) बृहद्रथ (d) चंद्रगुप्त

**SSC GD 30/01/2023 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** सांची स्तूप मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में स्थित है। इसका निर्माण तीसरी शताब्दी ई. पू. में मौर्य सम्राट अशोक द्वारा कराया गया था। अशोक ने कई शिलालेख एवं स्तम्भ लेख लिखवाया। अशोक के प्रयाग स्तम्भ पर तीन शासकों के लेख खुदे हैं। समुद्रगुप्त के दरबारी कवि और मंत्री हरिषेण ने प्रयाग प्रशस्ति की रचना की थी। यह लेख समुद्रगुप्त की प्रशस्ति है और इसमें समुद्रगुप्त की विजय का उल्लेख है।

**77. इलाहाबाद में अशोक-स्तम्भ पर किसकी प्रशस्ति की खुदाई की गयी है?**

(a) चन्द्रगुप्त द्वितीय (b) समुद्रगुप्त द्वितीय
(c) चन्द्रगुप्त (d) समुद्रगुप्त

**SSC GD 31/01/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**78. निम्नलिखित में से कौन मौर्य साम्राज्य का संस्थापक था?**

(a) समुद्रगुप्त (b) चंद्रगुप्त द्वितीय
(c) अशोक (d) चद्रंगुप्त मौर्य

**SSC GD 27/01/2023 (Shift-II)**
**SSC GD 05/03/2024 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** मौर्य साम्राज्य की स्थापना 322 ईसा पूर्व में चंद्रगुप्त मौर्य द्वारा की गई। मौर्य राजवंश ने 137 वर्ष भारत में राज्य किया। मौर्य साम्राज्य की स्थापना का श्रेय चन्द्रगुप्त मौर्य एवं उसके मंत्री चाणक्य को जाता है। मौर्य वंश में कई प्रतापी शासक हुए जिनमें एक अशोक था। अशोक मौर्य वंश का सबसे प्रतापी राजा था जिसको देवानांप्रिय प्रियदर्शी भी कहा जाता था। अशोक ने अपने राज्याभिषेक के 8वें वर्ष 261 ई.पू. में कलिंग पर आक्रमण किया तथा इस युद्ध में लाखों लोग मारे गये। युद्ध में भीषण रक्तपात देख अशोक का मन बहुत द्रवित हुआ और उसने युद्ध एवं विजय का त्याग कर दिया तथा शांति, सामाजिक प्रगति तथा धार्मिक प्रचार किया।

**79. मौर्य साम्राज्य के किस सम्राट ने युद्ध जीतने के बाद विजय का त्याग कर दिया था?**

(a) अशोक (b) चंद्रगुप्त मौर्य
(c) बिंदुसार (d) दशरथ

**SSC GD 27/01/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (a) :** उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**80. निम्नलिखित मौर्य सम्राटों में से किसे पियदस्सी के नाम से जाना जाता था?**

(a) दशरथ (b) बिंदुसार
(c) बृहद्रथ (d) अशोक

**SSC GD 31/01/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (d) :** उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**81. मौर्योत्तर काल में, ______ वे पुरूष महिलाएं थे, जिनके पास जमीनें नहीं थी।**

(a) गृहपति (b) ग्राम भोजक
(c) भूमिहार (d) दास कर्मकार

**SSC GD 23/01/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** मौर्योत्तर काल में, दास कर्मकार वे पुरुष महिलाएं थे जिनके पास जमीनें नहीं थी। वे जमीन के मालिकों के खेतों में काम करते थे। दास कर्माकार शब्द में दास और भाड़े के मजदूर दोनों शामिल थे। अशोक के शिलालेख में दास और कर्मकार का जिक्र मिलता है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र के अनुसार मौर्य काल में दासों को कृषि कार्यों में बड़े पैमाने में लगाया जाता था।

**82. निम्नलिखित में से कौन से अशोक के शासन में एक प्रांतीय राजधानी थी?**

I. तक्षशिला
II. उज्जैन

(a) I तथा दोनों II (b) केवल II
(c) ना तो I ना तो II (d) केवल I

**SSC GD 16/01/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (a) :** मौर्य साम्राज्य अनेक प्रांतों में विभाजित थे तथा प्रांत को गांवों में विभाजित किया गया था। अशोक के चार राजधानी प्रान्त थे जो पूर्व में तोसली, पश्चिम में उज्जैन (अवन्ति) दक्षिण में सुवर्णगिरी तथा उत्तर में तक्षशिला थी। सुवर्णगिरी को दक्षिणापथ के नाम से जाना जाता था।

**83. मेगस्थनीज के अनुसार, चंद्रगुप्त के रक्षक शाही जुलूसों के दौरान सोने और चाँदी से सजाए गए________की सवारी करते थे।**

(a) घोड़ों (b) हाथियों
(c) बैलों (d) एकसिंगे (यूनिकॉर्न)

**SSC GD 13/01/2023 (Shift-III)**

**Ans.(b):** मेगस्थनीज पाटलिपुत्र में सेल्युकस निकेटर का राजदूत था जो चंद्रगुप्त मौर्य के यहाँ भेजा गया था। मेगस्थनीज के अनुसार, चन्द्रगुप्त के रक्षक शाही जुलूसों के दौरान सोने और चाँदी से सजाए गए हाथियों की सवारी करते थे।

84. **चूंकि मौर्य साम्राज्य इतना बड़ा था, इसलिए अलग-अलग हिस्सों पर अलग-अलग शासन किया जाता था। _______ के आसपास के इलाकों पर सम्राट का सीधा नियंत्रण था।**

(a) पाटलिपुत्र (b) तक्षशिला
(c) लुम्बिनी (d) उज्जैन

**SSC GD 11/01/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (a) :** चूंकि मौर्य साम्राज्य इतना बड़ा था, इसलिए अलग-अलग हिस्सों पर अलग-अलग शासन किया जाता था। पाटलिपुत्र के आस-पास के इलाकों पर सम्राट का सीधा नियंत्रण था। ध्यातव्य है कि मौर्य साम्राज्य की स्थापना चंद्रगुप्त मौर्य ने की थी। उसने 321-297 ई.पू. तक शासन किया। मौर्य वंश का अंतिम शासक बृहद्रथ था।

85. **निम्नलिखित यूनानी शासकों में से किसने मेगस्थनीज को चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में भेजा था?**

(a) अमीनटास तृतीय (b) फिलिप द्वितीय
(c) सेल्यूकस निकेटर (d) अमीनटास द्वितीय

**SSC GD 11/01/2023 (Shift-I)**
**SSC GD 06/03/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** मेगस्थनीज चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में एक यूनानी राजदूत था। उसे यूनानी राजा सेल्यूकस निकेटर ने भेजा था। मेगस्थनीज का विवरण इंडिका चन्द्रगुप्त मौर्य के शासन को समझने में हमारी मदद करता है। यह मौर्यों के समय के प्रशासन और समाज का वर्णन करता है।

86. **अंतिम शुंग शासक की हत्या उसके मंत्री वासुदेव ने की थी, जिसने आगे चलकर ......... वंश की स्थापना की।**

(a) काकतीय (b) कण्व
(c) कलचुरी (d) कोरवी

**SSC GD 25/11/2021 Shift-III**

**Ans. (b) :** पुष्यमित्र शुंग ने 185 ई. पूर्व में मौर्यवंश के अंतिम शासक बृहद्रथ की हत्या करके मगध पर शुंग वंश की स्थापना की थी। शुंग वंश का अंतिम शासक देवभूति था इसकी हत्या 75ई0पू0 में इसके मंत्री वासुदेव ने कर दी और मगध पर एक नये राजवंश कण्व वंश की स्थापना की। कण्व वंश ने पूर्वी और मध्य भारत के कुछ हिस्सों पर 75 ई.पू. से 30 ई.पूर्व तक शासन किया। इस वंश का अंतिम शासक सुशर्मा था।

87. **चाणक्य, ......... के शासनकाल में प्रधान अमात्य थे।**

(a) अशोक (b) हर्षवर्धन
(c) बिन्दुसार (d) चंद्रगुप्त मौर्य

**SSC GD 24/11/2021 Shift-III**

**Ans. (d) :** चाणक्य (अनुमानत : 376 ई.पू. - 283 ई.पू.) चन्द्रगुप्त मौर्य के शासनकाल में प्रधान आमत्य थे। वे कौटिल्य या विष्णुगुप्त नाम से भी विख्यात है। विष्णुगुप्त कूटनीति, अर्थनीति, राजनीति के महाविद्वान और अपने महाज्ञान का 'कुटिल' सदुपयोग जनकल्याण तथा अखंड भारत के निर्माण जैसे सृजनात्मक कार्यों में करने के कारण वह कौटिल्य कहलाये। उनके द्वारा रचित ग्रन्थ अर्थशास्त्र का संबंध राजनीतिशास्त्र से है।

88. **भारत के प्राचीन इतिहास के संदर्भ में, अशोक स्तंभ का संबंध निम्नलिखित में से किस स्थान से है?**

(a) चत्रु (b) खजुराहो
(c) मांडू (d) सांची

**SSC GD 24/11/2021 Shift-II**

**Ans. (d) :** भारत के प्राचीन इतिहास के सन्दर्भ में, अशोक स्तंभ मध्यप्रदेश के सांची में स्थित है। इस स्तंभ को तीसरी शताब्दी ई. पू. में बनवाया गया था और इसकी संरचना ग्रीको बौद्ध शैली से प्रभावित है। सांची के प्राचीन इतिहास के अवशेष के रूप में यह स्तंभ आज भी मजबूत है और सदियों पुराना होने के बावजूद नवनिर्मित दिखाई देता है। सांची स्थित अशोक स्तंभ के शीर्ष पर चार शेर बैठे है।

89. **सम्राट अशोक के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**

(a) अशोक का संबंध मौर्य वंश से था
(b) अशोक विश्व के इतिहास में एकमात्र ऐसे राजा है, जिन्होंने युद्ध जीतने के बाद विजय का त्याग कर दिया था
(c) अशोक ने जिस साम्राज्य पर शासन किया उसकी स्थापना उसके दादा ने की थी
(d) चाणक्य नामक एक बुद्धिमान व्यक्ति (जिसे कौटिल्य भी कहा जाता है) ने अशोक का विरोध किया था

**SSC GD 24/11/2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** घनानंद को पराजित करने के लिए चन्द्रगुप्त मौर्य ने चाणक्य से सहायता प्राप्त की थी, इसके पश्चात चाणक्य (विष्णुगुप्त/कौटिल्य) चन्द्रगुप्त मौर्य का प्रधानमंत्री बना। चाणक्य ने 'अर्थशास्त्र नामक पुस्तक की रचना की, जिसका संबंध 'राजनीति' से है। चाणक्य चन्द्रगुप्तमौर्य का समकालीन था, न कि अशोक का समकालीन। अशोक का संबंध मौर्य वंश से है। चन्द्रगुप्त मौर्य का उत्तराधिकारी बिन्दुसार हुआ था बिन्दुसार का उत्तराधिकारी अशोक हुआ। अशोक ने 261 ई. पू. में कलिंग विजय के पश्चात विजय अभियानों का त्याग कर दिया था।

90. **.............. साम्राज्य पहला अखिल भारतीय साम्राज्य था, जिसके शासन क्षेत्र में अधिकांश वर्तमान भारतीय उपमहाद्वीप आते थे।**

(a) कुषाण (b) गुप्त
(c) मौर्य (d) चोल

**SSC GD 22/11/2021 Shift-III**

**Ans. (c) :** मौर्य साम्राज्य का प्रारंभ चंद्रगुप्त मौर्य द्वारा 321 ईसा पूर्व में मगध से हुआ। चन्द्रगुप्त मौर्य ने व्यापक विजय द्वारा प्रथम अखिल भारतीय साम्राज्य की स्थापना की। उत्तर-पूर्व भारत के हिस्सों, केरल और तमिलनाडु को छोड़कर मौर्यों ने शेष भारतीय उपमहाद्वीपों पर शासन किया। इसकी राजधानी पाटलिपुत्र (पटना) थी।

91. **निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प मौर्य साम्राज्य के शासकों के सही कालानुक्रमिक क्रम को दर्शाता है?**

(a) बिंदुसार - चंद्रगुप्त - अशोक - बृहद्रथ
(b) चंद्रगुप्त - बिंदुसार - अशोक - बृहद्रथ
(c) बृहद्रथ - चंद्रगुप्त - बिंदुसार - अशोक
(d) अशोक - बृहद्रथ - चंद्रगुप्त - बिंदुसार

**SSC GD 16/12/2021 Shift-II**

**Ans. (b) :** मौर्य राजवंश (321 – 185 ईसा पूर्व) प्राचीन भारत का एक शक्तिशाली राजवंश था। मौर्य राजवंश ने 137 वर्ष भारत में शासन किया। इसकी स्थापना का श्रेय चन्द्रगुप्त मौर्य और उसके मंत्री चाणक्य (कौटिल्य) को दिया जाता है। सम्राट अशोक के कारण ही मौर्य साम्राज्य सबसे महान एवं शक्तिशाली बनकर विश्वभर में प्रसिद्ध हुआ।

**मौर्य राजवंश के शासकों की सूची–**

→ चन्द्रगुप्त मौर्य - 322 - 298 ईसा पूर्व
→ बिन्दुसार मौर्य - 298 - 272 ईसा पूर्व
→ अशोक महान - 272 - 232 ईसा पूर्व
→ बृहद्रथ मौर्य - 187 - 185 ईसा पूर्व

**92. अंतिम मौर्य सम्राट की हत्या निम्न में से किसके द्वारा की गई थी?**

(a) विष्णुवर्धन (b) कुलशेखर वर्मन
(c) पुष्यमित्र शुंग (d) महेन्द्रवर्मन

**SSC GD 14/12/2021 Shift-I**
**SSC GD 13/01/2023 (Shift-I)**
**SSC GD 23/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** मौर्य वंश के अंतिम शासक बृहद्रथ की हत्या इसके सेनापति पुष्यमित्र शुंग ने 185 ईसा पूर्व में कर दी और मगध साम्राज्य पर शुंगवंश की नींव रखी। शुंगवंश के अंतिम शासक देवभूति की हत्या इसके मंत्री वासुदेव ने 73 ईसा पूर्व में कर दी तथा मगध साम्राज्य में कण्व वंश की स्थापना की। मौर्य साम्राज्य का संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य था।

**93. मौर्य वंश ने निम्न में से किस राजवंश के बाद मगध पर शासन किया था?**

(a) नंद राजवंश (b) शुंग राजवंश
(c) गुप्त राजवंश (d) कुषाण राजवंश

**SSC GD 03/03/2019 (Shift-I)**
**SSC GD 09/12/2021 Shift-I**

**Ans. (a)** नन्दवंश का अन्तिम शासक घनानन्द था यह सिकन्दर का समकालीन था। चाणक्य की मदद से चन्द्रगुप्त मौर्य ने इसे युद्ध में पराजित किया और मगध पर एक नये राजवंश मौर्य वंश (322 ई. पू. – 184 ई. पू) की स्थापना की। चन्द्रगुप्त मौर्य मगध की राजगद्दी पर 322 ई. पूर्व में बैठा। चन्द्रगुप्त मौर्य ने 305 ई. पूर्व में सेल्यूकस निकेटर को पराजित किया था। चन्द्रगुप्त मौर्य जैन धर्म का अनुयायी था।

| | | |
|---|---|---|
| हर्यक वंश | - | 544 ई. पू. – 412 ई. पू. |
| शिशुनाग वंश | - | 412 ई. पूर्व – 344 ई. पू. |
| नन्द वंश | - | 344 ई. पू. – 322 ई. पू. |
| मौर्यवंश | - | 322 ई. पू. – 184 ई. पू. |

**94. अशोक के कंधार अभिलेखों की खोज किस वर्ष में की गई थी ?**

(a) 1956 (b) 1960
(c) 1958 (d) 1954

**SSC GD 06/12/2021 Shift-III**

**Ans. (c) :** कंधार का द्विभाषी शिलालेख, सम्राट अशोक द्वारा 260 ईसापूर्व शिला पर दो भाषाओं (ग्रीक तथा अरामाइक) में उत्कीर्ण कराया गया प्रसिद्ध शिलालेख है। यह अशोक द्वारा निर्मित पहला शिलालेख है जो उसके शासन के 10 वें वर्ष में अंकीर्ण कराया था। इसकी खोज सन् 1958 में हुई थी।

**95. अशोक ने धार्मिक अधिकारियों की नियुक्ति की, जिन्हें ——— के रूप में जाना जाता था।**

(a) धम्म-महामत्ता (b) धम्माधिराज
(c) धम्माधिकारी (d) धम्माध्यक्ष

**SSC GD 14/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** अशोक मौर्य राजवंश का तीसरा शासक था। उसने लगभग सम्पूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप पर शासन किया। उन्होंने 260 ईसा पूर्व के आस-पास बौद्ध धर्म को राजकीय धर्म घोषित किया। उसने धर्म महामात्र (धम्म-महामत्ता) के रूप में धार्मिक अधिकारियों की नियुक्ति की, जिन्होंने धम्म का प्रचार करने और विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों के बीच द्वेषभाव को समाप्त कर धर्म की एकता पर बल देने का कार्य किया।

**96. मौर्य साम्राज्य की राजधानी कौन सी थी?**

(a) पाटलिपुत्र (b) कुशीनगर
(c) वैशाली (d) इंद्रप्रस्थ

**SSC GD 15/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** चन्द्रगुप्त मौर्य ने चाणक्य या कौटिल्य की सहायता से अंतिम नंदवशीय शासक घनानंद को पराजित कर 322 ई. पू. में मौर्य साम्राज्य की स्थापना की। इस साम्राज्य की राजधानी पाटलिपुत्र थी। अर्थशास्त्र के लेखक कौटिल्य चन्द्रगुप्त मौर्य के प्रधानमंत्री थे।

**97. अशोक के शिलालेखों में किस लिपि का सबसे अच्छा उदाहरण मिलता है?**

(a) ग्रंथ (b) ब्राह्मी
(c) कदंम्बा (d) शारदा

**SSC GD 06/03/2019 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** मौर्य युग के महान सम्राट अशोक ने अपने विचार एवं राज्यादेश को पत्थर की शिला पर उत्कीर्ण कराया जिसमें मुख्यतः ब्राह्मी लिपि मिलती है। अशोक ने खरोष्ठी एवं अरमाईक लिपि में भी लेख लिखवाये है। शाहबाजगढ़ी एवं मानसेहरा अभिलेख खरोष्टी लिपि में तथा लघमान अरमाईक लिपि में और शेष ब्राह्मी लिपि में है।

# 7. गुप्त/गुप्तोत्तर साम्राज्य (Gupta/ Post Gupta Empire)

**98. गुप्त साम्राज्य को अक्सर ''भारत का स्वर्ण युग'' कहा जाता है। इस अवधि के दौरान ज्ञान के किस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति हुई ?**

(a) नारीवाद (b) मातृतंत्र
(c) विज्ञान, कला साहित्य (d) लैंगिक समानता

**SSC GD 07/03/2024 (SHIFT-IV)**

**Ans. (c) :**गुप्त काल को भारत का स्वर्ण युग कहा जाता है क्योंकि इस अवधि के दौरान विज्ञान, कला एवं साहित्य में महत्वपूर्ण प्रगति हुई । गुप्त काल में स्थापत्य कला, मूर्तिकला एवं चित्रकला के साथ - साथ अन्य कलाओं का उत्थान हुआ।

गुप्त वंश की संस्थापक श्री गुप्त था जबकि चन्द्रगुप्त प्रथम को गुप्त वंश का वास्तविक संस्थापक माना जाता है। विष्णुगुप्त गुप्त काल का अन्तिम शासक था।

**99. समुद्रगुप्त द्वारा दक्षिणापथ के कितने शासकों को पराजित किया गया ?**

(a) 3 (b) 10
(c) 12 (d) 8

**SSC GD 31/01/2023 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** समुद्रगुप्त (335-375 ई.) गुप्त राजवंश के दूसरा राजा और चन्द्रगुप्त प्रथम का उत्तराधिकारी था एवं पाटलिपुत्र उसके साम्राज्य की राजधानी थी। समुद्रगुप्त भारत का महान शासक था जिसने अपने जीवन काल में कभी पराजय का स्वाद नहीं चखा। उत्तर भारत के 8 राज्यों और दक्षिण भारत के 12 राज्यों पर विजय प्राप्त की।

**नोट :** वी.ए.स्मिथ ने समुद्रगुप्त को भारत के नेपोलियन की संज्ञा दी है।

**100. नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना _______ द्वारा 5वीं शताब्दी में की गई थी।**

(a) कुमारगुप्त (b) समुद्रगुप्त
(c) चंद्रगुप्त द्वितीय (d) स्कंदगुप्त

**SSC GD 06/02/2023 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** प्राचीन भारत में गुप्त शासक 'कुमारगुप्त' ने 450-470 ई. पू. नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। प्राचीन भारत में यह शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था जहां हिन्दू व बौद्ध अनुयायी शिक्षा ग्रहण करते थे। यह यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में भी शामिल है।

**101. निम्नलिखित में से महाराजाधिराज की उपाधि धारण करने वाले प्रथम गुप्त सम्राट कौन थे ?**

(a) चंद्रगुप्त प्रथम (b) चंद्रगुप्त द्वितीय
(c) समुद्रगुप्त (d) रामगुप्त

**SSC GD 29/11/2021 Shift-II**
**SSC GD 18/11/2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** चन्द्रगुप्त प्रथम (319-335 ई.) को गुप्त वंश का वास्तविक संस्थापक माना जाता है। उन्होंने सर्वप्रथम 'महाराजाधिराज' की उपाधि धारण की तथा पाटलिपुत्र को राजधानी बनाया। मथुरा अभिलेख से पता चलता है कि उन्होंने 319 में 'गुप्त संवत' की स्थापना की।

**102. 'प्रयाग प्रशस्ति' ——— में संकलित की गई थी।**

(a) हिन्दी (b) पाली
(c) संस्कृत (d) प्राकृत

**SSC GD 06/12/2021 Shift-II**

**Ans. (c) :** इलाहाबाद प्रशस्ति इसे प्रयाग प्रशस्ति के नाम से भी जाना जाता है। समुद्रगुप्त का एक स्तंभ है जो इलाहाबाद में है तथा यह संस्कृत में लिखा गया है। इसकी रचना हरिसेन ने की थी। गुप्तकाल के राजनीतिक इतिहास के बारे में जानने के लिए यह महत्वपूर्ण अभिलेख स्रोतों में से एक है।

**103. निम्नलिखित में से कौन चंद्रगुप्त प्रथम का उत्तराधिकारी था?**

(a) समुद्रगुप्त (b) विक्रमादित्य
(c) चंद्रगुप्त द्वितीय (d) घटोत्कच

**SSC GD 05/03/2019 (Shift-II)**
**SSC GD 18/11/2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** चन्द्रगुप्त प्रथम का उत्तराधिकारी समुद्रगुप्त था। समुद्रगुप्त (335-375 ईस्वीं) गुप्त वंश के चौथे राजा थे एवं उनके साम्राज्य की राजधानी पाटलिपुत्र थी। समुद्रगुप्त एक कुशल योद्धा था। इतिहासकार विंसेट स्मिथ ने उसे 'भारत का नेपोलियन' कहा था।

**104. ——— साम्राज्य के शासनकाल को भारतीय सभ्यता का स्वर्ण युग कहा जाता है।**

(a) बुद्ध (b) हर्ष
(c) गुप्त (d) पोरस

**SSC GD 11/03/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** गुप्तकाल को भारतीय इतिहास का स्वर्ण युग माना जाता है। इसे भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार, धार्मिक सहिष्णुता, आर्थिक समृद्धि तथा शासन व्यवस्था की स्थापना काल के रूप में जाना जाता है। मूर्तिकला के क्षेत्र में देखे तो गुप्तकाल भरहुत स्तूप, सांची स्तूप। स्थापत्य के क्षेत्र में देवगढ़ का दशावतार मंदिर, भूमरा का शिव मंदिर, चित्रकला के क्षेत्र में अजंता, एलोरा तथा बाघ की गुफाओं में की गई चित्रकारी। साहित्य के क्षेत्र में कालिदास ने मेघदूतम्, ऋतुसंहार तथा अभिज्ञान शाकुंतलम् की रचना की। विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी में आर्यभट्ट ने पृथ्वी की त्रिज्या की गणना की वही वराहमिहिर ने चन्द्र कैलेण्डर की शुरूआत की। गुप्तकाल में विज्ञान प्रौद्योगिकी से लेकर साहित्य, स्थापत्य तथा मूर्तिकला के क्षेत्र में नये प्रतिमानों की स्थापना की गई जिससे यह काल भारतीय इतिहास में 'स्वर्ण युग' के रूप में जाना जाता है।

**105. 7 वीं शताब्दी के प्रारंभ के साथ, थानेश्वर और कन्नौज के सिंहासन पर कौन विराजमान हुआ?**

(a) चन्द्रगुप्त II (b) राजेंद्र चोल I
(c) कृष्णदेव (d) हर्षवर्धन

**SSC GD 01/03/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** 7वीं शताब्दी के प्रारंभ में प्रभाकरवर्द्धन की मृत्यु के बाद उसका ज्येष्ठ पुत्र राज्यवर्द्धन राजा बना लेकिन मालवा नरेश देवगुप्त और गौड़ नरेश शशांक की दुरभिसंधि वश मारा गया। जिसके बाद 606 ई. में हर्षवर्द्धन (राज्यवर्द्धन का छोटा भाई) थानेश्वर और कन्नौज के सिंहासन पर विराजमान हुआ। चीनी यात्री ह्वेनसांग जो उसके शासनकाल में आया था, ने हर्षवर्द्धन के शासन के समय सामाजिक, आर्थिक व धार्मिक स्थितियों का सजीव वर्णन किया।

# 8. दक्षिण भारतीय राजवंश (South Indian Dynasties)

**106. निम्नलिखित में से कौन वाकाटक राजवंश के संस्थापक थे?**

(a) प्रवरसेन द्वितीय (b) प्रवरसेन प्रथम
(c) विंध्यशक्ति (d) प्रभावतीगुप्त

**SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** वाकाटक राजवंश के संस्थापक विंध्यशक्ति थे। विंध्यशक्ति ने इस राजवंश की स्थापना 255 ई. में किया था। वाकाटक ब्राह्मण धर्म के पक्षधर थे। ये स्वयं भी ब्राह्मण थे और इन्होंने ब्राह्मणों को खूब भूमि-अनुदान दिये। इस वंश का सबसे प्रसिद्ध शासक राजा प्रवरसेन प्रथम था।

**107. चोल अभिलेखों के अनुसार विद्यालयों के रख-रखाव के लिए भूमि को क्या कहा जाता था?**

(a) देवदान (b) शालाभोग
(c) ब्रह्मदेय (d) वेल्लनवगाई

**SSC GD 07/12/2021 Shift-III**
**SSC GD 02/02/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (b) :** नवीं शताब्दी में चोल वंश की स्थापना पल्लवों के ध्वंसावशेषों पर हुई थी। इस वंश के संस्थापक विजयालय थे। चोल काल में भूमि का वर्गीकरण निम्नलिखित था –
वेल्लनवगाई– गैर ब्राह्मण किसान स्वामी की भूमि।
शालाभोग– किसी विद्यालय के रख-रखाव की भूमि।
ब्रह्मदेय– ब्राह्मणों को उपहार में दी गई भूमि।
देवदान– मंदिर को उपहार में दी गई भूमि।
पल्लिच्चंदम– जैन संस्थानों को दान दी गई भूमि।

**108. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर पांड्य राजाओं की राजधानी है?**
(a) मदुरै (b) पलामेदु
(c) कल्लुपट्टी (d) कारियापट्टी
**SSC GD 13/02/2023 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** पांड्य राजाओं की राजधानी 'मदुरै' थी। पांड्य वंश दक्षिण भारत में एक प्राचीन तमिल सम्राज्य था। इसका उल्लेख अष्टाध्यायी ग्रंथ से मिलता है। नेडियान इस वंश का प्रथम राजा था।

**109. कावेरी डेल्टा में मुत्तरैयार की सत्ता थी। वे ______ के पल्लव राजाओं के अधीनस्थ थे।**
(a) कांचीपुरम (b) तंजावुर
(c) मकोताई (d) अरिकामेदु
**SSC GD 13/01/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (a) :** मुत्तरैयार कांचीपुरम के पल्लव राजाओं के अधीनस्थ के रूप में काम किया। इनकी सत्ता कावेरी डेल्टा में थी।

**110. चोल काल के दौरान, मुवेंदवेलन और अरइयार_____ की उपाधियाँ थीं।**
(a) राजा के पुत्र (b) धनी भूस्वामियों
(c) सेना का सेनापति (d) राजा के मंत्री
**SSC GD 12/01/2023 (Shift-IV)**

**Ans.(b):** चोल काल के दौरान, मुवेंदवेलन और अरइयार धनी भूस्वामियों की उपाधियाँ थी। ध्यातव्य है कि बेल्लाल जाति के धनी किसानों को केन्द्रीय सरकार की देख रेख में नाडु के काम-काज में अच्छा-खासा नियंत्रण था। स्थानीय स्वशासन चोल प्रशासन की मुख्य विशेषता थी।

**111. रविकीर्ति ने निम्नलिखित में से किस चालुक्य शासक की प्रशस्ति की रचना की थी ?**
(a) पुलकेशिन II (b) मंगलेश I
(c) विक्रमादित्य IV (d) कीर्तिवर्मन II
**SSC GD 12/01/2023 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** रविकीर्ति 'पुलकेशिन द्वितीय' के दरबारी कवि थे। पुलकेशिन द्वितीय चालुक्य वंश के सबसे प्रसिद्ध शासक थे जिन्होंने 610 से 642 तक शासन किया था। पुलकेशिन द्वितीय की सबसे उल्लेखनीय सैन्य उपलब्धि, शक्तिशाली सम्राट हर्ष पर उनकी विजय थी, जिन्होंने उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों पर शासन किया था।

**112. सातवाहन सामराज्य की स्थापना लगभग कितने वर्ष पूर्व हुई थी ?**
(a) 1700 (b) 2100
(c) 2800 (d) 2400
**SSC GD 01/02/2023 (Shift-II)**
**SSC GD 07/03/2024 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** सातवाहन वंश की स्थापना सिमुक ने 60 ई.पू. से 37 ई.पू. तक राज्य किया। सातवाहन वंश में कुल 27 शासक हुए थे। ये हिन्दू धर्म के अनुयायी थे। ध्यातव्य है कि सातवाहन साम्राज्य की स्थापना लगभग 2100 पूर्व हुई थी। दक्षिणी क्षेत्र में इस साम्राज्य का स्थापना हुआ इसलिए इसे दक्षिणापथ के नाम से भी जाना जाता है।

**113. कदमाई ______ राजवंश के तहत भू-राजस्व का एक रूप था ।**
(a) चोल (b) कुषाण
(c) चालुक्य (d) गुप्त
**SSC GD 30/11/2021 Shift-III**

**Ans. (a) :** कदमाई चोल राजवंश के तहत एक भू-राजस्व कर था। यह इस अवधि के दौरान मौजूद 400 करों में से एक था। चोल वंश की स्थापना 9 वीं शताब्दी में विजयालय (850 - 870 ई.) ने की थी। विजयालय ने 'नरकेसरी' की उपाधि धारण की और निशुम्भ सूदिनी देवी का मंदिर बनवाया। चोल वंश की राजधानी तंजौर (तंजावुर) थी। तंजावुर (तंजौर) का वास्तुकार कुंजरमल्लन राजराज पेरुथच्चन था।

**114. वेट्टी, _____शासकों द्वारा जबरन श्रम के रूप में एकत्र किया गया कर था।**
(a) नंद (b) पल्लव
(c) चालुक्य (d) चोल
**SSC GD 03/12/2021 Shift-II**

**Ans. (d) :** वेट्टी चोल शासकों द्वारा जबरन श्रम के रूप में एकत्र किया गया कर था। यह आम लोगों से वसूला जाता था। आम लोग बिना किसी मजदूरी के राजा एवं उनके अधीनस्थ जमीदारों के लिए काम करने के लिए विवश थे।

**115. चौथी से नवीं शताब्दी के बीच, कांचीपुरम किस साम्राज्य की राजधानी थी?**
(a) पांड्य (b) पल्लव
(c) चोल (d) चेर
**SSC GD 22/02/2019 (Shift-II)**
**SSC GD 10/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** चौथी से नवी शताब्दी के बीच कांचीपुरम 'पल्लव' साम्राज्य की राजधानी थी। कांचीपुरम को ''हजारों मंदिरों का शहर'' के नाम से जाना जाता है। कांचीपुरम का उल्लेख दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व मे पतंजलि द्वारा लिखित महाभाष्य में किया गया था।

| राजवंश | राजधानी |
|---|---|
| पांड्य राजवंश | मदुरा (मदुरई) |
| चोल राजवंश | तिरुवरूर/तंजावुर |
| चेर | करुरवांची/कुलशेखरपुरम |

**116. नटराज की कांस्य प्रतिमा किसके शासनकाल के दौरान निर्मित की गई थी?**
(a) पल्लव (b) पंड्या (c) चेरा (d) चोल
**SSC GD 14/02/2019 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** नटराज की कांस्यमूर्ति चोल वंश से संबंधित है। नटराज का अर्थ है- तांडव नृत्य की मुद्रा में शिव। चोलों के समय निर्मित धातु मूर्तियों में 'नटराज शिव' की कांस्य प्रतिमा को विश्व के श्रेष्ठतम मूर्ति शिल्प में से एक माना जाता है। नटराज शिव जी के अनेक रूपों में से एक है जिसमें वह सबसे उत्तम नर्तक है।

**117. चोल साम्राज्य के संस्थापक का नाम बताइए जिसने तंजौर पर कब्जा किया और जिसके बाद आदित्य राजा बना।**

(a) गंडारादित्य (b) उत्तम
(c) राजाधिराज (d) विजयालय

**SSC GD 05/03/2019 (Shift-I)**
**SSC GD 14/12/2021 Shift-II**

**Ans. (d) :** पल्लव शासकों का सामंत विजयालय ने नौवीं शताब्दी में चोल साम्राज्य की स्थापना की। इसने तंजौर (तंजावुर) पर अपना अधिकार कर अपनी नई राजधानी बनाई। तंजौर को जीतने के उपलक्ष्य में विजयालय ने 'नरकेसरी' की उपाधि धारण की थी। विजयालय का पुत्र आदित्य प्रथम अपने पिता के मृत्यु के उपरान्त 875 ई. में शासक बना। आदित्य प्रथम ने अंतिम अयोग्य पल्लव शासक अपराजित वर्मन को हराकर स्वतंत्र चोल साम्राज्य की स्थापना की। पल्लवों पर विजय और स्वतंत्र चोल साम्राज्य स्थापित करने के बाद आदित्य प्रथम ने 'कोदण्डराम' की उपाधि धारण की।

**118. कर्नाटक के राष्ट्रकूट वंश के पहले और सबसे महत्वपूर्ण राजा कौन थे जिन्होंने बादामी के चालुक्य वंश को हराया था?**

(a) दन्तिदुर्ग (b) हरिहर I
(c) उत्तमा (d) बिन्दुसार

**SSC GD 06/03/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** राष्ट्रकूट राजवंश का संस्थापक दन्तिदुर्ग था। इसने 752 ई. में चलुव्य वंश (बादामी) के शासक कीर्तिवर्मन द्वितीय को पराजित किया। अपने राज्य की राजधानी मान्यखेट को बनायी। कर्क द्वितीय राष्ट्रकूट वंश का अंतिम शासक था।

**119. दक्षिण के चोल शासकों के प्रभाव का काल था :**

(a) 17वीं शताब्दी ईसवी सन्
(b) 9वीं शताब्दी ईसवी सन्
(c) 19वीं शताब्दी ईसवी सन्
(d) 9वीं शताब्दी ईसा पूर्व

**SSC GD 11/03/2019 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** चोल साम्राज्य की स्थापना 9वीं शताब्दी (850 ई.-872 ई.) में विजयालय चोल ने की। विजयालय ने नरकेसरी की उपाधि धारण की तथा निशुंभसुदीनी (दुर्गा) मंदिर का निर्माण करवाया था। चोल वंश के प्रमुख शासक विजयालय, आदित्य प्रथम, परांतक प्रथम, राजराज प्रथम आदि थे।

## 9. प्राचीन भारतीय कला एवं साहित्य (Ancient Indian Art and Literature)

**120. प्रसिद्ध पुस्तक अर्थशास्त्र हमें बताती है कि मौर्य काल के दौरान उत्तर-पश्चिम कंबलों, और ________ अपने सोने और कीमती पत्थरों के लिए महत्वपूर्ण था।**

(a) दक्षिण भारत (b) पश्चिम भारत
(c) पूर्वी भारत (d) उत्तर भारत

**SSC GD 20/02/2024 (SHIFT-II)**

**Ans. (a) :** कौटिल्य द्वारा रचित प्रसिद्ध पुस्तक अर्थशास्त्र हमें यह जानकारी देती है कि मौर्य काल के दौरान उत्तर-पश्चिम कंबलों, और दक्षिण भारत अपने सोने और कीमती पत्थरों के लिए महत्वपूर्ण था। अर्थशास्त्र एक प्राचीन भारतीय ग्रन्थ है जो शासन, कला, आर्थिक नीति और सैन्य रणनीति के बारे में हमें जानकारी प्रदान करता है।

**121. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक बाणभट्ट द्वारा लिखित है?**

(a) अष्टाध्यायी (b) हर्षचरितम
(c) अक़बरनामा (d) मालविकाग्निमित्रम्

**SSC GD 26/11/2021 Shift-III**
**SSC GD 23/11/2021 Shift-II**

**Ans. (b) :** महाकवि बाणभट्ट सम्राट हर्षवर्धन (606-648 ई.) के दरबारी कवि थे इन्होंने संस्कृत में हर्षचरित तथा कादम्बरी नामक दो गद्य काव्यों की रचना की। हर्षचरित में बाणभट्ट ने हर्षवर्द्धन की वंशावली देते हुए उनके राजा बनने तक का वर्णन किया है। ''अष्टाध्यायी'' (संस्कृत व्याकरण) महर्षि पाणिनि द्वारा, 'अकबर नामा' अबुलफजल द्वारा तथा मालविकग्निमित्रम् कालिदास द्वारा रचित संस्कृत नाटक है।

**122. चंदेला राजवंश के किस राजा ने कंदरिया महादेव का निर्माण करवाया था?**

(a) यशोवर्मन (b) विजयपाल
(c) विद्याधर (d) धंगदेव

**SSC GD 22/11/2021 Shift-II**
**SSC GD 30/01/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (a) :** कन्दरिया महादेव मन्दिर खजुराहो, मध्य प्रदेश में चन्देल वंश के राजा यशोवर्मन द्वारा लगभग 1025-1050 के आस-पास बनवाया गया था। इस मन्दिर को चतुर्भुज मन्दिर के नाम से भी जाना जाता है जो अपनी वास्तुकला की भव्यता और सुन्दरता का एक नमूना है। इसमें भगवान शिव के साथ-साथ अन्य देवी देवताओं की भी प्रतिमाएँ हैं।

**123. कंधार के द्विभाषी शैल शिलालेख किन दो भाषाओं में लिखे गए हैं?**

(a) फारसी और आर्मेइक (b) ग्रीक और आर्मेइक
(c) अरबी और ग्रीक (d) ग्रीक और प्राकृत

**SSC GD 18/11/2021 Shift-II**

**Ans. (b) :** कंधार का द्विभाषी शिलालेख, सम्राट अशोक द्वारा 260 ईसा पूर्व शिला पर दो भाषाओं (ग्रीक तथा आर्मेइक) में लिखे गये है। यह अशोक द्वारा निर्मित पहला शिलालेख है जो उसके शासन के 10 वें वर्ष में उत्कीर्ण कराया गया था।

**124. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द भारत में मंदिर स्थापत्यकला से संबंधित नहीं है?**

(a) द्रविड़ (b) ऊर्ध्वका
(c) बेसर (d) नागर

**SSC GD 13/12/2021 Shift-III**

**Ans. (b) :** मंदिर निर्माण की प्रक्रिया का आरंभ 'मौर्य काल' से ही शुरू हुआ था किन्तु आगे चलकर उसमें सुधार हुआ तथा 'गुप्तकाल' को मंदिरों की विशेषताओं से परिपूर्ण देखा जाता हैं। मंदिरों के निर्माण में तीन प्रकार की शैलियों नागर, बेसर, तथा द्रविड़ का प्रयोग किया जाता है।

125. _______, सारग्राही कला (eclectic art) के उच्च स्तर को दर्शाता है, जिसमें 7वीं और 8वीं शताब्दी में चालुक्य वंश के अधीन उत्तरी और दक्षिणी भारत की वास्तुकलाओं का सुमेलित मिश्रण हुआ है ।

(a) कोणार्क (b) पट्टदकल
(c) भीमबेटक (d) कोच्चि

**SSC GD 16/12/2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** बादामी के चालुक्यों की कला का चरमोत्कर्ष पट्टदकल में दिखता है। यह बेसर शैली में है। यहाँ के मन्दिरों में चट्टानों को काटकर संयुक्त कक्ष और विशेष ढाँचे वाले मन्दिरों का निर्माण देखने को मिलता है। इन्हें यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया है।

126. निम्नलिखित में से कौन सा प्राचीन भारत में इलंगो द्वारा रचित एक प्रसिद्ध तमिल महाकाव्य है ?

(a) शिलप्पादिकारम (b) शिशुपाल वध
(c) रामचरितम (d) ऐतरेय ब्राह्मण

**SSC GD 15/12/2021 Shift-I**

**Ans. (a) :** शिलप्पादिकारम एक प्रसिद्ध तमिल काव्य है इसके लेखक इलंगो आदिगल थे। यह जैनी थे अतः इस पुस्तक पर जैन धर्म का प्रभाव दिखता है। यह तमिल भाषा का पहला काल ग्रन्थ है। प्रो. मेहेण्डाले ने इसे 'तमिल साहित्य का इलियड' कहा है। इसे तमिल साहित्य का रत्न भी माना जाता है। शिलप्पादिकारम में 32 प्रकार के सूती वस्त्रों की चर्चा की गई है। शिशुपाल वध के लेखक महाकवि माघ हैं।

127

(a) हर्षवर्धन (b) अशोक
(c) चंद्रगुप्त मौर्य (d) कनिष्क

**SSC GD 14/12/2021 Shift-III**

**Ans. (d) :** अश्वघोष, एक दार्शनिक और कवि थे। जिन्हें कालिदास (5वीं शताब्दी) से पहले भारत का सबसे महान कवि और संस्कृत नाटक का जनक माना जाता है। उन्होंने काव्य के नाम से जानी जाने वाली संस्कृत कविता की शैली को लोकप्रिय बनाया। अश्वघोष ने कनिष्क के दरबार को सुशोभित किया। उनका जन्म उत्तर भारत के साकेत में हुआ था।

128. ———— स्थापत्य कला की एक शैली है जिसमें नागर और द्रविड़ शैली के तत्वों का समावेश है।

(a) प्रशस्ति (b) संहिता
(c) बेसर (d) तोरण

**SSC GD 08/12/2021 Shift-III**

**Ans. (c) :** नागर और द्रविड़ शैली के मिश्रित रूप को बेसर शैली कहते हैं। इस शैली को चालुक्य शैली भी कहा जाता है। बेसर शैली के मंदिरों का आकार आधार से शिखर तक गोलाकार (वृत्ताकार) या अर्द्ध गोलाकार होता है। वृंदावन का वैष्णव मंदिर इसी शैली में बना है।

129. कल्हण एक लेखक थे जिन्होंने______के राजाओं के बारे में एक संस्कृत कविता लिखी थी।

(a) मेवाड़ (b) कश्मीर
(c) दिल्ली (d) विजयनगर

**SSC GD 07/12/2021 Shift-III**

**Ans. (b) :** संस्कृत साहित्य में ऐतिहासिक घटनाओं को क्रमबद्ध तरीके से लिखने का सर्वप्रथम प्रयास कल्हण द्वारा किया गया। कल्हण द्वारा रचित पुस्तक राजतरंगिणी (राजाओं की नदी) है। इस ग्रन्थ में आठ सर्ग हैं जिन्हें तरंगो की संज्ञा दी गई है। इसमें प्रारम्भ से लेकर 12वीं सदी तक के कश्मीर के शासकों का वर्णन है।

130. नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालयों के संस्थापक निम्नलिखित में से कौन थे?

(a) धर्मपाल (b) मिहिरभोज
(c) गोपाल (d) लक्ष्मण सेन

**SSC GD 03/12/2021 Shift-III**

**Ans. (a) :** धर्मपाल पाल वंश का शासक था। पाल वंश की स्थापना 750 ई. में गोपाल ने की थी। इस वंश ने बिहार और अखण्डित बंगाल पर लगभग 750 से 1174 ई. तक शासन किया। धर्मपाल गोपाल के बाद शासक बना तथा साम्राज्य विस्तार के साथ-साथ कई विहारों को दान दिया तथा पुनरूध्दार कराया। उसने प्रसिद्ध विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना भागलपुर (बिहार) में किया था तथा नालंदा विश्वविद्यालय का पुनरूद्धार कराया और व्यय के लिये 200 ग्रामों को दान में दिया था।

131. तंजौर में बृहदेश्वर मंदिर किस धार्मिक संप्रदाय का है?

(a) अलवार (b) शक्ति
(c) नयनार (d) वैदिक

**SSC GD 13/02/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** दक्षिण भारत में शैव धर्म का प्रचार-प्रसार नयनार सन्तों द्वारा किया गया। नयनार सन्तों की संख्या 63 बतायी गयी है। चोल शासक 'राजराज प्रथम' ने तंजौर में प्रसिद्ध राजराजेश्वर शैव मंदिर का निर्माण कराया, जिसे वृहदेश्वर मन्दिर के नाम से भी जाना जाता है। जो नयनारों (शैव धर्म) से संबंधित है।

132. नागर-शैली वास्तुकला से निर्मित कौन से प्रसिद्ध मंदिर अपनी कामोत्तेजक/कामुक मूर्तिकला के लिए प्रसिद्ध है?

(a) खजुराहो (b) सोमनाथ
(c) हम्पी (d) मिनाक्षी

**SSC GD 14/02/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** मध्य प्रदेश के छतरपुर में स्थित खजुराहो के मंदिर नागर-शैली में निर्मित अपनी अद्भुत शिल्पकला और अकल्पनीय मूर्तिकला के लिए प्रसिद्ध है। इन मंदिरों का निर्माण 10वीं से 12वीं शताब्दी के मध्य चंदेल शासकों ने करवाया था। खजुराहो के मंदिर सभी प्रमुख भारतीय मूल के धर्मो-वैष्णव, शैव और जैन से संबंध रखते है। खजुराहो के मंदिर कामक्रीडा कला के लिए विश्व में विख्यात है।

133. कोणार्क सूर्य मंदिर कहाँ स्थित है?

(a) मदुरई (b) ओड़िशा
(c) केदारनाथ (d) तिरुपति

**SSC GD 18/02/2019 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** कोणार्क सूर्य मंदिर ओड़िशा राज्य में स्थित है। इसे गंग वंश के राजा नरसिंहदेव द्वारा 1236-1264 में बनवाया गया। कलिंग शैली में निर्मित यह मंदिर सूर्य देव (अर्क) के रथ के रूप में निर्मित है। इसे 'ब्लैक पैगोडा' भी कहा जाता है। यह सूर्य मंदिर अपनी शानदार वास्तुकला तथा जटिल और समृद्ध मूर्तिकला के लिए जाना जाता है। सन् 1984 में यूनेस्को ने इसे विश्व धरोहर स्थल के रुप में मान्यता दी थी।

**134. उत्तर भारत में प्रचलित मंदिर वास्तुकला की शैली —— —— है।**

(a) नागर (b) वेसर
(c) द्रविड़ (d) शिखर

**SSC GD 19/02/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** उत्तर भारत के मंदिरों की वास्तुकला की शैली 'नागर शैली' एवं दक्षिण भारत के मंदिरों की वास्तुकला 'द्रविड़ शैली' कहलाती है। दक्षिणापथ के मंदिरों के निर्माण में नागर और द्रविड़ दोनों शैलियों का प्रभाव पड़ा इसलिए यह 'बेसर शैली' कहलाती है।

**135. भारत में वैष्णववाद की वृद्धि का प्रमाण 'हेलिओडोरस स्तंभ', किस भारतीय शहर में स्थित है?**

(a) उज्जैन (b) लखनऊ
(c) कानपुर (d) विदिशा

**SSC GD 01/03/2019 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** 'हेलिओडोरस स्तंभ' भारत के मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में आधुनिक बेसनगर के पास स्थित पत्थर से निर्मित प्राचीन स्तम्भ है। इसका निर्माण 113 ई. पू. से 110 ईसा पूर्व के मध्य हेलिओडोरस ने कराया था जो भारतीय यूनानी राजा अंति अलषि दास के दरबार में राजदूत था जिस बाद में शुंग राजा भागभद्र के दरबार में भेजा गया।

**136. 'चरक संहिता' पाठ के अनुसार मानव शरीर में कितनी हड्डियाँ होती है?**

(a) 206 (b) 360
(c) 370 (d) 208

**SSC GD 13/02/2019 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** 'चरक संहिता' आयुर्वेद का एक प्रसिद्ध ग्रंथ है। यह संस्कृत भाषा में लिखित है इसके रचनाकार आचार्य चरक हैं। इसमें मानव शरीर से संबंधित अनेकानेक रोगों के लक्षण तथा उनसे संबंधित चिकित्सा वर्णित है। 'चरक संहिता' के अनुसार मानव शरीर में 360 हड्डियाँ होती हैं।

**137. 'रावण शेकिंग माउंट कैलाश' नामक लोकप्रिय चित्रण निम्न में से किस गुफा में चित्रित किया गया है?**

(a) कन्हेरी (b) एलोरा
(c) हाथीगुफा (d) अजन्ता

**SSC GD 13/02/2019 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** अपनी स्मारक गुफाओं के लिए प्रसिद्ध एलोरा यूनेस्को द्वारा घोषित एक विश्व धरोहर स्थल है जो भारत में औरंगाबाद (महाराष्ट्र) से 30 किमी. की दूरी पर स्थित है। रावण के द्वारा 'कैलाश पर्वत' को हिलाने वाला प्रसिद्ध उत्कीर्णित दृश्य एलोरा की गुफा में है। एलोरा की गुफा संख्या 16 को कैलाश गुफा के नाम से भी जाना जाता है। इसी गुफा में रावण द्वारा कैलाश पर्वत को हिलाने वाला दृश्य उत्कीर्णित है।

**138. 'संगम साहित्य' किस भारतीय भाषा में लिखा गया है?**

(a) संस्कृत (b) कन्नड़ (c) तमिल (d) तेलुगू

**SSC GD 22/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** संगम साहित्य तमिल भारतीय भाषा में लिखा गया है।

**139. 'गांधार कला शैली (स्कूल ऑफ आर्ट)' ——— राजवंश के तहत विकसित हुई।**

(a) चोल (b) मौर्य
(c) नंद (d) कुषाण

**SSC GD 18/02/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** यूनानी कला के प्रभाव से देश के पश्चिमोत्तर प्रदेशों में कला की जिस नवीन शैली का उदय हुआ उसे गांधार शैली कहा गया। गांधार कला शैली कुषाण राजवंश के तहत विकसित हुई है। कुषाण काल मूर्तिकला की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण था। गांधार शैली को ग्रीक बौद्ध शैली भी कहा जाता है। इसकी विषय वस्तु बौद्ध परम्परा से ली गई थी किन्तु निर्माण का ढंग यूनानी रोमन था।

## 10. विविध (Miscellaneous)

**140. शुंग द्वारा उपयोग की जाने वाली लिपी ब्राह्मी का एक प्रकार थी, ओर इसका उपयोग —— भाषा लिखने के लिए किया जाता था।**

(a) संस्कृत (b) अंग्रेजी
(c) हिंदी (d) उर्दू

**SSC GD 26/02/2024 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** शुंग द्वारा उपयोग की जाने वाली लिपी ब्राह्मी का एक प्रकार थी, ओर इसका उपयोग संस्कृत भाषा लिखने के लिए किया जाता था।

**141. निम्नलिखित में से कौन-सा चीनी तीर्थयात्री श्वैन त्सांग के लगभग 50 वर्ष बाद भारत आया था?**

(a) त्सांग हाय (b) लाओ त्सू
(c) फाहियान (d) आई-किंग

**SSC GD 08/02/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (*) :** चीनी यात्रियों का भारत में आने का क्रम–
फाहियान (5वीं सदी) – चन्द्रगुप्त द्वितीय के समय
हेनसांग (7वीं सदी) – हर्षवर्धन के काल में
ह्वेनसांग (7वीं सदी के अंत) – नालंदा का भ्रमण किया
अतः कोई भी विकल्प सही उत्तर नहीं प्रस्तुत कर रहा।

**142. प्रसिद्ध शासक कनिष्क __________ वंश के थे।**

(a) हूण (b) कुषाण
(c) शुंग (d) शक

**SSC GD 07/02/2023 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** प्रसिद्ध शासक कनिष्क कुषाण वंश के थे। कुषाण वंश की स्थापना कुजुल कडफिसेस द्वारा की गयी थी। इसकी राजधानी पुरूषपुर या पेशावर थी। कुषाणों की द्वितीय राजधानी मथुरा थी। कनिष्क ने 78 ई. में 'शक संवत्' चलाया, जिसे भारत सरकार द्वारा प्रयोग में लाया जाता है। कनिष्क बौद्ध धर्म के महायान शाखा का अनुयायी था।

**143. राजा आम्भी कहाँ के शासक थे ?**

(a) उज्जैन (b) तक्षशिला
(c) कन्नौज (d) अयोध्या

**SSC GD 02/12/2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** आम्भी ई.पू. 327-26 में सिकन्दर के आक्रमण के समय तक्षशिला के राजा थे। वह पोरस का प्रतिद्वन्दी था, जिसका राज्य झेलम के पूर्व में था। आम्भी का राज्य सिन्धु और झेलम के बीच स्थित था।

# 2. मध्यकालीन इतिहास (Medieval History)

## 1. दिल्ली सल्तनत (Delhi Sultanate)

**1. मोठ की मस्जिद ______ शासक के शासनकाल में बनावाई गई थी।**

(a) मुहम्मद तुगलक़ (b) सिकंदर लोदी
(c) बहलोल लोदी (d) फिरोज शाह तुगलक़

**SSC GD 24/01/2023 (Shift-III)**
**SSC GD 22/02/2024 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** मोठ की मस्जिद का निर्माण सिकंदर लोदी के शासन काल में हुआ। मोठ की मस्जिद का निर्माण 1505 में सिकंदर लोदी के वजीर मिया भोइया द्वारा कराया गया था। सिकंदर लोदी ने अपनी राजधानी को दिल्ली से आगरा स्थानांतरित कर दिया। ध्यातव्य है कि सिकंदर लोदी एक विद्वान तथा कवि भी था तथा उसने फारसी में गुलरुखी नाम से अनेक कविताओं की रचना की।

**2. ग़यासुद्दीन बलबन ने निम्नलिखित में से किस काल में भारत में शासन किया था?**

(a) 1266-1287 (b) 1206-1210
(c) 1235-1265 (d) 1211-1240

**SSC GD 31/01/2023 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** गयासुद्दीन बलबन सल्तनत काल का सबसे योग्य, सक्षम एवं प्रभावशाली शासक था। इसका वास्तविक नाम बहाउद्दीन बलबन था। इसका शासनकाल 1266-1287 था। इसे ख्वाजा जमालुद्दीन बसरी नामक व्यक्ति खरीद कर 1232-33 में दिल्ली लाया। अपनी योग्यता के आधार पर वह अन्ततः दिल्ली के सिंहासन पर आरुढ़ हुआ।

**3. दिल्ली सल्तनत के अधीन प्रशासन की भाषा कौन सी थी ?**

(a) तुर्की (b) संस्कृत
(c) फ़ारसी (d) उर्दू

**SSC GD 30/11/2021 Shift-II**
**SSC GD 28/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** दिल्ली के सुल्तानों के अधीन प्रशासन की भाषा फारसी थी। इतिहासकारों के मतानुसार 1206 ई. से 1526 ई. तक उत्तर - भारत के विशाल भू-भाग पर शासन करने वाले पाँच वंश के सुल्तानों के शासनकाल को दिल्ली सल्तनत कहा जाता है। ये पाँच वंश क्रमशः गुलाम वंश (1206- 1290), खिलजी वंश (1290-1320) तुगलक वंश (1320-1414), सैयद वंश (1414-1451) तथा लोदी वंश (1451-1526) थे। इनमें से पहले चार वंश मूल रूप से तुर्क थे और आखिरी अफगान था।

**4. अलाउद्दीन खिलजी द्वारा लगाया गया 'खराज' कर, किसान की उपज के लगभग ____ % हिस्से के बराबर होता था।**

(a) 10 (b) 50
(c) 25 (d) 20

**SSC GD 13/12/2021 Shift-III**

**Ans. (b) :** अलाउद्दीन खिलजी (1296 ई.- 1316 ई.) दिल्ली सल्तनत का प्रथम सुल्तान था, जिसने दक्षिण भारत में विजय प्राप्त की थी। इसके दक्षिण भारत अभियान का नेतृत्व सेनापति मलिक कफूर ने किया था। अलाउद्दीन के काल में भू-राजस्व की दर सर्वाधिक थी। एक अध्यादेश द्वारा उसने उपज का 50% भूमि कर (खराज) के रूप में निश्चित किया था।

**5. निम्नलिखित में से कौन अलाउद्दीन खिलजी के दरबारी कवि थे जिन्होंने प्रसिद्ध कविता 'हश्त -बहिश्त' लिखी थी ?**

(a) आगा हसन अमानत (b) अमीर खुसरो
(c) हरिषेण (d) चंदबरदाई

**SSC GD 15/12/2021 Shift-III**

**Ans. (b) :** अमीर खुसरो ने 'हश्त बहिश्त' कविता लिखी थी। अमीर खुसरो अलाउद्दीन खिलजी के दरबारी कवि भी थे। अमीर खुसरो का वास्तविक नाम अबुल हसन था। अमीर खुसरो हज़रत निज़ाम-उद्दीन औलिया के शिष्य थे। इनका जन्म 1253 ई. में एटा, उत्तर प्रदेश में हुआ तथा मुत्यु 1325 ई. में हुई थी। अमीर खुसरो को खड़ी बोली का जनक माना जाता है। अमीर खुसरो की प्रमुख रचनाएँ - खालिकबारी, खुसरो की पहेलियाँ, मुकरिया, शृंगारी, किरान-उल-सदामन, खजाइन-उल-फुतुह (तारीख-ए-इलाही), देवलरानी खिज्र खाँ (आशिका), मजनू-लैला आदि है।

**6. अलाउद्दीन खिलजी ने अपने सैनिकों के लिए एक नए सैनिक-नगर का निर्माण कराया, जिसका नाम ——— था।**

(a) बंगाल (b) सिंध
(c) मैसूर (d) सीरी

**SSC GD 02/12/2021 Shift-III**

**Ans. (d) :** अलाउद्दीन खिलजी (1296-1316ई.) दिल्ली सल्तनत के खिलजी वंश का शासक था। उसका काल सैनिक सुधारों के दृष्टिकोण से विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उसने स्थायी सेना का गठन किया। सैनिकों की सीधी भर्ती की तथा उन्हें नकद वेतन देने की व्यवस्था शुरू की। उसने घोड़ों के अदला-बदली को रोकने हेतु घोड़ों को दागने की व्यवस्था की शुरूआत की। उसने 1303 ई. 'सीरी' में एक सैनिक-नगर का निर्माण कराया था।

**7. निम्नलिखित में से कौन-सा स्मारक खिलजी राजवंश द्वारा बनवाया गया था?**

(a) बड़ा गुंबद (b) सफदरजंग का मकबरा
(c) अलाई दरवाजा (d) शीश गुंबद

**SSC GD 25/11/2021 Shift-III**

**Ans. (c) :** गुलामवंश के शासन को समाप्त कर 13 जून, 1290 ई. को जलालुद्दीन फिरोज खिलजी ने खिलजी वंश की स्थापना की थी। अलाई दरवाजा दिल्ली के मेहरौली में कुव्वत-उल-इस्लाम दक्षिणी प्रवेश द्वार है। इसका निर्माण 1311 ई. में सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी द्वारा लाल बलुआ पत्थर द्वारा करवाया गया था। इसे इस्लामी वास्तुकला का रत्न कहा जाता है। इसके अतिरिक्त जमात खाना मस्जिद, सीरी का किला व हजार खम्भा महल का निर्माण भी अलाउद्दीन खिलजी ने करवाया था।

8. **लोदी वंश की नींव निम्नलिखित में से किसके द्वारा रखी गई थी?**

(a) बहलोल लोदी (b) जलालुद्दीन लोदी
(c) इब्राहिम लोदी (d) सिकंदर लोदी

**SSC GD 24/11/2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** लोदी वंश का संस्थापक बहलोल लोदी था। वह 19 अप्रैल, 1451 को 'बहलोल शाहगाजी' की उपाधि से दिल्ली के सिंहासन पर बैठा। दिल्ली पर प्रथम अफगान राज्य की स्थापना का श्रेय बहलोल लोदी को दिया जाता है। बहलोल लोदी ने बहलोल सिक्के का प्रचलन करवाया। बहलोल लोदी का पुत्र निजाम खाँ 17 जुलाई, 1489 ई में 'सुल्तान सिकन्दर शाह' की उपाधि से दिल्ली के सिंहासन पर बैठा।

9. **दिल्ली सल्तनत के दौरान निम्नलिखित में से किस प्रकार का कर एकत्र किया जाता था?**

(a) खराज कर (b) रैयतवाड़ी कर
(c) महालवाड़ी कर (d) आयकर

**SSC GD 22/11/2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** दिल्ली सल्तनत काल में कर व्यवस्था शरीयत के आधार पर निर्धारित थी। शरीयत के अनुसार चार प्रकारों के करों का उल्लेख मिलता है–

(i) खराज - यह हिन्दु किसानों पर लागू भूमिकर था, जो उत्पादकता का 1/4 से 1/3 भाग था।
(ii) जजिया – यह एक गैर-धार्मिक कर था, जो गैर मुस्लिम जनता से सल्तनत द्वारा सुरक्षा के नाम पर वसूला जाता था।
(iii) खम्स – यह युद्ध में लूटे गये माल पर लगने वाला कर था।
(iv) जकात – यह एक धार्मिक कर था, जो मुस्लिम अमीरों की आय व सम्पत्ति पर 2.5% के रूप में लगता था।

10. **दिल्ली में जमात खाना मस्जिद का निर्माण निम्नलिखित में से किसने करवाया था?**

(a) जलालुद्दीन फिरोज खिलजी
(b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) खिज्र खाँ
(d) कुतब अल-दीन मुबारक शाह

**SSC GD 18/11/2021 Shift-II**

**Ans. (b) :** जमात खाना मस्जिद का निर्माण अलाउद्दीन खिलजी ने निजामुद्दीन औलिया के निकट करवाया था। इसका निर्माण लाल बलुआ पत्थर से किया गया है। जमातखाना मस्जिद तत्कालीन मस्जिदों में सबसे बड़ी है।

11. **मुहम्मद तुगलक ने अपने सैनिकों को भुगतान करने के लिए 'टोकन' मुद्रा का इस्तेमाल किया था, जो निम्न से बनी थी:**

(a) अमूल्य सोना (b) चाँदी
(c) काँस्य (d) सस्ती धातु

**SSC GD 18/11/2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** मुहम्मद तुगलक ने अपने सैनिकों को वेतन देने के लिए कागजी मुद्रा की तरह 'टोकन' (सांकेतिक) मुद्रा चलाई थी। ये सिक्के धातु के बने होते थे, लेकिन सोना-चाँदी के न होकर सस्ती धातु के थे। इस सस्ती मुद्रा से जाली सिक्के बड़ी आसानी से बनाए जा सकते थे।

12. **कुतुबमीनार के पांचवें तल का निर्माण निम्न में से किसके शासनकाल के दौरान किया गया था?**

(a) इल्तुतमिश (b) रज़िया सुल्तान
(c) फ़िरोज़ शाह तुग़लक़ (d) मोहम्मद-बिन-तुग़लक़

**SSC GD 17/11/2021 Shift-II**

**Ans. (c) :** कुतुबमीनार भारत में दिल्ली के पास मेहरौली में स्थित ईंट से बनी विश्व की सबसे ऊँची मीनार है। दिल्ली के प्रथम मुस्लिम शासक कुतुबद्दीन ऐबक ने इसका निर्माण कार्य प्रारम्भ करवाया किन्तु वह केवल इसका आधार ही पूरा कर पाया। इसके उत्तराधिकारी इल्लतुतमिश ने इसकी तीन मंजिले बनवायी और निर्माण कार्य पूरा किया। फिरोज शाह तुगलक के समय में आकाशीय बिजली गिरने के कारण इसकी चौथी मंजिल नष्ट हो गयी जिसके फलस्वरूप फिरोजशाह तुगलक ने इसमें दो मंजिलें बनवायी और इसमें पाँच मंजिले हो गई।

13. **निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?**

(a) कुतुबउद्दीन ऐबक ने दिल्ली पर 1206-1210 तक शासन किया
(b) दिल्ली सुल्तानों के समय अरबी प्रशासनिक कामकाज की भाषा थी।
(c) दिल्ली पहले तोमर राजपूतों के अधीन एक राज्य की राजधानी बनी।
(d) दिल्ली में ढाले गए सिक्कों को 'देहलीवाल' कहा जाता था।

**SSC GD 13/12/2021 Shift-II**

**Ans. (b) :** दिल्ली नगर की स्थापना 11वीं शताब्दी में तोमर वंश के राजपूत शासक द्वारा की गयी और बाद में पृथ्वीराज चौहान ने दिल्ली पर शासन किया। 1192 ई. में 'तराइन की दूसरी लड़ाई' में मुहम्मद गौरी से पृथ्वी राज चौहान के पराजित हो जाने पर दिल्ली मुस्लिम शासको के नियंत्रण में आ गयी और आगामी 600 वर्षो तक उनके अधीन रही।
कुतुबुद्दीन ऐबक 1206-1210 ई. तक दिल्ली पर शासन किया। दिल्ली के सुल्तानों के शासनकाल में प्रशासन की भाषा 'फारसी' थी तथा यहा ढाले गये सिक्कों को 'देहलीवाल' कहा जाता था।

14. **दिल्ली के सुल्तानों के शासनकाल के दौरान, एक पांडुलिपि तैयार करने के लिए चार चरण आवश्यक होते थे। निम्नलिखित में से कौन सा चरण उनमें से एक नहीं था?**

(a) पाठ का लेखन
(b) बंध या बाइंडिंग बनाना
(c) पाठ को संपादित करना
(d) महत्वपूर्ण शब्दों और अंशो को चिह्नित करने के लिए सोना पिघलाना

**SSC GD 07/12/2021 Shift-I**

**Ans. (c) :** दिल्ली सल्तनत काल में पांडुलिपियों को तैयार करने के चार चरण निम्न थे।

(i) कागज प्रकाशित करना

(ii) पाठ का लेखन करना

(iii) महत्त्वपूर्ण शब्दों और अंशों को निहित करने के लिए सोना पिघलाना।

(iv) बंध या बाइंडिंग बनाना परन्तु पाठ को सम्पादित करना उन चरणों में शामिल नही था।

पांडुलिपि से तात्पर्य हाथ से लिखी जाने वाली लिपि से है। भारत में पांडुलिपि को पहले भोजपत्र, ताड़पत्र, तामपत्र, लकड़ी, पत्थरों आदि पर लिखा जाता था। पांडुलिपि का प्रयोग राजा महाराजा के कार्यों का वर्णन करने हेतु एवं उनके द्वारा किए गए विकास को लिखने में प्रयोग किया जाता था।

**15. कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद कहाँ स्थित है ?**

(a) पुणे (b) दिल्ली
(c) मैसूर (d) आगरा

**SSC GD 01/12/2021 Shift-III**

**Ans. (b) :** कुवत-उल-इस्लाम मस्जिद दिल्ली में स्थित है इसकी निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक ने करवाया था। कुतुबुद्दीन ऐबक गुलाम वंश का संस्थापक था। इसने गुलाम वंश की स्थापना 1206 ई. में किया था। कुतुबुद्दीन ऐबक गोरी का गुलाम था। इसने अपनी राजधानी लाहौर में बनायी थी। कुतुबमीनार की नींव कुतुबुद्दीन ऐबक ने डाली थी तथा अजमेर का ढाई दिन का झोपड़ा नामक मस्जिद का निर्माण भी ऐबक ने करवाया था।

**16. दिल्ली सल्तनत में सैन्य कमांडरों को सौंपी गई प्रादेशिक इकाइयों को_____के रूप में जाना जाता था।**

(a) इक्ता (b) उशर
(c) खराज (d) हुंडी

**SSC GD 15/12/2021 Shift-II**
**SSC GD 01/12/2021 Shift-I**

**Ans. (a) :** दिल्ली सल्तनत में दिन-प्रतिदिन नये-नये राज्यों का उदय हो रहा था, जिसके कारण दिल्ली सल्तनत का विस्तार हो रहा था। धीरे-धीरे दिल्ली सल्तनत इतना बड़ा हो गया कि इस पर अकेले शासन करना सम्भव नहीं था। अतः इल्तुतमिश ने दिल्ली साम्राज्य को कई छोटे-2 क्षेत्रों में विभक्त कर दिया। इन भागों को ही इक्ता कहा गया। तथा इन क्षेत्रों में शासन करने वाले अधिकारी को इक्तेदार कहा गया। इक्ता का अर्थ था धन के बदले वेतन के रूप में भूमि प्रदान करना।

**17. निम्न में से किस शासक ने 'अढ़ाई दिन का झोंपड़ा' नामक मस्जिद का निर्माण कराया था?**

(a) बलबन (b) अब्राहम लोदी
(c) इल्तुतमिश (d) कुतुबउद्दीन ऐबक

**SSC GD 13/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** अढ़ाई दिन का झोपड़ा राजस्थान के अजमेर नगर में स्थित एक मस्जिद है। इसका निर्माण मोहम्मद गोरी के आदेश पर कुतुब-उद-दीन ऐबक ने वर्ष 1192 में शुरू करवाया था।

**18. सुल्ताना रजिया के पिता कौन थे ?**

(a) मुहम्मद तुगलक (b) बलबन
(c) इल्तुतमिश (d) कैकूबाद

**SSC GD 13/02/2019 (Shift-II)**
**SSC GD 29/11/2021 Shift-II**

**Ans (c) :** रजिया अल-दिन (1205-1240), शाही नाम 'जलौलात उद-दिन रजियाँ' जिसे रजिया सुल्तान के नाम से भी जाना जाता है। दिल्ली सल्तनत एवं तुर्की इतिहास की प्रथम मुस्लिम महिला शासिका थी। वह दिल्ली सल्तनत के गुलाम वंश के शासक 'इल्तुतमिश' की पुत्री थी जिसने 1236 ई. से 1240 ई. तक दिल्ली सल्तनत पर शासन किया था।

**19. अमरोहा के युद्ध (1305) में दिल्ली सल्तनत को किसके ऊपर विजय प्राप्त हुई?**

(a) ईस्ट इंडिया कंपनी (b) बीजापुर सल्तनत
(c) मंगोल सेना (d) पुर्तगाली साम्राज्य

**SSC GD 05/03/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** अमरोहा की लड़ाई 20 दिसम्बर, 1305 को भारत की दिल्ली सल्तनत की सेनाओं और मध्य एशिया के मंगोल चगताई खान के बीच लड़ी गई थी। मलिक नायक के नेतृत्व वाली दिल्ली की सेना ने वर्तमान उत्तर प्रदेश में अमरोहा के पास अली बेग और तार्तक के नेतृत्व वाली मंगोल सेना को हराया।

**20. खातोली की लड़ाई (1517) में मेवाड़ के राणा साँगा ने दिल्ली के सुल्तान ——— लोदी को पराजित कर उसे कैद कर लिया तथा फिरौती वसूलने के बाद उसे रिहा कर दिया।**

(a) बहलोल खान (b) कुतुब-उद-दीन
(c) इब्राहिम (d) सिकंदर

**SSC GD 05/03/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** मेवाड़ के महाराणा साँगा और दिल्ली के सुल्तान इब्राहिम लोदी की महत्वाकांक्षाओं के फलस्वरूप दोनों के मध्य 1517 ई. में खातोली का युद्ध हुआ, इस युद्ध में राणा सांगा ने इब्राहित लोदी को पराजित किया तथा उसे कैदकर लिया और फिरौती वसूलने के बाद उसे रिहा कर दिया था।

**21. निम्नलिखित में से किसने अपनी अदालत/दरबार में सिजदा और पैबोस की प्रथा शुरू की?**

(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) फिरोज शाह तुगलक
(c) मुहम्मद बिन तुगलक (d) गयासुद्दीन बलबन

**SSC GD 14/02/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** सल्तनत कालीन सुल्तान बलबन ने ईरानी दरबारी प्रथा सिजदा (घुटनों के बल बैठकर सुल्तान के सामने सिर झुकाना) एवं पैबोस (पेट के बल लेटकर सुल्तान के पैरों को चूमना) को अपने राजदरबार में लागू किया। बलबन ने अपने राज्य में 'रक्त एवं लौह' की नीति लागू की। बलबन ने फारसी त्योहार नौरोज को भी प्रारम्भ किया।

**22. किस दिल्ली सुल्तान ने 'कठोर' नीति अपनाई?**

(a) गियासुद्दीन तुगलक (b) बलबन
(c) इल्तुतमिश (d) अलाउद्दीन खिलजी

**SSC GD (CRPF) 04/10/2015 (Shift-I)**

**Ans. (b)** बलबन ने अत्याधिक कठोर नीति अर्थात रक्त और लौह नीति अपनाई। उसके समय सुल्तान की प्रतिष्ठा और शक्ति गिर गई थी। उसको पुनः स्थापित करना तथा जनसाधरण के प्रति सुल्तान का भय एवं सम्मान उत्पन्न करना और सम्राज्य में कानून व्यवस्था की स्थापना के लिए उसने इस नीति का पालन किया। उसने इल्तुतमिश द्वारा स्थापित चालीसा का प्रभाव समाप्त कर दिया। आन्तरिक विद्रोहों को नियंत्रित कर मंगोलो से राज्य की सुरक्षा की प्रशासन का पुर्नगठन कर अपनी स्थिति पहले से अधिक सुदृढ़ की।

## 2. सूफी एवं भक्ति आंदोलन (Sufi and Bhakti Movement)

**23. सूफी उस्ताद अपनी सभाओं को अपनी खानकाहों में आयोजित करते थे, जिन्हें ——— कहा जाता था।**

(a) स्तूप (b) धर्मशालाएं
(c) दरगाह (d) धर्मस्थल

**SSC GD 13/02/2019 (Shift-I)**
**SSC GD 02/12/2021 Shift-III**
**SSC GD 20/02/2024 (Shift-IV)**

**Ans. (b) :** खानकाह सूफी सन्तों के रहने, ठहरने, धार्मिक प्रवचन का स्थान हुआ करता था। सूफी सन्त अपनी सभाओं को खानकाहों में आयोजित करते थे। इन खानकाहों को 'धर्मशालाएँ' कहा जाता था। ध्यातव्य है कि भारत में सूफी सिलसिले के विभिन्न सम्प्रदाय विकसित हुए जैसे- चिश्ती, सुहरवर्दी, कादिरी तथा नक्शबन्दी सिलसिले।

**24. भक्ति संत, आण्डाल, निम्नलिखित धार्मिक संप्रदायों में से किससे संबंधित थी ?**

(a) बौद्ध (b) वैष्णव (c) शाक्त (d) शैव

**SSC GD 18/02/2019 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** भक्ति संत आण्डाल, वैष्णव संप्रदाय से संबंधित थीं। आण्डाल दक्षिण भारत की प्रसिद्ध महिला सन्त थीं। वे वैष्णव आलवार सन्तों में एकमात्र नारी थी। उन्हें 'दक्षिण की मीरा' कहा जाता है। आण्डाल का जन्म सातवीं या आठवीं शताब्दी ई.पू. माना जाता है।

**25. भारतीय इतिहास के मध्यकाल के कवि तुलसीदास जी ने 'रामचरितमानस' किस भाषा में लिखा था?**

(a) प्राकृत (b) अवधी
(c) पाली (d) संस्कृत

**SSC GD 01/03/2019 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** 16वीं शताब्दी में गोस्वामी तुलसीदास (1532 ई.-1623 ई.) द्वारा श्रीरामचरितमानस की रचना अवधी भाषा में की गयी। इनके द्वारा रचित अन्य प्रमुख रचनाएँ-रामलला नहछू, वैराग्य-संदीपनी, पार्वती-मंगल, जानकी मंगल, विनय पत्रिका, राम शलाका, दोहावली, गीतावली, कवितावली आदि।

## 3. विजयनगर साम्राज्य (Vijay Nagar Empire)

**26. निम्नलिखित में से किस भातरीय शहर का संबंध संगम साहित्य से है?**

(a) उज्जैन (b) सारनाथ
(c) बोधगया (d) मदुरई

**SSC GD 05/03/2024 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** भारतीय शहर मदुरै का संबंध संगम साहित्य से है। संगम तामिल कवियों का एक सम्मेलन था। पाण्ड्य राजाओं द्वारा इन संगमों को शाही संरक्षण प्रदान किया गया। प्रथम संगम मदुरै में आयोजित किया गया। इस संगम का कोई साहित्यिक ग्रंथ उपलब्ध नहीं है। दूसरा संगम कपाटपूरम् में आयोजित किया गया। इस संगम का एकमात्र तामिल व्याकरण ग्रंथ तोलकप्पियम ही उपलब्ध है। तीसरा संगम भी मदुरै में आयोजित हुआ था।

**27. 'महानवमी डिब्बा' का ऐतिहासिक महत्व निम्नलिखित में से किस राजवंश से जुड़ा है?**

(a) चौहान (b) चोल
(c) पांड्य (d) विजयनगर

**SSC GD 25/11/2021 Shift-III**

**Ans. (d) :** 'महानवमी डिब्बा' हम्पी, कर्नाटक में स्थित एक चौक संरचना (पत्थर का मंच) तथा हम्पी का आकर्षण है जिसे विजय नगर साम्राज्य के शासक कृष्णदेव राय द्वारा उदयगिरि पर हुई अपनी जीत के पश्चात बनवाया गया था। यह प्राचीन स्थल हम्पी के शाही महलों में सबसे ऊँची संरचना है।

**28. कृष्णदेवराय, जिन्होंने 1509 से 1529 तक विजयनगर पर शासन किया, किस राजवंश से संबंधित थे?**

(a) तुलुव राजवंश (b) अराविदु राजवंश
(c) सलुव राजवंश (d) संगम राजवंश

**SSC GD 15/12/2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** कृष्णदेव राय (1509 - 29) तुलुव वंश और विजयनगर साम्राज्य के महानतम शासक थे। इन्ही के समय 1526 ई. में उत्तर भारत पर बाबर का आक्रमण और मुगल सत्ता का प्रारम्भ हुआ। बाबर ने अपनी आत्मकथा (तुजुक-ए-बाबरी) में कृष्णदेव राय को भारत का सबसे शक्तिशाली शासक बताया है। अपनी सांस्कृतिक उपलब्धियों के लिए इन्हें आंध्रभोज कहा जाता है। कृष्णदेव राय ने तेलगु में 'अमुक्तमाल्याद्' और संस्कृत में 'जाम्बवती कल्याणम' आदि की रचना की।

**29. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर, विजयनगर के मध्यकालीन हिंदू राज्य से संबंधित अपने खंडहरों के लिए प्रसिद्ध है और इसे विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया है ?**

(a) डांडेली (b) हम्पी
(c) चिकमंगलूर (d) मडिकेरी

**SSC GD 01/12/2021 Shift-III**

**Ans. (b) :** तुंगभद्रा नदी के तट पर स्थित हम्पी (कर्नाटक) मध्यकालीन हिन्दू राज्य विजय नगर साम्राज्य की राजधानी थी। विजय नगर साम्राज्य की स्थापना 1336 ई. हरिहर एवं बुक्का नामक दो भाइयों ने की थी। विजय नगर साम्राज्य के खण्डहर तुंगभद्रा नदी पर स्थित है। यूनेस्को द्वारा इसे वर्ष 1986 में विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया था। यह विश्व का सबसे बड़ा ओपन एयर संग्रहालय भी है।

**30. दक्षिण भारतीय वंश, विजयनगर साम्राज्य किस राजा द्वारा स्थापित किया गया था ?**

(a) नंदीवर्धन (b) हरिहर
(c) बिन्दुसार (d) दंतिदुर्ग

**SSC GD 03/03/2019 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** विजयनगर साम्राज्य मध्यकाल में दक्षिण भारत में कृष्णा एवं तुंगभद्रा नदियों के मध्य विस्तृत था। वर्तमान में यह क्षेत्र दक्षिण भारत में कर्नाटक राज्य के अन्तर्गत आता है। विजयनगर साम्राज्य की स्थापना हरिहर एवं बुक्का नामक दो सगे भाईयों द्वारा 1336 ई0 में की गई थी। इन्होंने अपने पिता संगम के नाम पर संगम राजवंश की स्थापना की थी। विजयनगर साम्राज्य पर 4 राजवंशों क्रमशः संगम वंश, सालुव वंश, तुलुव एवं अराविडु वंश ने 300 वर्षों से अधिक समय तक शासन किया। इस साम्राज्य का महानतम शासक कृष्णदेव राय था। कृष्णदेव राय के शासनकाल में पुर्तगाली यात्री बारबोसा तथा डोमिंगो पायस ने (1515-16) में विजयनगर की यात्रा की थी।

# 4. मुगल साम्राज्य (Mughal Empire)

**31. ——— में, बाबर ने पानीपत में इब्राहिम लोदी को हराया।**

(a) 1528 (b) 1532
(c) 1530 (d) 1526

**SSC GD 14/02/2019 Shift-II**
**SSC GD 09/02/2023 (Shift-I)**
**SSC GD 01/03/2024 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** पानीपत का प्रथम युद्ध 21 अप्रैल, 1526 को इब्राहिम लोदी व बाबर के मध्य लड़ा गया था जिसमें बाबर ने इब्राहिम लोदी को पराजित किया था। इसी युद्ध में बाबर ने प्रथम बार युद्ध में तुलुगमा युद्ध नीति एवं तोपखाने का प्रयोग किया था। इब्राहिम लोदी मध्यकाल का प्रथम शासक था जो युद्ध क्षेत्र में मारा गया था।
बाबर द्वारा लड़े गये अन्य युद्ध-

| | | | |
|---|---|---|---|
| खानवा का युद्ध | 1527 ई. | राणासांगा एवं बाबर | बाबर विजयी |
| चन्देरी का युद्ध | 1528 ई. | मेदनीराय एवं बाबर | बाबर विजयी |
| घाघरा का युद्ध | 1529 ई. | अफगान एवं बाबर | बाबर विजयी |

**32. शेर खान ने _______ में चौसा में हुमायूँ को हराया।**

(a) 1545 (b) 1537
(c) 1541 (d) 1539

**SSC GD 16/01/2023 (Shift-IV)**
**SSC GD 28/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** चौसा का युद्ध मुगल सम्राट हुमायूँ और अफगान शासक शेरशाह सूरी के मध्य एक उल्लेखनीय युद्ध था। यह युद्ध 26 जून, 1539 को चौसा में, बिहार के बक्सर से 10 मील दक्षिण-पश्चिम में लड़ा गया था। इस युद्ध में शेरशाह विजयी हुआ तथा फरीद अल-दीन-शेरशाह की उपाधि धारण किया। इस युद्ध के पश्चात् शेरशाह ने हुमायूँ को मई 1540 में कन्नौज के युद्ध में भी परास्त किया।

**33. 17वीं शताब्दी में मुगल सम्राट शाहजहाँ द्वारा निर्मित .......... लगभग 200 वर्षों तक मुगल सम्राटों का मुख्य निवास स्थान था।**

(a) लाल किला, दिल्ली
(b) सिरी फोर्ट, दिल्ली
(c) सलीमगढ़ किला, दिल्ली
(d) तुगलकाबाद का किला, दिल्ली

**SSC GD 16/12/2021 Shift-II**
**SSC GD 26/11/2021 Shift-III**

**Ans. (a) :** लाल किला दिल्ली का निर्माण 17वीं शताब्दी में (1638-48ई. तक) पाँचवें मुगल सम्राट शाहजहाँ द्वारा करवाया गया था। मुगल वास्तुशैली में लाल बलुआ पत्थर से निर्मित यह किला लगभग 200 वर्षों तक मुगल सम्राटों का मुख्य निवास स्थान था। जिस पर 1857 ई. की स्वतन्त्रता संग्राम के बाद ब्रिटिश सेना ने अधिकार कर लिया। इस ऐतिहासिक किले को वर्ष 2007 में यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किया है।

**34. मुगल सम्राट बाबर के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?**

(a) जब वह सिंहासन पर बैठा तो उसकी उम्र 18 वर्ष थी।
(b) उसने फर्गाना के राज सिंहासन पर विजय प्राप्त की थी।
(c) उसने 1494 में राज सिंहासन प्राप्त किया था।
(d) वह पहला मुगल सम्राट था।

**SSC GD 26/11/2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** बाबर का जन्म फरवरी, 1483 ई. में हुआ था। इसके पिता उमर शेख मिर्जा फरगना नामक छोटे राज्य के शासक थे। मात्र 12 वर्ष के उम्र में बाबर फरगना की गद्दी पर 8 जून, 1494 ई. में बैठा। मुगल वंश का प्रथम शासक तथा संस्थापक बाबर था। बाबर ने मुगल वंश की स्थापना के साथ ही पद-पादशाही की स्थापना की, जिसके तहत शासक को बादशाह कहा जाता था।

**35. फारसी इतिहासकारों ने मुस्लिम सुल्तानों का वर्णन इस रूप में किया है :**

(a) ईश्वर के शागिर्द (b) ईश्वर के अवतार
(c) ईश्वर की छाया (d) ईश्वर के अनुयायी

**SSC GD 30/11/2021 Shift-I**

**Ans. (c) :** फारसी इतिहासकारों ने मुस्लिम सुल्तानों का वर्णन ईश्वर की छाया के रूप में किया है। फारसी इतिहासकार मुस्लिम सुल्तानों को ईश्वर का प्रतिबिम्ब मानते थे तथा इन्हें ईश्वर द्वारा भेजा हुआ देवदूत भी मानते थे।

**36. दिल्ली में लाल किले का निर्माण निम्नलिखित में से किसने कराया था ?**

(a) शाहजहां (b) जहांगीर
(c) औरंगजेब (d) अकबर

**SSC GD 08/12/2021 Shift-III**

**Ans. (a) :** शाहजहां के समय मुगल स्थापत्य कला अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंची। इस दौर में संगमरमर पत्थरों का अत्यधिक इस्तेमाल तथा पित्रादूरा तकनीक का प्रयोग हुआ। शाहजहां ने आगरा के किले का पुनरूद्धार, शाहजहानाबाद शहर की स्थापना, दिल्ली में लाल किला व जामा मस्जिद का निर्माण तथा ताजमहल का निर्माण करवाया। स्थापत्य कला के चरमोत्कर्ष के कारण ही शाहजहां के शासनकाल को मुगल काल का 'स्वर्ण युग' कहा जाता है।

37. **सम्राट _____ ने मुहम्मद हुसैन अल-कातिब कश्मीरी को उनकी सुंदर लिखावट के लिए ज़रीन कलम (Zarin Qalam) या स्वर्ण कलम की उपाधि से सम्मानित किया।**

(a) औरंगज़ेब (b) जहाँगीर
(c) शाहजहाँ (d) अकबर

**SSC GD 30/11/2021 Shift-III**

**Ans. (d) :** मुहम्मद हुसैन कश्मीर से आए थे और अकबर के दरबार में सुलेख के सबसे प्रसिद्ध कलाकारों में से एक थे। 'नस्तलीक' अकबर की पसंदीदा सुलेख शैली थी, जो एक तरल शैली थी जिसमें लम्बे क्षैतिज प्रहार होते थे। मुहम्मद हुसैन को ''जरीन कलम'' या स्वर्ण कलम की उपाधि से सम्मानित किया गया।

38. **औरंगजेब ने _____ में एक लंबी लड़ाई लड़ते हुए अपने साम्राज्य के सैन्य और वित्तीय संसाधनों को अधिकांशतः खर्च कर दिया था।**

(a) दक्कन (b) हैदराबाद
(c) अवध (d) बंगाल

**SSC GD 15/12/2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** औरंगजेब ने दक्कन में एक लंबी लड़ाई लड़ते हुए अपने साम्राज्य के सैन्य और वित्तीय संसाधनों को अधिकांशतः खर्च कर दिया था। औरंगजेब साम्राज्यवादी नीति का महत्वाकांक्षी था। औरंगजेब ने दक्षिण भारत में स्थित बीजापुर से 1665-66 में युद्ध करने के लिए राजा जयसिंह को भेजा लेकिन असफल रहा। औरंगजेब ने 1685 में गोलकुण्डा के शासक अबुल हसन के विरुद्ध युद्ध करने के लिए शहजादा शाहआलम को भेजा तथा इसने गोलकुण्डा पर अधिकार कर लिया। 1666ई. में औरंगजेब ने शिवाजी को बंदी बना लिया, लेकिन शिवाजी आगरा किले से भाग निकले तथा पुनः विद्रोह करना शुरू कर दिए थे।

39. **हैदराबाद राज्य के संस्थापक, निज़ाम-उल-मुल्क आसफ जाह, ______ फ़र्रुख़सियर के दरबार के सबसे शक्तिशाली सदस्य थे।**

(a) मुगल सम्राट (b) खिलजी सम्राट
(c) राजपूत सम्राट (d) गुप्त सम्राट

**SSC GD 30/11/2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** हैदराबाद राज्य के संस्थापक निजाम-उल-मुल्क आसफ जाह मुगल सम्राट फार्रुख़सियार के दरबार के सबसे शक्तिशाली सदस्यों में से एक थे। वह मुहम्मद शाह (जो उस समय शासक थे) की नीतियों से निराश होकर 1722 में दिल्ली से वापस आया था। दक्कन प्रान्तों के गवर्नर के रूप में, आसफ जाह का पहले से ही इसके राजनीतिक और वित्तीय प्रशासन पर पूर्ण नियंत्रण था। दक्कन में उथल-पुथल और दरबारी कुलीनों के बीच प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाकर, उसने अपने हाथों में सत्ता इकट्ठी की और उस क्षेत्र का वास्तविक शासक बन गया।

40. **मुगल साम्राजय ने 17 वीं शताब्दी के अंत तक संकट का सामना करना शुरू कर दिया था। निम्नलिखित में से कौन सा इसका एक कारक नहीं था?**

(a) औरंगजेब के उत्तराधिकारियों के अधीन, शाही प्रशासन की दक्षता जाती रही।
(b) औरंग़ज़ेब ने दक्कन में एक लंबा युद्ध लड़कर अपने साम्राज्य के सैन्य और वित्तीय संसाधनों को खर्च कर दिया था।
(c) बाद के मुगलों ने अपनी शक्तिशाली 'मनसबदारों' पर कड़ी नजर रखी।
(d) उत्तर और पश्चिम भारत के कई हिस्सों में किसान और जमींदारों के विद्रोह से समस्याएं बढ़ गईं।

**SSC GD 30/11/2021 Shift-I**

**Ans. (c) :** मुगल साम्राज्य ने 17वीं शताब्दी के अंत में संकट का समाना करना शुरू कर दिया था, जिसके निम्न कारण थे -
(i) मनसबदारों पर कड़ी निगरानी न कर उन्हे खुली छूट प्रदान हो गयी।
(ii) औरंगजेब के अयोग्य उत्तराधिकारियों के कारण प्रशासन की दक्षता का ह्रास होता रहा।
(iii) औरंगजेब द्वारा अपने शासन के अंतिम समय में दक्कन में अधिक समय बिताने के कारण तथा इसी समय सैन्य एवं वित्तीय संसाधनों का अधिक खर्च होना।
(iv) औरंगजेब की असहिष्णु नीति के कारण उत्तर और पश्चिमी भारत में कई हिस्सों में किसान और जमीदारों ने विद्रोह कर दिया था।

41. **मुगलों को अपने तैमूर (तिमुरीद) राजवंश पर गर्व था। वे इसे किस प्रकार मनाया करते थे ?**

(a) सैनिकों को दिन समर्पित करके
(b) देश में छुट्टी के रूप में एक विशेष दिन घोषित करके
(c) प्रत्येक शासक को तैमूर और स्वयं का एक चित्र प्रदान करके
(d) घुड़दौड़ और निशानेबाजी जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके

**SSC GD 30/11/2021 Shift-I**

**Ans. (c) :** मुगल दो महान शासक वंशों के वंशज थे। माता की ओर से वे मंगोल शासक चंगेजखान के उत्तराधिकारी थे तथा पिता की ओर से तैमूर के वंशज थें। वे अपनी वंशावली का प्रदर्शन प्रत्येक शासक को तैमूर और स्वयं का चित्र प्रदान करके किया करते थे।

42. **बेगम नूरजहाँ का विवाह-पूर्व नाम क्या था?**

(a) पद्मावती (b) मेहर-उन-निसा
(c) हरखा बाई (d) इंदिरा कंवर

**SSC GD 25/11/2021 Shift-II**

**Ans. (b) :** जहाँगीर से विवाह के पश्चात मेहर-उन-निसा को 'नूरमहल' एवं 'नूरजहाँ' की उपाधि प्रदान की गयी थी। 1613 ई. में नूरजहाँ को पट्टमहिषी या 'बादशाह बेगम' बनाया गया।

43. **निम्नलिखित में से अंतिम मुगल सम्राट कौन था?**

(a) शाहजहाँ (b) औरंगजेब
(c) अकबर (d) बहादुर शाह द्वितीय

**SSC GD 25/11/2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** मुगल शासन की स्थापना बाबर ने की थी जिसमें हुमायूँ, अकबर, जहाँगीर, शाहजहाँ, औरंगजेब जैसे शक्तिशाली शासक हुए, औरंगजेब के बाद मुगलों की स्थिति अस्थिर हो गयी और ब्रिटिश आगमन के साथ ही मुगलों का विघटन प्रारंभ हुआ। मुगल शासन का अंतिम सम्राट बहादुर शाह द्वितीय था। जिसका शासन काल 1837-57 तक था।

44. **राज्याधिकार के लिए मुगलों ने किस विरासत का अनुसरण किया ?**

(a) स्व-अर्जित निर्वसीयत (b) सहदायिक विरासत
(c) पैतृक संपत्ति (d) ज्येष्ठाधिकार नियम

**SSC GD 02/12/2021 Shift-III**

**Ans. (b) :** मुगल साम्राज्य मध्यकालीन भारतीय इतिहास का सबसे महत्त्वपूर्ण राजवंश है। मुगल साम्राज्य की स्थापना वर्ष 1526 में बाबर ने इब्राहिम लोदी को पानीपत के प्रथम युद्ध में परास्त करके दिल्ली सल्तनत के खण्डहरों पर की। राज्याधिकार के लिए मुगलों में सहदायिक विरासत को अपनाया था। बहादुर शाह जफर मुगल वंश का अंतिम शासक था।

**45. मुगल बादशाह शाह आलम द्वितीय ने किस वर्ष में बंगाल, बिहार और ओडिशा की दीवानी ईस्ट इंडिया कंपनी को अनुदान स्वरूप देने का फरमान जारी किया था?**

(a) 1740 (b) 1765
(c) 1732 (d) 1756

**SSC GD 02/12/2021 Shift-II**

**Ans. (b) :** वर्ष 1764 के बक्सर युद्ध में अंग्रेजों को मिली निर्णायक जीत के पश्चात् 12 अगस्त 1765 तथा 16 अगस्त, 1765 को इलाहाबाद की सन्धि हुई। 12 अगस्त 1765 को हुई सन्धि के तहत मुगल सम्राट शाहआलम द्वितीय ने बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा की दीवानी कम्पनी को अनुदान स्वरूप देने का फरमान जारी किया।

**46. अकबर के दरबार के नव-रत्नों में शामिल महेश दास निम्न में से किस नाम से लोकप्रिय थे ?**

(a) बीरबल (b) राजा टोडरमल
(c) राजा मान सिंह (d) तानसेन

**SSC GD 02/12/2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** महेश दास बीरबल का नाम था। बीरबल अकबर के दरबार के ९ रत्नों में से एक थे। अकबर के दरबार के ९ रत्न थे– बीरबल, तानसेन, अबुल फजल, फैजी, राजा मानसिंह, राजा टोडरमल, मुल्ला दो पियजा, फकीर अजिओं-दिन, अब्दुल रहीम खान-ए-खाना।

**47. बाबर ने '———' नामक युद्ध पद्धति की शुरुआत की, जिसमें सेना को विभिन्न डिवीजनों में विभाजित कर दिया जाता था, ताकि दुश्मन को हर तरफ से घेरा जा सके।**

(a) चारा (b) खुम्स
(c) अरब (d) तुलुगमा

**SSC GD 02/12/2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** पानीपत के प्रथम युद्ध में विजय के पश्चात् बाबर ने मुगल वंश की नींव रखी। 1526 में लड़े गये इस युद्ध में लोदी से कम सेना होने के बावजूद बाबर अपनी युद्ध रणनीति के कारण उसको पराजित करने में सफल रहा। इसी युद्ध में उसने 'तुलुगमा' एवं 'अरबा' नामक युद्ध रणनीति अपनाई थी। तुलुगमा युद्ध नीति में पूरी सेना को विभिन्न इकाइयों में - बाएँ, दाहिने और मध्य में विभाजित कर दिया जाता था ताकि दुश्मन को हर तरफ से घेरा जा सके।

**48. मुगल सम्राज्ञी नूरजहां द्वारा उनके पिता की याद में बनवाया गया इतिमाद-उद-दौला का मकबरा ——— में स्थित है।**

(a) आगरा (b) दिल्ली
(c) ग्वालियर (d) लखनऊ

**SSC GD 02/12/2021 Shift-I**

**Ans. (a) :** इतिमाद-उद-दौला (मिर्जा गियास बेग) का मकबरा उनकी पुत्री नूरजहाँ के द्वारा आगरा में बनवाया गया था। ताजमहल से इसकी साम्यता के कारण इसको 'ताजमहल की पूर्ववर्ती रचना' या 'बेबी ताज' भी कहा जाता है, क्योंकि यह ताजमहल के एक छोटे संस्करण की तरह दिखता है।

**49. निम्नलिखित में से कौन इब्राहिम लोदी को पराजित करने के बाद पहला मुगल सम्राट बना?**

(a) नादिर शाह (b) शाहजहां
(c) औरंगज़ेब (d) बाबर

**SSC GD 16/12/2021 Shift-III**
**SSC GD 17/11/2021 Shift-III**

**Ans. (d) :** 1526 ई. में 'पानीपत के प्रथम युद्ध' में दिल्ली सल्तनत के अंतिम वंश, लोदी वंश के सुल्तान 'इब्राहिम लोदी' के पराजय के साथ ही भारत में 'मुगल वंश' की स्थापना हुई। इस वंश का संस्थापक और प्रथम शासक 'जहरूद्दीन मुहम्मद बाबर' था।

**50. दारा शिकोह अंततः उत्तराधिकार के युद्ध, सामूगढ़ की लड़ाई में ————— से हार गया।**

(a) औरंगजेब (b) मुहम्मद आजम
(c) शेर शाह (d) बैरम खाँ

**SSC GD 01/12/2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** वर्ष 1658 में सामूगढ़ के युद्ध में औरंगजेब और मुराद की सेनाओं का मुकाबला शाही सेना से हुआ, जिसका नेतृत्व दारा शिकोह कर रहा था। इस युद्ध में दारा शिकोह पराजित हुआ। दारा की पराजय का मुख्य कारण मुसलमान सरदारों का विश्वासघात तथा औरंगजेब का योग्य सेनापतित्व था। इसके बाद मुगल साम्राज्य का नेतृत्व औरंगजेब (1658-1707 ई.) द्वारा किया गया।

**51. राजा टोडर मल, निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट के शासनकाल के दौरान राजस्व मंत्री थे ?**

(a) हुँमायू (b) शाहजहाँ
(c) जहांगीर (d) अकबर

**SSC GD 16/12/2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** टोडर मल अकबर के दरबार में नौ रत्नों में से एक थे। टोडर मल अकबर के शासनकाल में राजस्व मंत्री के पद पर आसीन थे। उन्हें भू-राजस्व प्रशासन में शेरशाह और अकबर के मध्य नैरन्तर्य की कड़ी माना जाता है। अकबर के दरबार में 'भू-राजस्व' की जब्ती प्रणाली को शुरू करने की श्रेय टोडरमल को ही दिया जाता है। यही प्रणाली आगे चलकर दहसाला प्रणाली का आधार बनी।

**52. दाराशिकोह के पिता का नाम क्या था?**

(a) जहांगीर (b) फ़र्रुख़सियर
(c) शाहजहां (d) औरंगज़ेब

**SSC GD 10/12/2021 Shift-III**

**Ans. (c) :** दाराशिकोह शाहजहाँ का सबसे बड़ा पुत्र था, उसे पंजाब की सूबेदारी मिली थी तथा शाहजहाँ ने उसे अपना उत्तराधिकारी घोषित कर 'शाहबुलंद इकबाल' की उपाधि दी थी। दारा शिकोह अपनी सांप्रदायिक उदारता के लिये प्रसिद्ध था तथा लेनपूल द्वारा दाराशिकोह को 'लघु अकबर' कहा जाता है। दारा ने स्वयं अपनी देखरेख में संस्कृत ग्रंथ 'भगवत गीता' तथा 'योग वशिष्ठ' का फारसी अनुवाद कराया और काशी के कुछ संस्कृत पंडितों की सहायता से 52 उपनिषदों का 'सिर्र-ए-अकबर' नाम से फारसी में अनुवाद कराया।

**53. 1591 में, अकबर के प्रसिद्ध सेनाध्यक्ष, राजा मान सिंह ने निम्नलिखित में से किस जनजाति को हराया था?**

(a) लोहरा (b) मुंडी
(c) चेरो (d) संताल

**SSC GD 09/12/2021 Shift-II**

**Ans. (c) :** राजा मान सिंह आमेर के कच्छवाहा के राजपूत थे। ये मुगल बादशाह अकबर के प्रधान सेनापति थे। मान सिंह ने 1591 ई. में चेरो जनजाति को पराजित किया था और पलामू (झारखंड) को मुगल प्रशासन के अधीन कर लिया था।

**54. निम्नलिखित में से कौन मुगल सम्राट अक़बर के शासनकाल के दौरान भारत में रहता था?**

(a) जियाउद्दीन बरनी
(b) गयासुद्दीन बलबन
(c) अमीर खुसरो
(d) अब्दुल रहीम खान-ए-खाना

**SSC GD 09/12/2021 Shift-II**

**Ans. (d) :** अब्दुल रहीम खान-ए-खाना मध्यकालीन कवि, सेनापति, बहुभाषाविद्व एवं विद्वान थे। ये मुगल बादशाह अकबर के संरक्षक बैरम खाँ के पुत्र थे। अब्दुल रहीम -खान-ए-खाना अकबर के दरबार को शुशोभित करने वाले नौ रत्नों में से एक थे। अकबर के नौ रत्न में इनके अलावा अबुल फजल, फैजी, तानसेन, बीरबल, टोडरमल, मानसिंह, हकीम हुमाम और मुल्ला दो प्याज शामिल थे।

**55. निम्नलिखित में से किस शासक ने 'दीन-ए-इलाही' नाम से एक नई जीवन शैली/धर्म की शुरुआत की?**

(a) बहादुर शाह द्वितीय (b) जहांगीर
(c) अकबर (d) शाहजहाँ

**SSC GD 09/12/2021 Shift-I**

**Ans. (c)** 'दीन-ए-इलाही' नामक धर्म की शुरुआत मुगल बादशाह अकबर द्वारा 1582 ई. में की गई थी। इसे तौहीद-ए-इलाही के नाम से भी जाना जाता था। इसके अन्तर्गत अकबर ने सभी धर्मों के मूल सिद्धान्तों को सम्मिलित कर इसे सर्वमान्य बनाने का प्रयास किया। दीन-ए-इलाही वास्तव में सूफी सर्वेश्वर पर आधारित एक विचार पद्धति थी, इस नवीन संप्रदाय का प्रधान पुरोहित अबुल फजल था। हिन्दुओं में केवल बीरबल ने इसे स्वीकार किया था।

**56. मुगल बादशाह अकबर की मृत्यु निम्नलिखित में से किस वर्ष में हुई थी?**

(a) 1666 (b) 1789
(c) 1605 (d) 1540

**SSC GD 08/12/2021 Shift-II**

**Ans. (c)** अकबर का जन्म 1542 ई. में अमरकोट में हुआ था। अकबर का राज्याभिषेक 1556ई. हुआ। सिंहासन पर बैठते ही अकबर ने बैरम खाँ की सहायता से 1556 ई. में पानीपत के द्वितीय युद्ध में हिंदू राजा हेमू विक्रमादित्य को पराजित किया। अक्टूबर 1605 ई. को अकबर की मृत्यु हो गयी। उसे आगरा के निकट सिकंदरा में दफनाया गया ।

**57. मुगल बादशह अकबर के किस वित्त मंत्री ने 'दहसाला' नामक कराधान की प्रणाली शुरू की थी?**

(a) मिर्ज़ा अज़ीज़ कोका (b) अब्दुर रहीम
(c) बैरम खान (d) राजा टोडरमल

**SSC GD 03/12/2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** मुगल बादशाह अकबर के वित्त मंत्री राजा टोडरमल ने राजस्व एकत्र करने के लिए एक नयी व्यवस्था का शुभारम्भ किया जिसे 'जब्ती व्यवस्था' या 'दहसाला कराधान प्रणाली' के रूप में जाना जाता था। इस प्रणाली में पिछले दस वर्ष में उत्पादित विभिन्न फसलों तथा उनके औसत मूल्य की गणना करके औसत पैदावार का एक-तिहाई भाग राज्य को दे दिया जाता था।

**58. असम के अहोम साम्राज्य और मुगलों के बीच हुई सरायघाट की लड़ाई किस वर्ष हुई थी?**

(a) 1671 (b) 1652
(c) 1635 (d) 1642

**SSC GD 02/03/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** सरायघाट का युद्ध सन् 1671 में मुगल साम्राज्य (कछवाहा राजा, राजा राम सिंह प्रथम के नेतृत्व में) और अहोम साम्राज्य (लचित बोरफुकन के नेतृत्व में) के बीच बह्मपुत्र नदी पर सरायघाट (गुवाहाटी, असम) में लड़ा गया था। हालांकि कमजोर अहोम सेना ने बेहतर रणनीति और मनोवैज्ञानिक युद्ध से मुगल सेना को हराया।

**59. मुगल साम्राज्य के दौरान जजिया कर किस पर लगाया गया था?**

(a) कुलीन नागरिकों पर
(b) गैर-मुस्लिम नागरिकों पर
(c) मुस्लिम नागरिकों पर
(d) सभी नागरिकों पर

**SSC GD 11/03/2019 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** मुगल साम्राज्य के दौरान जजिया कर एक प्रकार का धार्मिक कर माना जाता था जिसे मुगल राज्य में रहने वाले गैर-मुस्लिम नागरिको से वसूला जाता था। भारत में सबसे पहले जजिया कर मुहम्मद बिन कासिम ने लगाया था। इसके बाद फिरोज शाह तुगलक पहला शासक था जो ब्राह्मणों से भी जजिया कर वसूला था। सन् 1564 में जजिया कर को अकबर ने समाप्त किया लेकिन 1679 ई. में पुनः औरंगजेब ने लागू किया। 1720 ई. में मुहम्मद शाह रंगीला ने जयसिंह के अनुरोध पर जजिया कर सदा के लिए समाप्त कर दिया।

**60. 1529 में घाघरा के युद्ध में मुगल बादशाह बाबर ने किसे हराया था?**

(a) कासिम बरीद I (b) दिलावर खान हुसैन
(c) महमूद लोदी (d) यूसुफ आदिल शाह

**SSC GD 03/03/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** घाघरा का युद्ध मुगल वंश के संस्थापक बाबर एवं अफगानों के मध्य 1529 ई. में लड़ा गया था। इस युद्ध में बाबर ने महमूद लोदी के नेतृत्व में लड़ रहे अफगानों को पराजित किया था। यह एकमात्र ऐसा युद्ध था जो जल एवं भूमि दोनों पर लड़ा गया।
बाबर द्वारा लड़े गये प्रमुख युद्ध-
पानीपत का प्रथम युद्ध – 1526 ई.
खानवा का युद्ध – 1527 ई.
चन्देरी का युद्ध – 1528 ई.

**61. मुगल बादशाह अकबर का मकबरा कहाँ स्थित है?**

(a) अजमेर (b) जौनपुर
(c) सिकन्दरा (d) औरंगाबाद

**SSC GD 19/02/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** अकबर का मकबरा, आगरा के सिकन्दरा में स्थित है। इसका निर्माण 17वीं शताब्दी में अकबर ने प्रारम्भ कराया तथा इसके बेटे जहाँगीर ने इसका निर्माण पूर्ण करवाया था। यह मकबरा हिन्दू, ईसाई इस्लामिक, बौद्ध और जैन वास्तु कला का सर्वोत्तम मिश्रण है।

**62. शेरशाह की महानता किसमें निहित है?**

(a) धर्मनिरपेक्ष अभिवृत्ति (b) हुमायूँ पर जीत
(c) श्रेष्ठ जनरल होना (d) प्रशासनिक सुधार

**SSC GD (CRPF) 04/10/2015 (Shift-I)**

**Ans. (d)** शेरशाह को उसके प्रशासनिक सुधार के लिए जाना जाता है। इसने प्रशासनिक सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये। शेरशाह ने बंगाल सूबे की विप्लवकारी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए इस सूबे को 19 सरकारों में बाँटा जिसका प्रशासन शिकदार–ए शिकदारान द्वारा चलाया जाता था। शेरशाह की लगान व्यवस्था मूलतः रैयतवाड़ी थी, जिसमें किसानों से प्रत्यक्ष सम्बन्ध स्थापित किया गया। शेरशाह ने भूमिकर निर्धारण के लिए राई (फसलदारों की सूची) को लागू कराया। उसने उत्पादन का 1/3 भाग कर के रूप में वसूल किया। उसने भूमि की माप के लिए सिकंदारी गज (39 अंगुल या $32\frac{1}{2}$ इंच) और सन की डंडी का प्रयोग किया। लगान के अतिरिक्त जरीबाना (सर्वेक्षण शुल्क) और महासिलाना (कर संग्रह शुल्क) नामक कर भी किसानों से लिया। शेरशाह ने पट्टा तथा काबूलियत प्रथा को जन्म दिया। शेरशाह की मुद्रा व्यवस्था अत्यधिक विकशित थी। उसने 178 ग्रेन का चाँदी का रूपया एवं 380 ग्रेन का तांबे का दाम चलाया। उसने अलाउद्दीन द्वारा शुरू किये गये दाग व हुलिया प्रथा को पुनः चलाया।

**63. आर्किटेक्चर की जड़ने की तकनीक पिएट्रा ड्यूरा निम्नलिखित में से किस स्मारक में पायी जाती है ?**

(a) ताजमहल (b) चार मीनार
(c) गेटवे ऑफ इंडिया (d) इंडिया गेट

**SSC GD 11/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** पिएट्रा-ड्यूरा एक ऐतिहासिक कला है। इसमें उत्कृष्ट पद्धति से कटे व जड़े हुए, तराशे हुए एवं चमकाए हुए रंगीन पत्थरों के टुकड़ों से पत्थर में चित्रकारी की जाती है। यह सजावटी कला है। इस कार्य को बनने के बाद एकत्र किया जाता है एवं अधःस्तर पर चिपकाया जाता है। आगरा के ताजमहल में इस ऐतिहासिक कला का प्रयोग किया गया है।

**64. आगरा का मोती मस्जिद किस मुगल शासक से संबद्ध है?**

(a) शाहजहाँ (b) अकबर
(c) औरंगजेब (d) हुमायूँ

**SSC GD 15/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** आगरा में शाहजहाँ ने मोती मस्जिद का निर्माण करवाया था जबकि दिल्ली के परिसर लाल किला में मोती मस्जिद औरंगजेब ने बनवायी। विदित है कि शाहजहाँ के शासनकाल को स्थापत्य कला का स्वर्ण युग कहा जाता है। शाहजहाँ द्वारा बनवायी गयी इमारते प्रमुख है- दिल्ली में लाल किला, जामा मस्जिद, आगरा में ताजमहल, आगरा का किला, मोती मस्जिद आदि।

**65. बादशाह अकबर ने बुलंद दरवाजा किस वर्ष बनवाया था?**

(a) 1534 (b) 1502
(c) 1526 (d) 1601

**SSC GD 01/03/2019 (Shift-II)**
**SSC GD 08/03/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** बुलन्द दरवाजा उत्तर प्रदेश राज्य में आगरा जिला के फतेहपुर सीकरी में स्थित एक ऐतिहासिक स्मारक है। मुगलबादशाह अकबर ने गुजरात विजय के पश्चात स्मारक स्वरूप बुलन्द दरवाजे का निर्माण 1601 ई. में कराया था। बुलन्द दरवाजा को 'गेट ऑफ मैग्निफिसेन्स' के नाम से जाना जाता है। यह स्मारक विश्व का सबसे बड़ा दरवाजा है जिसने हिंदू और फारसी स्थापत्य कला का अद्भुत मिश्रण देखने को मिलता है। इसके निर्माण में 12 वर्ष समय लगा था।

**66. कौन-सा स्मारक बादशाह औरंगजेब के बेटे आजम शाह द्वारा बनवाया गया था?**

(a) नीला गुंबद (b) बुलंद दरवाजा
(c) बीबी का मकबरा (d) हवा महल

**SSC GD 07/03/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** बीबी का मकबरा औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में स्थित है। सत्रहवीं शताब्दी में इसका निर्माण ताजमहल से प्रभावित होकर औरंगजेब के बेटे, आजमशाह द्वारा अपनी माँ दिलरास बानो (रबिया-उल-दौरानी) की स्मृति में करवाया गया था। इस मकबरे को 'दक्कन के ताज' नाम से भी जाना जाता है।

**67. फ्रांसीसी यात्री फ्रांस्वा बर्नियर किस वर्ष भारत आया?**

(a) 1656 (b) 1678 (c) 1658 (d) 1662

**SSC GD 01/03/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** फ्रांस्वा बर्नियर फ्रांस का निवासी था। वह एक चिकित्सक, राजनीतिक, दार्शनिक तथा एक इतिहासकार था। वह मुगल काल में अवसरों की तलाश में 1656 ई. में भारत आया था। फ्रांस्वा बर्नियर 1656 ई. से 1668 ई. तक भारत में बारह वर्षो तक रहा और मुगल दरबार से घनिष्ठ सम्बन्ध बनाये रखा। प्रारम्भ में उसने मुगल सम्राट शाहजहाँ के ज्येष्ठ पुत्र दाराशिकोह के चिकित्सक के रूप में कार्य किया।

**68. 'मज्म उल बहरैन' पुस्तक लिखने वाला मुगल शासक कौन था?**

(a) हुमायूँ (b) औरंगजेब
(c) बाबर (d) दारा शिकोह

**SSC GD 01/03/2019 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** 'मज्म उल बहरैन' (दो समुद्रों का संगम) मुगल शासक 'दारा शिकोह' द्वारा तुलनात्मक धर्म पर लिखित एक पुस्तक है। यह सूफी और वेदांतिक अटकलों के बीच रहस्यमय और बहुलतावादी समानताओं के रहस्योद्घाटन के लिए समर्पित थी। यह पुस्तक 1654-55 ई. में फारसी में एक संक्षिप्त ग्रंथ के रूप में लिखी गयी थी।

## 5. उत्तरकालीन मुगल शासक (Rulers of Later Mughal Period)

**69. निम्नलिखित में से किसने प्रसिद्ध कोह-ए-नूर हीरा और शाहजहाँ के रत्न जड़ित मयूर सिंहासन को छीन लिया?**

(a) मुहम्मद शाह (b) रंजीत सिंह
(c) शाह आलम द्वितीय (d) नादिर शाह

**SSC GD 25/11/2021 Shift-III**
**SSC GD 28/02/2024 Shift-III**

**Ans. (d) :** नादिर शाह (1736-1747) ईरान (फारस) का सम्राट था इसने 1739 ई. में दिल्ली पर आक्रमण किया। उस समय दिल्ली का शासक मुहम्मद शाह था। नादिरशाह ने सम्पूर्ण नगर को लूटकर लगभग 70 करोड़ रूपये की धनराशि और शाहजहाँ का बनवाया हुआ तख्ते ताऊस (मयूर सिंहासन) तथा कोहिनूर हीरा लेकर फारस लौटा मुहम्मद शाह तख्ते ताऊस पर बैठने वाला अंतिम मुगल शासक था। नादिर शाह को ईरान का नेपोलियन कहा जाता है।

**70. ______ अवध का अंतिम नवाब था।**

(a) मीर जाफर (b) मंसूर अली खान
(c) वाजिद अली शाह (d) अलीवर्दी खान

**SSC GD 18/11/2021 Shift-III**
**SSC GD 24/02/2024 Shift-II**

**Ans. (c) :** अवध उत्तर भारत में स्थित वर्तमान उ.प्र. का पूर्वी भाग था। 1722 ई. में सआदत-खाँ बुरहान-उल मुल्क ने अवध की स्वतत्रं राज्य के रूप में स्थापना की थी। नवाब वाजिद अलीशाह (1847-56 ई.) अवध का अन्तिम नवाब था। इसके शासन काल में 1854 ई. में आउट्रम की रिपोर्ट सौंपी गई जिसे आधार बनाकर 'कुशासन' का आरोप लगाकर लार्ड डलहौजी ने 4 फरवरी 1956 को अवध राज्य को हड़प लिया तथा नावब वाजिद अली शाह को पेंशन पर निर्वासित कर कलकत्ता भेज दिया गया।

**71. निम्नलिखित में से किसने स्वतंत्र अवध वंश की नींव रखी ?**

(a) सआदत खाँ (b) मार्तंड वर्मा
(c) चिंक्रिलिच खाँ (d) हैदर अली

**SSC GD 17/11/2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** अवध राज्य अंग्रेजी और मराठा राज्यों के बीच में स्थित था। यह पश्चिम में कन्नौज से लेकर पूर्व में कर्मनाशा नदी तक फैला था। इस प्रकार यह मराठा एवं अंग्रेजी राज्यों के बीच बफर स्टेट के रूप में अवस्थित था। मुगल बादशाह मुहम्मदशाह 'रंगीला' के शासन काल में अवध तत्र राज्य का निर्माण हुआ। अवध के स्वतंत्र राज्य का संस्थापक सआदत खाँ (बुरहान-उल-मुल्क) था। इसने फैजाबाद को अपनी राजधानी बनाया। सआदत खाँ को 1722 में अवध का सूबेदार नियुक्त किया गया था।

**72. मुगल सम्राट शाह आलम द्वितीय ने ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल प्रांत का दीवान किस वर्ष नियुक्त किया था?**

(a) 1865 (b) 1765
(c) 1735 (d) 1665

**SSC GD 06/12/2021 (Shift-I)**
**SSC GD 13/12/2021 Shift-II**

**Ans. (b) :** शाह आलम द्वितीय (1759 ई.- 1806 ई.) इसका नाम अलीगौहर था। इसी के समय में पानीपत का तृतीय युद्ध (1761 ई.) तथा बक्सर का युद्ध (1764 ई.) हुआ। बक्सर युद्ध के पश्चात दोनों पक्षों के मध्य अगस्त 1765 ई. में इलाहाबाद की संधि हुई, जिसमें निम्नलिखित शर्तें थी–

- अवध के नवाब शुजाउदौला ने अग्रेजों को 50 लाख रुपये देना स्वीकार किया।
- कड़ा एवं इलाहाबाद के जिले मुगल बादशाह को दे दिये गये।
- शाह आलम ने अपने फरमान द्वारा ईस्ट इण्डिया कम्पनी को बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा की दिवानी स्थाई रूप से दी तथा बदले में कम्पनी सम्राट को 26 लाख रुपये देगी।

**73. मीर जाफ़र को वर्ष _____ में पुनः बंगाल के नवाब के रूप में प्रतिष्ठित किया गया था ।**

(a) 1746 (b) 1674
(c) 1647 (d) 1764

**SSC GD 16/12/2021 Shift-III**

**Ans. (d) :** नवाब मीर जाफर कंपनी की असीमित मांगो को पूरा करने में असफल रहा, परिणाम स्वरूप अंग्रेजो ने अक्टूबर, 1760 ई. में मीर जाफर को बंगाल के नवाब के पद से हटाकर उसके दामाद मीर कासिम को बंगाल का नया नवाब नियुक्त किया। मीर कासिम, 1760 ई. से लेकर 1763 ई. तक बंगाल का नवाब रहा। अंग्रेजो ने 1764 ई. में मीर कासिम को बंगाल के नवाब के पद से हटाकर पुनः मीर जाफर को बंगाल का नवाब नियुक्त किया। इसके परिणाम स्वरूप मीर कासिम ने अंग्रेजों के खिलाफ एक सैन्य गठबंधन तैयार किया तथा 1764 में बक्सर का युद्ध लड़ा गया।

**74. 1757 में प्लासी का युद्ध किसने जीता था ?**

(a) ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी (b) बंगाल के नवाब
(c) मराठा (d) अवध के नवाब

**SSC GD 12/02/2019 Shift-II**
**SSC GD 08/12/2021 Shift-III**

**Ans. (a) :** प्लासी का युद्ध 23 जून, 1757 को प्लासी के मैदान में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी तथा बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला के मध्य हुआ था। इसमें अंग्रेजी सेना का नेतृत्व रॉबर्ट क्लाइव कर रहा था। इस युद्ध में मीरजाफर के विश्वासघात के कारण सिराजुदौला की हार हुई। यह युद्ध भारत में अंग्रेजों के लिए एक ऐतिहासिक साबित हुआ, क्योंकि बंगाल में अंग्रेजों की राजनीतिक और सैन्य सर्वोच्चता स्थापित हो गयी।

**75. बंगाल किसके नेतृत्व में धीरे-धीरे मुगल नियंत्रण से अलग हो गया ?**

(a) मुकर्रम खान (b) अली कादिर
(c) मुर्शिद कुली खान (d) अलीवर्दी खान

**SSC GD 06/12/2021 Shift-III**

**Ans. (c) :** 18 वीं शताब्दी में बंगाल धीरे-धीरे मुर्शिद कुली खान के अधीन मुगल नियंत्रण से अलग हो गया। उन्हें बंगाल के दीवान के रूप में नियुक्त किया गया था दीवान बनने के बाद ही उसने खुद को केंद्रीय नियंत्रण से पूरी तरह मुक्त कर लिया।

**76. 1756 में सिराज उद-दौला,_____के बाद बंगाल के नवाब बने।**

(a) मीर जाफर (b) मीर कासिम
(c) मुर्शिद कुली खान (d) अलीवर्दी खान

**SSC GD 03/12/2021 Shift-II**

**Ans. (d) :** अलवर्दी खाँ 1740 ई. में बंगाल का नवाब बना। इसकी तीन पुत्रियाँ थी जिसमें सबसे छोटी पुत्री के पुत्र सिराजुद्दौला को 1756 ई. इसने अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। सिराजुदौला के शासन काल में ही प्लासी का युद्ध तथा कालकोठरी की त्रासदी (Black Hole Tragedy) का उल्लेख मिलता है।

**77. करनाल का युद्ध (1739) फारसी बादशाह नादिरशाह ने किसे हराकर जीता?**

(a) गियासुद्दीन बलबन
(b) शुजाउद्दौला, अवध का नवाब
(c) मुगल शासक, मुहम्मद शाह
(d) गुलाम मुहम्मद गौस खान

**SSC GD 03/03/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** करनाल का युद्ध 24 फरवरी, 1739 को फारस (वर्तमान इरान) के अफसरिद वंश के शासक नादिर शाह एवं तत्कालीन मुगल शासक 'मुहम्मद शाह' के मध्य हुआ था। भारत पर अपने आक्रमण के दौरान नादिरशाह की मजबूत सेना ने मुहम्मद शाह की सेना को हरा दिया था। विजय के पश्चात नादिर शाह ने दिल्ली में भयानक नरसंहार करवाया एवं बड़ी मात्रा में लूट-पाट की। वह अपने साथ शाहजहाँ द्वारा बनवाये गये मयूर सिंहासन (तख्त-ए-ताउस) एवं विश्व प्रसिद्ध कोहिनूर हीरा लूट कर ले गया।

## 6. विविध (Miscellaneous)

**78. निम्नलिखित में से किसने मांडू को अपनी राजधानी बनाया ?**

(a) होशंग शाह (b) दिलावर खान
(c) बहमन शाह (d) मीर जाफर

**SSC GD 06/12/2021 Shift-III**
**SSC GD 22/02/2024 Shift-I**

**Ans. (a) :** माण्डू या माण्डवगढ़, धार जिले के माण्डव क्षेत्र में स्थित एक प्राचीन शहर है। यह भारत के पश्चिमी मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र में स्थित है। दिलावर खान घुरी मालवा का सूबेदार था। 1401 ई. में उसने शासन की बागडोर संभाली तथा स्वतंत्र मालवा राज्य की स्थापना की तथा उसने धार को अपनी राजधानी बनाया। उसके पुत्र तथा उत्तराधिकारी होशंग शाह ने धार को हटाकर माण्डू को अपनी राजधानी बनाया।

**79. अठारहवीं शताब्दी के भारतीय युद्धों के संदर्भ में, 'पैदल सेना के सैनिकों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भारी बंदूक' को निम्न में से क्या कहा जाता था?**

(a) मैचलॉक (b) सवार
(c) पैदल (d) मस्कट

**SSC GD 07/12/2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** 18वीं और 19वीं शताब्दी में भारतीय युद्धों में पैदल सेना के सैनिकों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भारी बन्दूक को 'मस्कट' कहा जाता था। मस्कट एक आग्नेयास्त्र था।

**80. अपने पांच वर्षीय बीर नरायण की ओर से शासन करने वाली रानी दुर्गावती किस जनजाति से संबंधित थी?**

(a) कोरकू (b) माड़िया
(c) बैगा (d) गोंड

**SSC GD 13/12/2021 Shift-II**

**Ans. (d) :** रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर, 1524 ई. को उत्तर प्रदेश के बादाँ जिले मे कालिजंर के किले मे राजा कीर्ति सिंह चंदेल के यहाँ हुआ था। 1542 ई. मे दुर्गावती का विवाह गोंड राजवंश के राजा संग्राम शाह के बेटे दलपत शाह के साथ हुआ। 1550 ई. में दलपत शाह की मृत्यु के बाद अपने पाँच वर्षीय पुत्र बीर नारायण की ओर से गोंड राजवंश का शासन किया।

**81. ओडिशा में गजपति साम्राज्य की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष हुई थी?**

(a) 1435 (b) 1336
(c) 1567 (d) 1467

**SSC GD 22/11/2021 Shift-I**

**Ans. (a) :** सूर्यवंशी गजपति वंश की स्थापना उड़ीसा में पूर्वी गंगवंश के बाद, कपिलेन्द्र (1435-1467) ने की थी। कपिलेन्द्र ने अपने शासन काल में उड़ीसा की खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनः स्थापित किया। गणपति वंश का सबसे शक्तिशाली शासक प्रतापरुद्र हुआ था।

**82. 712 ई. में भारत पर हुए अरब आक्रमण का नेतृत्व —— ने किया था।**

(a) मुहम्मद बख्तियार खिलजी
(b) मुहम्मद बिन कासिम
(c) मुहम्मद शायबानी खान
(d) नसीर-उद-दीन मुहम्मद शाह

**SSC GD 06/12/2021 Shift-II**

**Ans. (b) :** 712 ई. में सिंधु नदी सहित भारत के क्षेत्रों पर आक्रमण करने वाला पहला मुस्लिम शासक मोहम्मद-बिन-कासिम था। जब मोहम्मद-बिन-कासिम ने सिंध पर आक्रमण किया था, तब वह भारत का एक क्षेत्र था, जो अब पाकिस्तान में है। मोहम्मद-बिन-कासिम उमय्यद का एक सेनापति था, अरब राजवंश ने सिंध और पंजाब क्षेत्रों पर विजय प्राप्त की थी।

**83. तराइन के युद्ध 1192 में, पृथ्वीराज चौहान को —— के हाथों हार मिली/से पराजित हुए :**

(a) मुहम्मद गोरी
(b) हरून अल रशीद
(c) अबु बकर
(d) उमर द्वितीय

**SSC GD 11/02/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** गौर महमूद गजनी के अधीन एक छोटा सा राज्य था। 1173 ई. में शहाबुद्दीन मुहम्मद गोरी, गौर का शासक बना। इसने भारत पर पहला आक्रमण 1175 ई. में मुल्तान के विरूद्ध किया था। तराइन का प्रथम युद्ध मुहम्मद गोरी और पृथ्वीराज तृतीय के बीच 1191 ई. में हुआ इस युद्ध में पृथ्वीराज चौहान विजयी हुआ। तराइन के द्वितीय युद्ध 1192 ई. में मुहम्मद गोरी और पृथ्वी राज चौहान के मध्य हुआ, जिसमें पृथ्वीराज चौहान की हार हुयी और मुहम्मद गोरी ने दिल्ली, कन्नौज, अजमेर और पंजाब पर अधिकार कर लिया।

**84. चंदावर की लड़ाई मोहम्मद गोरी और —— वंश के कन्नौज के जयचंद के बीच हुई थी।**

(a) चौहान (b) गुप्त
(c) बैक्ट्रियन (d) गहड़वाल

**SSC GD 06/12/2021 Shift-II**

**Ans. (d) :** चंदावर का युद्ध मुहम्मद गौरी और गहड़वाल वंश के कन्नौज के राजा जयचन्द के बीच हुआ था। 1194 ई में मुहम्मद गोरी कन्नौज के शासक जयचंद पर आक्रमण करने के लिए भारत आया, उत्तर-भारत में कन्नौज का राज्य बहुत शक्तिशाली माना जाता था। राजा जयचन्द की पृथ्वीराज से शत्रुता थी। इस कारण उसने गोरी के विरुद्ध पृथ्वीराज को सहायता नहीं दी थी। इस अवसर पर उसे भी गोरी से अकेले युद्ध करना पड़ा। अतः इस युद्ध में जयचंद की पराजय हुई।

**85. कालानुक्रम के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सी घटना सबसे पहले आएगी ?**

(a) सिकंदर की मौत (b) शक युग का आरंभ
(c) हर्षवर्धन का राज्यारोहण (d) गुप्त युग का आरंभ

**SSC GD 06/12/2021 Shift-I**

**Ans. (a) :** सिकंदर की मौत – 323 ईसा पूर्व
शक युग का आरंभ – 20 ई. पू.
हर्षवर्धन का राज्यारोहण – 606 ई.
गुप्त युग का आरंभ – 240 ई.

**86. मध्यकालीन भारतीय साहित्य के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही है?**

(a) विक्रमांकदेवचरित - कल्हण
(b) गीतगोविंद - जयदेव
(c) रजतरागिनी - बिल्हण
(d) पृथ्वीराजरासो - नृपतुंग

**SSC GD 26/11/2021 Shift-II**

**Ans. (b) :**

| रचनाएँ | रचनाकार |
|---|---|
| विक्रमांकदेव चरित | बिल्हण |
| गीतगोविन्द | जयदेव |
| राजतरागिनी | कल्हण |
| पृथ्वीराजरासो | चन्दबरदाई |

**87. चौदहवीं शताब्दी का ग्रंथ 'लीला तिलकम' किस शैली (Macaronic Language) में लिखा गया है?**

(a) मणिप्रवालम (b) रेख्ता
(c) मोजाखराफ (d) ब्राह्मी

**SSC GD 25/11/2021 Shift-I**

**Ans. (a) :** लीला तिलकम – मणिप्रवालम भाषा रूप के व्याकरण और कविताओं पर 14वीं शताब्दी का संस्कृत भाषा का ग्रंथ है, जो भारत के केरल राज्य में बोली जाने वाली आधुनिक मलयालम भाषा का अग्रदूत है।

**88. चारमीनार कहाँ स्थित है?**

(a) सिकंदराबाद (b) मुंबई
(c) पणजी (d) हैदराबाद

**SSC GD 11/02/2019 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** चारमीनार भारत के हैदराबाद (तेलंगाना) में स्थित एक स्मारक और मस्जिद है। यह मूसी नदी के तट पर स्थित है। इसका निर्माण सुल्तान मुहम्मद कुली कुतुबशाह ने 1591 ई. में अपनी राजधानी हैदराबाद में करवाया था।

**89. 'गोल गुम्बज' कहाँ पर स्थित है ?**

(a) बीजापुर (b) बीदर
(c) दौलताबाद (d) हैदराबाद

**SSC GD 14/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** गोल गुम्बज कर्नाटक राज्य के बीजापुर शहर में स्थित है। यह गुम्बज आदिलशाह वंश के सातवें शासक मुहम्मद आदिल शाह का मकबरा है। इसका निर्माण 1626-1656 ई. के मध्य फारसी वास्तुकार दाबुल के याकूत ने करवाया था।

**90. 'बाराबती किला' भारत के किस राज्य में स्थित है?**

(a) मध्य प्रदेश (b) ओडिशा
(c) पश्चिम बंगाल (d) महाराष्ट्र

**SSC GD 02/03/2019 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** बाराबती किला ओड़िशा राज्य में महानदी के किनारे बना हुआ नौ मंजिला महल है। इस किले का निर्माण गंग वंश ने 14वीं शताब्दी में करवाया था। वर्तमान में इस किले के बगल में एक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम (बाराबती) है।

**91. 1708 में गुरु गोविंद सिंह जी की मृत्यु के बाद, खालसा ने _______ के नेतृत्व में मुगल साम्राज्य के खिलाफ विद्रोह किया ।**

(a) गुरु नानक देव (b) गुरु अमर दास
(c) गुरु अंगद (d) बंदा बहादुर

**SSC GD 16/12/2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** बन्दा बहादुर एक सिख योद्धा थे। उन्हें मुगलों के विरुद्ध संघर्ष के लिए जाना जाता है। उन्होंने गुरू नानक देव और गुरू गोविन्द सिंह के नाम पर सिक्कों की शुरूआत की। फर्रूखशियर के समय में 1716 में बंदा बहादुर को दिल्ली में फांसी दे दी गयी।

**92. राजा मानसिंह तोमर ने _______ पर शासन किया था।**

(a) ग्वालियर (b) बीकानेर
(c) मैसूर (d) जैसलमेर

**SSC GD 14/12/2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** राजा मानसिंह तोमर ग्वालियर के एक राजपूत तोमर शासक थे। इनका जन्म राजपूत तोमर शासक राजा कल्याणमल्ल के यहाँ हुआ था। राजा मानसिंह तोमर के दरबार में शास्त्रीय संगीतकार तानसेन रहते थे। वह हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत से ध्रुपद शैली के संरक्षक थे। राजा मानसिंह ने 15वीं शताब्दी में 'गुजरी महल' का निर्माण करवाया, जो उनकी गुजरी रानी मृगनयनी के लिए प्रेम का एक स्मारक है।

**93. गुरुमुखी लिपि का आविष्कार निम्नलिखित में से किस गुरु द्वारा किया गया था?**

(a) गुरु अर्जुन (b) गुरु तेग बहादुर
(c) गुरु नानक (d) गुरु अंगद

**SSC GD 23/11/2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** गुरु नानक सिख धर्म के संस्थापक थे, उन्होने अपने बाद गुरु अंगद को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया। गुरु अंगद सिख धर्म के दूसरे गुरु थे। गुरु अंगद ने गुरु नानक की रचनाओं संकलन किया, और उन्होंने गुरुमुखी लिपि का विकास भी किया।

# 3. आधुनिक इतिहास (Modern History)

## 1. भारत में यूरोपियों का आगमन (Arrival of the Europeans in India)

**1. भारत के तत्कालीन वायसराय (1876-80 में शासित) लॉर्ड लिटन द्वारा प्रस्तावित इस अधिनियम का उद्देश्य स्थानीय प्रेस को ब्रिटिश नीतियों की आलोचना व्यक्त करने से रोकना था- विशेष रूप से, उस विरोध को जो दूसरे _______ (1878 - 80) की शुरूआत के साथ बढ़ गया था।**

(a) आंग्ल-मैसूर युद्ध (b) आंग्ल-फ्रांसीसी युद्ध
(c) पुर्तगाली-अफगान युद्ध (d) आंग्ल-अफगान युद्ध

**SSC GD 27/02/2024 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** वर्नाकुलर प्रेस एक्ट 1878 का उद्देश्य समाचार पत्रों पर सरकारी नियंत्रण स्थापित करना था। भारत के तत्कालीन वायसराय (1876-80 में शासित) लॉर्ड लिटन द्वारा प्रस्तावित इस अधिनियम का उद्देश्य स्थानीय प्रेस की ब्रिटिश नीतियों की आलोचना व्यक्त करने से रोकना था विशेष रूप से उस विरोध को जो दूसरे आंग्ल-अफगान युद्ध (1878-80) की शुरूआत के साथ बढ़ गया था।

**2. टीपू सुल्तान वर्ष _________ में मैसूर का शासक बना।**

(a) 1786 (b) 1792
(c) 1798 (d) 1782

**SSC GD 22/02/2024 (SHIFT-II)**

**Ans. (d) :** अपने पिता हैदर अली की मृत्यु के बाद टीपू सुल्तान वर्ष 1782 में मैसूर का शासन बना। टीपू सुल्तान एक महान योद्धा था जिसे 'मैसूर के बाघ' के रूप में भी जाना जाता है। 1799 में अपनी राजधानी श्रीरंगपट्टनम की रक्षा करते हुए मारा गया।

**3. अमृतसर की संधि पर किस वर्ष हस्ताक्षर किए गए थे?**

(a) 1809 (b) 1808
(c) 1811 (d) 1810

**SSC GD 20/02/2024 (SHIFT-II)**

**Ans. (a) :** अमृतसर की संधि 25 अप्रैल, 1809 को ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी (चार्ल्स मेटकॉफ) और महाराजा रणजीत सिंह के बीच हुई थी। इस संधि के द्वारा रणजीत सिंह के सतलज नदी के पूर्वी तट पर विस्तार को सीमित कर दिया गया तथा उत्तर में राज्य विस्तार की छूट दी गई।

**4. बक्सर का युद्ध _________ में लड़ा गया था।**

(a) 1757 (b) 1755
(c) 1760 (d) 1764

**SSC GD 07/02/2023 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** बक्सर का युद्ध 22 अक्टूबर, 1764 को अंग्रेज सेनापति हेक्टर मुनरो एवं बंगाल के नवाब मीरकासिम, अवध नवाब शुजाउद्दौला तथा दिल्ली शासक शाह आलम द्वितीय की संयुक्त सेना के मध्य लड़ा गया था। इसमें अंग्रेज सेनापति हेक्टर मुनरो विजयी रहा।

**5. ________मे, ईस्ट इंडिया कंपनी ने इंग्लैंड की महारानी एलिज़ाबेथ प्रथम से एक चार्टर प्राप्त किया, जिसने इसे पूरब के साथ व्यापार करने का एकाधिकार मिल गया।**

(a) 1615 (b) 1610
(c) 1624 (d) 1600

**SSC GD 30/01/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना वर्ष 1599 में हुई थी। 31 दिसम्बर, 1600 को महारानी एलिजाबैथ प्रथम ने एक 'रॉयल चार्टर' जारी कर इस कंपनी को प्रारंभ में 15 वर्षों के लिए पूर्वी देशों से व्यापार करने का एकाधिकार पत्र दे दिया। वर्ष 1609 में ब्रिटिश सम्राट जेम्स प्रथम ने कंपनी को अनिश्चितकालीन व्यापारिक एकाधिकार प्रदान किया ।

**6. 1757 का वर्ष भारत में अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष क्यों था?**

(a) 1757 में प्लासी की लड़ाई में नवाब सिराजुद्दौला को हराकर अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल पर अधिकार कर लिया।
(b) 1757 में प्लासी की लड़ाई में निजाम को हराकर अंग्रेजी ईस्ट कंपनी ने हैदराबाद पर अधिकार कर लिया।
(c) 1757 में बरार की लड़ाई में नवाब सिराजुद्दौला को हराकर अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी ने अवध पर अधिकार कर लिया।
(d) 1757 में प्लासी की लड़ाई में नवाब सिराजुद्दौला को हराकर अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी ने मद्रास पर अधिकार कर लिया।

**SSC GD 30/01/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (a) :** 1757 का वर्ष भारत में अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष इसलिए था क्योंकि 1757 में प्लासी की लड़ाई में नवाब सिराजुद्दौला को हराकर अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल पर अधिकार कर लिया।

**7. निम्नलिखित में से किस वर्ष में पुर्तगालियों ने गोवा पर विजय प्राप्त की थी?**

(a) 1579 (b) 1526
(c) 1510 (d) 1590

**SSC GD 23/11/2021 Shift-I**

**Ans. (c) :** पुर्तगालियों ने गोवा पर वर्ष 1510 ई. में विजय प्राप्त की थी। उन्होंने गोवा, बीजापुर के शासक युसुफ आदिल शाह से जीता। भारत में पुर्तगालियों का प्रथम गवर्नर फ्रांसिस्को द अल्मोड़ा था।

**8. प्लासी नाम का एक छोटा सा गाँव जिसे 'प्लासी के युद्ध' के लिए जाना जाता है, जो ईस्ट इंडिया कंपनी और नवाब सिराज-उद-दौला के बीच लड़ा गया था, किस नदी के किनारे स्थित है ?**

(a) पद्मा (b) हुगली
(c) भागीरथी (d) बराकर

**SSC GD 01/12/2021 Shift-II**